दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 4 | छत्तीसगढ़ 6 | आंचलिक 7 | छत्तीसगढ़

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, मंगलवार 13 दिसंबर 2022, शुक्ल पक्ष चतुर्थी, विक्रम संवत-2078 वर्ष-11 अंक-279 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

नई दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी को बहुमत मिला है। उनका मेयर बनना तय है लेकिन आम आदमी पार्टी के नेताओं को अपने ही पार्षदों पर भरोसा नहीं है। सही वजह है कि वह आरोप लगा रहे है कि भाजपा उनके दस पार्षदों को 10-10 करोड़ में खरीदने की कोशिश कर रही है। जबकि दो कांग्रेसी पार्षदों पर आम आदमी पार्टी ने डोरे डाले थे। जो फिर वापस कांग्रेस में चले गए। एक करोड़ में टिकट खरीदकर और दो तीन करोड़ चुनाव में खर्चकर पार्षद यदि दस करोड़ में बिक रहे है तो सौदा सस्ता ही है।

//-- सुविचार --//

सोच का ही फर्क होता है, वरना समस्याएं आपको कमजोर नही बल्कि मज़बूत बनाने आती हैं।

सूर्योदय

उदय : 7:08 प्रात:

अस्त : 5:21 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 8,004,984,046

भारत: 1,413,882,324

बाजार

सेंसेक्स : 62130.57

निफ्टी: 18497.20

गोल्ड : 54,490 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 69,000 प्रति किग्रा

अण्डा दर: 5.46 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	31.2	19.2
बिलासपुर	32.4	17.4
जगदलपुर	30.1	19.9
अंबिकापुर	25.6	14.4

आज का दिवस

1545 में ट्रेंट की बिशपिक ऑफट्रेंट (अब आधुनिक इटली में) में खोला गया प्रोटेस्टेंटिज्म के विकास के जवाब में पोपपॉल इइइइ द्वारा अभिनीत एक पारिस्थितिक परिषद ट्रेंट की परिषद। 1577 में सर फ्रांसिस ड्रेक ने अपने दौर की विश्व यात्रा पर पांच जहाजों और164 पुरुषों के साथ प्लायमाउथ, इंग्लैंड को छोड़ दिया। 1636 में मैसाचुसेट्स बे कॉलोनी ने तीन मिलिशिया इकाइयों का आयोजन किया, जिसे यूनाइटेड स्टेट्स के नेशनल गार्ड की स्थापना माना जाता है। 1643 में सर विलियम वालर के अधीन काम करने वाले पहले अंग्रेजी नागरिक युद्ध-संसदीय बलों ने रॉयलिस्ट पैदल सेना और घुड़सवार सेना के एक शीतकालीन चौकी पर एक सफल आश्चर्यजनक हमले का नेतृत्व किया। 1734 में ब्रिटेन और रूस ने व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किये।

वायु सेना का बड़ा फैसला, अब महिलाएं भी बन सकेंगी गरुड़ कमांडो

नई दिल्ली। भारतीय वायु सेना ने महिला अधिकारियों को अपनी स्पेशल फोर्स यूनिट गरुड़ कमांडो बल में शामिल होने की अनुमति दे दी है। वायु सेना के इस फैसले के पीछे का मुख्य उद्देश्य एयरफोर्स में लैंगिक समानता को बढ़ावा देना है। बल में शामिल होने के लिए महिलाओं को एयरफोर्स के चयन मानदंडों को पूरा करना होगा। इस मुद्दे से परिचित एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि एलीट विंग में महिलाओं को शामिल करने का फैसला पिछले साल लिया गया था लेकिन जानकारी अब सामने आई है। दूसरी ओर भारतीय नौसेना ने भी महिलाओं के लिए अपने दरवाजे को खोलने का फैसला किया है। नौसेना अपने स्पेशल कमांडो फोर्स (मार्कोस) में सेवा

देने के लिए महिलाओं की भर्ती की अनुमति देगा।

तीनों सेनाओं के जवानों में कुछ का होता है चयन : सेना, नौसेना और वायु सेना के कुछ सबसे मजबूत सैनिकों को शामिल करके उनकी स्पेशल फोर्स बनाई जाती है। इन स्पेशल फोर्स का इस्तेमाल किसी बड़े ऑपरेशन में ही किया जाता है। इनकी ट्रेनिंग काफी कठिन मानी जाती है। ट्रेनिंग के दौरान इनको हर चीज से वाकिफकराया जाता है। दुश्मन को कैसे मात देना है, जिसकी सुरक्षा में लगे हैं उसको कैसे सुरक्षित रखना है आदि के बारे में पूरी ट्रेनिंग दी जाती है। इनको खतरनाक मिशनों को अंजाम देने के लिए ही तैयार किया जाता है।

जरूरी मानदंडों को पूरा करना होगा

जिसके बाद अब यह साफहो गया है कि अगर महिलाएं इसके लिए सभी जरूरी मानदंडों को पूरा करती हैं, तो वे अब समुद्री कमांडो (मार्कोस) बन सकती हैं। दोनों सेवाओं के अधिकारियों ने कहा है कि उन्होंने स्पेशल फोर्स में महिलाओं को शामिल करने की अनुमति दे दी है। यह बात भी है कि इसके लिए चयन या प्रशिक्षण मानकों में कोई कमी नहीं होगी।

गुजरात में भूपेंद्र का दूसरा काल का आगाज, 16 क्षत्रपों के हाथ सरकार

प्रधानमंत्री मोदी ने मंच पर झुककर जनता को प्रणाम किया

अहमदाबाद। गुजरात में एक बार फिर 'कमल' खिल गया है। बीजेपी के नेता भूपेंद्र पटेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में सोमवार को गांधीनगर में गुजरात के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में पटेल का यह लगातार दूसरा कार्यकाल है। राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने नए सचिवालय के पास हेलीपैड ग्राउंड में आयोजित एक समारोह में पटेल को राज्य के 18वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ दिलाई। भूपेंद्र पटेल के अलावा, राज्यपाल ने 16 नवनिर्वाचित विधायकों को भी मंत्री पद की शपथ दिलाई, जो मुख्यमंत्री की 2.0 कैबिनेट में शामिल होंगे। हाल

में संपन्न हुए गुजरात के विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने 182 में से रिकॉर्ड 156 सीट जीती हैं। यह गुजरात के विधानसभा चुनाव में बीजेपी की लगातार 7वीं जीत है। कांग्रेस को 17 और आम आदमी पार्टी (आप) को 5 सीट पर जीत मिली है। 60 साल के भूपेंद्र पटेल ने अपने पूरे कैबिनेट के साथ शुक्रवार को इस्तीफा दिया था, ताकि राज्य में नई सरकार के गठन का रास्ता साफ हो सके। उन्हें शनिवार को बीजेपी विधायक दल का नेता चुना गया था, जिसके बाद राज्यपाल से मुलाकात करके उन्होंने अगली सरकार बनाने का दावा पेश किया था।

जानिए, किसने-किसने ली मंत्री पद की शपथ

भूपेंद्र पटेल ने घाटलोडिया सीट पर 1.92 लाख मतों के अंतर से अपने प्रतिद्वंद्वी को मात दी। पटेल को पिछले साल सितंबर में विजय रूपाणी के इस्तीफे के बाद राज्य की कमान मिली थी। सीएम भूपेंद्र पटेल के साथ-साथ 16 नवनिर्वाचित विधायकों ने भी शपथ ली है। इनमें कनू भाई देसाई, ऋषिकेश पटेल, राघवजी पटेल, बलवंत सिंह राजपूत, कुंवरजी बावलिया, मुलुभाई बेरा, कुबेर डिंडोर, भानुबेन बावरिया, हर्ष सांघवी, जगदीश विश्वकर्मा, परसोत्तमभाई ओधवजीभाई सोलंकी, बच्चूभाई खाबाद, मुकेश पटेल, प्रफुल्ल पंशेरिया, भीखूसिंह परमार और कुंवरजी हलपति शामिल हैं। कुंवरजी बावलिया, मुलुभाई ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पीएम ने गुजरात की जनता का जताया आभार

शपथ के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने मंच पर झुककर लोगों को प्रणाम किया। इसके बाद भूपेंद्र पटेल के मंत्रिमंडल से मुलाकात कर उनके साथ फोटो खिंचाया। चलते समय उन्होंने पूर्व सीएम विजय रूपाणी से बात की। समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा शासित राज्यों के सीएम भी मौजूद थे। 200 संत भी शपथ ग्रहण कार्यक्रम का हिस्सा बने।

हाईवे से गायब कार कुएं में गिरी मिली कार में सवार चारों की मौत

- घंटो रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद कार को निकालने में मिली सफलता

कांकेर/नवप्रदेश। कोतवाली थाने में एक अजब घटना सामने आई दरअसल कोंडागांव व ओडिसा से बंगाली परिवार कांकेर गोविंदपुर शादी में शामिल होकर वापस अपने घर जाने को निकले इस दौरान बीच सड़क से अचानक गाड़ी गायब होने की सहित परिवार ने लापते लोगो की रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट के बाद थाना कोतवाली प्रभारी अपनी टीम के साथ सघन तलाशी अभियान शुरू किया।इस बीच चोबीस घंटे बीत जाने के बाद पुलिस की सायबर सेल को कामयाबी हासिल हुई।

सोमवार की सुबह कोतवाली प्रभारी की टीम ने राष्ट्रीय राजमार्ग 30 से लापता हुई कार को कुएं में गिरी होने की तस्दीक हुई। बता दे कि 10 दिसंबर को कोंडागांव से सपन कुमार सरकार अपनी पत्नी रीता सरकार, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पहले ही दिन सीएम सुक्खू का बड़ा फैसला विधायकों को मिलने वाली सुविधाएं वापस ली

शिमला। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कार्यभार संभालने के पहले ही दिन एक बड़ा फैसला लिया। इस फैसले के अनुसार विधायकों को मिलने वाली सुविधाओं को तुरंत प्रभाव से वापस लिया गया है। मुख्यमंत्री ने इस फैसले की जानकारी देते हुए कहा कि कांग्रेस विधायकों की बैठक में फैसला लिया गया है कि हिमाचल भवन,

सदन में जो जनता से पैसा लिया जाता है वहीं विधायकों से लिया जाएगा। विधायक आम नागरिक की तरह सभी बकाया भुगतान करेंगे। विधायकों को मिलने वाली सुविधाओं को तुरंत प्रभाव से वापस लिया जा रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा- जैसा की हमने लोगों से वादा किया था, पहली कैबिनेट की पहली बैठक में पुरानी पेंशन स्कीम को लागू किया जाएगा। इस बीच कांग्रेस नेता सुनील शर्मा को मुख्यमंत्री का राजनीतिक सलाहकार नियुक्त किया गया है।

भारत की सेना को मिलेगी भारतीय पहचान

नई दिल्ली। पराधीनता के प्रतीकों, परम्पराओं और प्रक्रियाओं को तीनों सेनाओं से हटाया जाएगा। आजादी के अमृत महोत्सव महोत्सव के तहत यह पहल की जा रही है। इनकी पहचान की कवायद सेना ने शुरू कर दी है, जो अंग्रेजी सेना से विरासत के तौर पर चली आ रही हैं। इन्हें या तो खत्म कर दिया जाएगा या भारतीय स्वरूप में बदला जाएगा।

अमृत महोत्सव के तहत पहल : थल, वायु और नौ सेना से जुड़े सूत्रों ने कहा कि तीनों सेनाओं में जारी कुछ प्रक्रियाएं और परम्पराएं अंग्रेजी सेना से चली आ रही हैं। इन्हें जारी रखने या नहीं हटाने के पीछे कोई कारण नहीं है। जिस प्रकार आजादी के अमृत महोत्सव में गुलामी की मानसिकता और प्रतीकों से मुक्ति के लिए प्रयास किए जा रहे हैं, सेनाओं में भी इस पर कार्य शुरू किया गया है।

मजबूती पर जोर : विशेषज्ञों का कहना है कि सेना के सशक्तीकरण के लिए हरसंभव प्रयास किए जाने चाहिए। लेफ्टिनेंट जनरल (रिटायर्ड) राजेंद्र सिंह कहते हैं कि आजादी के बाद सेनाओं का काफी भारतीयकरण हुआ है। जरूरी हो तो आगे भी बदलाव किए जा सकते हैं, लेकिन मुख्य फोकस सेनाओं को मजबूत बनाने पर होना चाहिए। सेना का कहना है कि यह सही है कि सेना का तंत्र अंग्रेजी सेना से ही बना है लेकिन अतीत में काफी बदलाव हुए हैं।

जॉर्ज क्रॉस हट चुका

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसी साल लालकिले की प्राचीर से पंच प्रणों का उल्लेख किया था, जिसमें गुलामी की मानसिकता से मुक्ति भी शामिल है। इसी कड़ी में पिछले दिनों प्रधानमंत्री ने स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत को लॉन्च किया तो सेंट जॉर्ज क्रॉस को हटा छत्रपति शिवाजी का प्रतीक लगाया। इसके बाद सेना में ऐसे प्रतीकों की पहचान शुरू की गई है।

विपरीत स्थितियों के बावजूद रुपए में है मजबूती : सीतारमण

नई दिल्ली (वार्ता)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि जब पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था डगमगा रही है और स्थिति विपरीत है इसके बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती के साथ खड़ी है और तेज गति से आगे बढ़ रही है। सीतारमण ने लोकसभा में सोमवार को एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि रुपए कहीं भी आईसीयू में नहीं है। उनका कहना था कि जो लोग रुपए कोआईसीयू में बताते हैं उन्हें मालूम होना चाहिए की डॉलर और अन्य मुद्राओं की तुलना में रुपए बेहतर स्थिति में है। जब पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था आईसीयू में थी उस डावांडोल स्थिति में भी रुपए में मजबूती थी। उन्होंने कहा कि रुपए किस स्तर तक मजबूत है इसका अनुमान भारतीय अर्थव्यवस्था से लगाया जा सकता है जो महामारी और रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद भी तेजी से आगे बढ़ रही है।

शारदा मठ की अध्यक्ष प्रव्रजिका का देहावसान

नयी दिल्ली/कोलकाता (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शारदा मठ की अध्यक्षा प्रव्रजिका भक्तिप्राण माताजी के देहावसान पर श्रद्धांजलि अर्पित की है। भक्तिप्राण माताजी का का रविवार रात सिटी अस्पताल में निधन हो गया । वह 102 वर्ष की थी। एक ट्वीट में प्रधानमंत्री ने कहा है, मैं प्रव्रजिका भक्तिप्राण माताजी को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। श्री शारदा मठ और रामकृष्ण शारदा मिशन के माध्यम से समाज सेवा के उनके अथक प्रयासों को सदैव स्मरण किया जाता रहेगा। मैं मठ के सभी सदस्यों और श्रद्धालुओं के प्रति अपनी संवेदनायें प्रकट करता हूं। मठ के अधिकारियों ने कहा कि माताजी के दिल की धड़कन कमजोर होने और रक्तचाप गिरने के बाद उन्हें रामकृष्ण मिशन सेवा प्रतिष्ठान में वेंटिलेटर पर रखा गया था। उन्हें सर्दी और खांसी होने पर पांच दिसंबर को सेवा प्रतिष्ठान में ले जाया गया था। पश्चिम बंगाल की मुख्य ममता बनर्जी ने भी उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कोलकाता में एक बयान में कहा, प्रव्रजिका भक्तिप्राण माताजी के निधन के बारे में सुनकर मुझे बहुत दुख हुआ है।

चाय को राष्ट्रीय पेय घोषित करने की मांग

नयी दिल्ली (वार्ता)। दुनिया भर में लोकप्रिय पेय चाय को और अधिक सम्मान देने के उद्देश्य से सोमवार को राज्यसभा में इस गर्म पेय को राष्ट्रीय पेय घोषित करने मांग की गयी। भारतीय जनता पार्टी की ओर से उच्च सदन में असम का प्रतिनिधित्व करने वाले पवित्र मार्गरीटा ने सदन में शून्यकाल के दौरान कहा कि देश में हर व्यक्ति के दिन की शुरुआत चाय से होती है। उन्होंने चाय को देश की संस्कृति का हिस्सा बताते हुए कहा कि यह कन्याकुमारी से लेकर श्रीनगर और गुजरात से लेकर पूर्वोत्तर तक प्रत्येक मां की रसोई में मौजूद हैं इसलिए चाय को राष्ट्रीय पेय घोषित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश में सैंकडों चाय के बागान है और इनमें 50 लाख से अधिक लोग काम करते हैं। अंग्रेजों के शासन काल में और पिछले 70 साल में चाय बागानों में काम करने वाले मजदूरों का शोषण होता रहा है। सरकार को चाय उद्योग के 200 वर्ष पूरा होने पर एक विशेष आर्थिक पैकेज की घोषणा भी करनी चाहिए।

गरमा-गरम

मची भगदड़... तीर्थयात्री व पुलिसकर्मी भगदड़ से हुए घायल, अब 80 हजार से 1 लाख यात्री ही कर सकेंगे दर्शन

सबरीमाला में भारी भीड़ के बाद एक्शन में हाईकोर्ट, दर्शन का समय बढ़ा

तिरुवनंतपुरम (ए.)। केरल के सबरीमाला में पहाड़ी की चोटी पर स्थित मंदिर में भारी भीड़ देखने को मिल रही है। मंदिर के रास्ते में भीड़ के चलते कुठ तीर्थयात्रियों और पुलिसकर्मियों के घायल होने की खबर है। इसको लेकर उच्च न्यायालय ने रविवार को एक आपातकालीन बैठक की और मंदिर बोर्ड और पथनमथिट्टा जिला कलेक्टर को भीड़ को नियंत्रित करने के उपाय सुझाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने भी स्थिति का जायजा लेने के लिए सोमवार को बैठक बुलाई है। अदालत ने शनिवार को माराकूटम में मामूली भगदड़ के बारे में देवासम

आयुक्त से एक रिपोर्ट भी मांगी, जिसमें कुछ तीर्थयात्री और पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद, मंदिर बोर्ड ने दर्शन के समय को एक घंटे तक और बढ़ा दिया है। इसके अलावा, एक दिन में वर्चुअल बुकिंग को 80,000 से एक लाख तीर्थयात्रियों तक सीमित करने का निर्णय लिया गया है। बता दें कि सबरीमाला के लिए एक अलग खंडपीठ है जो नियमित रूप से मंदिर में हो रहे घटनाक्रमों की निगरानी करती है।

मंदिर के एक अधिकारी ने कहा कि शनिवार को 1.20 लाख तीर्थयात्रियों ने मंदिर की यात्रा की और भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस ने बाद में स्पॉट बुकिंग सस्पेंड कर दी। कुछ तीर्थयात्रियों ने कहा कि वे गर्भगृह की ओर जाने वाली 18 पवित्र सीढ़ियों तक पहुंचने के लिए दस घंटे से अधिक समय तक कतार में खड़े रहे।

तीर्थ यात्रा को एक घंटे के लिए बढ़ाया गया

त्रावणकोर देवासम बोर्ड (टीडीबी) के अध्यक्ष के अनंतगोपन ने कहा, अदालत के निर्देश के बाद हमने तंत्री (प्रधान पुजारी) की सलाह मांगी है और परेशानी मुक्त दर्शन के लिए तीर्थ यात्रा को एक घंटे के लिए बढ़ा दिया है। आगामी छुट्टियों के कारण हम भारी भीड़ की उम्मीद कर रहे हैं और हम इसे देखते हुए सभी सावधानी बरतेंगे। टीडीबी मंदिर के दिन-प्रतिदिन के मामलों का प्रबंधन करता है जबकि तंत्री मंदिर के रीति-रिवाजों को देखते हैं। वर्चुअल कतार रजिस्ट्रेशन सभी तीर्थयात्रियों के लिए अनिवार्य है और इसके बिना आने वालों के लिए स्पॉट बुकिंग भी उपलब्ध है।

मंदिर रेवेन्यू 125 करोड़ के पार

टीडीबी प्रमुख अनंतगोपन ने यह भी कहा कि मंदिर का राजस्व तेजी से बढ़ा है। उन्होंने कहा, मंदिर का सकल राजस्व अब तक 125 करोड़ रुपये को पार कर गया है। हमेशा की तरह, मुख्य राजस्व अरावना पायसम की बिक्री से होता है, जो मंदिर का मुख्य प्रसाद है। अरावना पायसम, चावल, गुड़, घी और इलायची से बनी एक काली खीर है। इससे मंदिर का 60 प्रतिशत राजस्व आता है। आमतौर पर मंदिर एक दिन में 50,000 से 75,000 खीर के डिब्बे का उत्पादन करता है और पर्याप्त बफर स्टॉक रखता है।

संपादकीय

हिमाचल प्रदेश कांग्रेस में कलह

हिमाचल प्रदेश में पांच साल बाद कांग्रेस पार्टी फिर सत्ता में वापस लौट आई है। सुखविंदर सुखू हिमाचल प्रदेश के नए मुख्यमंत्री बन गए है किन्तु मुख्यमंत्री पद की प्रबल दावेदार रही प्रतिभा सिंह अपनी उपेक्षा को लेकर नाराज है। यद्यपि उन्होने कहा है कि पार्टी हाईकमान का फैसला उन्हे मंजूर है लेकिन शपथ ग्रहण समारोह के दौरान वे पूरे समय गुमसुम रही। उनके समर्थक विधायकों और पार्टी कार्यकर्ताओं में हाईकमान के फैसले को लेकिन तीव्र असंतोष व्याप्त है। यद्यपि प्रतिभा सिंह गुट को संतुष्ट रखने के लिए मुकेश अग्नीहोत्री को उपमुख्यमंत्री बनाया गया है लेकिन इसके बावजूद हिमाचल प्रदेश कांग्रेस में कलह की स्थिति बनी हुई है। ऐसे में सुखविंदर सुखू की सरकार कितनी स्थिर रह पाएगी यह कह पाना मुहाल है। दरअसल हिमाचल प्रदेश के पूर्वमुख्यमंत्री वीर बहादुर सिंह और सुखविंदर सुखू के बीच राजनीतिक लड़ाई लगभग एक दशक से चलती आ रही है। 2013 में सुखविंदर सुखू को हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया था तो उन्होने पार्टी संगठन से वीरभद्र सिंह के समर्थकों को एक एक कर के बाहर कर दिया था। इसके बाद जब वीरभद्र सिंह का निधन हो गया तो उनकी धर्मपत्नि प्रतिभा सिंह के साथ भी सुखविंदर सुखू की राजनीतिक अदावत जारी रही। नतीजतन कांग्रेस हाईकमान ने सुखविंदर सुखू को हटाकर प्रतिभा सिंह को हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष बना दिया था। प्रतिभा सिंह के नेतृत्व में ही यह विधानसभा चुनाव लड़ा गया जिसमें कांग्रेस ने 40 सीटें प्राप्त कर भाजपा को सत्ता से बाहर करने में सफलता हासिल की। प्रतिभा सिंह समर्थकों ने कांग्रेसी पर्यवेक्षकों के सामने प्रतिभा सिंह को ही मुख्यमंत्री बनाने की मांग को लेकर प्रदर्शन भी किया। बताया जाता है कि प्रतिभा सिंह के समर्थन में 18 विधायक है। इसके बावजूद पार्टी हाईकमान ने सुखविंदर सुखू के नाम पर ही मुहर लगाई है। जाहिर है इससे प्रतिभा सिंह समर्थकों में गहन निराशा व्याप्त है। आगे चलकर उनकी यह निराशा पार्टी में फूट का कारण भी बन सकती है। ऐसी स्थिति में सुखविंद सुखू की सरकार कागज की उस नांव के समान है जिसका देर तक और दूर तक चल पाना मुश्किल नजर आ रहा है। हालांकि कांग्रेसी नेताओं ने दावा किया है कि हिमाचल प्रदेश में सभी कांग्रेसी विधायक एकजूट है और वहां सुखविंद सुखू की सरकार पूरे पांच साल तक चलेगी लेकिन वहां कांग्रेस में मची कलह को देखकर लगता है कि सुखविंदर सुखू के लिए सरकार चला पाना मुश्किल ही होगा।

भारत और जी20 : कार्रवाई हेतु कार्यसूची

अजय सेठ

वित्तीय क्षेत्र विनियम में, हम प्रौद्योगिकी के विकास से उत्पन्न जोखिमों तथा अवसरों पर ध्यान देंगे। क्रिप्टो बाजारों में बार-बार की उथल-पुथल, कुछ स्थिर सिक्कों की डी-पेगिंग और व्यापक क्रिप्टो बाजारों में गिरावट ने क्रिप्टोकरेंसी से वित्तीय स्थिरता के लिए खतरे के बारे में आशंकाओं को बढ़ा दिया है।अतः, विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संगठनों के काम को संश्लेषित करकेमौद्रिक नीति और समष्टिआर्थिक मुद्दों, डेटा गोपनीयता, बाजार अखंडता, प्रतिस्पर्धा नीति, कराधान जैसे पहलुओं को संबोधित करके जी20 क्रिप्टो-आस्तिसंवाद को व्यापक बनाना आवश्यक है। तेजी से बढ़ती डिजिटल वित्तीय सेवाएं और अन्य पक्षकार की सेवाओं पर बढ़ती निर्भरता से वित्तीय प्रणाली को परिचालनगत, चलनिधि और एकाग्रता जोखिम हो सकता है। हम इन जोखिमों के प्रबंधन के लिए जोखिम प्रबंधन ढांचे में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना चाहते हैं।जैसे-जैसे अर्थव्यवस्था अधिक डिजिटल होती जाती है, साइबर जोखिम वित्तीय प्रणाली के लिए एक खतरा बन जाती है श्रृंखला में कहीं भी एक आउटेज के कारण संपूर्ण वित्तीय प्रणाली पर व्यापक प्रभाव पड़ सकता है।

भारत ने नीतिगत चुनौतियों से भरे कठिन वैश्विक वातावरण में ग्रुप ऑफ20 (जी20) की अध्यक्षता ग्रहण की है।' बहु संकट (पॉलीक्राइसिस)' परिदृश्य के कारणजी20, धीमी वैश्विक संवृद्धि और व्यापार से विपरीत परिस्थितियों, उच्च मुद्रास्फीति, आक्रामक मौद्रिक नीति सख्ती और संबंधित प्रभाव-विस्तार, भू-राजनीतिक तनावों, ऋण संकट, जलवायु परिवर्तन तथा सुस्त महामारी का सामना कर रहा है।

वैश्वीकरण के ताने-बाने को प्रभावित करती केन्द्रापसारक शक्तियों के बीच, वैश्विक नीतिगत सहयोग को बढ़ावा देने में जी20की भूमिका महत्वपूर्ण है। विश्व में क्रय शक्ति समता (पीपीपी) के संदर्भ में तीसरी सबसे बड़ी और बाज़ार विनिमय दरों के संदर्भ में पाँचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में, भारत की हिस्सेदारी, सांकेतिकतौर पर जी20 की जीडीपी में 3.6 प्रतिशत है और पीपीपी के तौर पर 8.2 प्रतिशत है। आईएमएफ का अनुमान है कि 2023 में भारत की जीडीपी 6.1 प्रतिशत तक बढ़ेगी, जोकि जी20 राष्ट्रों में सबसे अधिक होगा। भारत की जी20 अध्यक्षता की प्राथमिकताएं, जिम्मेदारी और महत्वाकांक्षा के बीच संतुलन की कल्पना करती हैं, एकता और परस्पर जुड़ाव की दृष्टि को समाहित करती है।

डिजिटल प्रौद्योगिकियों में हमारी प्रगति तथा एक संपन्न फिनटेक पारिस्थितिकी तंत्र से प्राप्त हमारे अनुभव, हमें वित्तीय समावेशन को बढ़ाने, उत्पादकता और आर्थिक एकीकरण को मजबूत करने के लिए प्रौद्योगिकी प्रयोग करने तथा जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने में विकासशील देशों के सामने आने वाली चुनौतियों से निपटने में विशिष्ट स्थान प्रदान करता है। हमारा विश्वास है कि इन क्षेत्रों में, हमारी अध्यक्षता महत्वपूर्ण योगदान दे सकती है।

भारत की जी20 अध्यक्षता का पहला वित्त ट्रेक (एफटी) कार्यक्रम- वित्त और केंद्रीय बैंक प्रतिनिधियों (एफसीबीडी) की बैठक- 13-15 दिसंबर 2022 के दौरान बेंगलुरु में आयोजित होना निर्धारित है। इस बैठक में, भारत की प्राथमिकताएँ और संबंधित प्रदेय के बारे में बताया जाएगा। एफटी में आठ कार्यधाराएँ (वर्कस्ट्रीम) हैं, जो अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संरचना, वैश्विक अर्थव्यवस्था, अवसंरचना निवेश, धारणीय वित्त, अंतर्राष्ट्रीय कराधान, स्वास्थ्य और वित्त, वित्तीय क्षेत्र के विनियामक संबंधी मामलों और वित्तीय समावेशन पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

जी-20 की अध्यक्षता को स्वीकार करते हुए माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने कहाः 'भारत की जी-20 प्राथमिकताओं को, न केवल हमारे जी-20 सहभागियों बल्कि वैश्विक दक्षिण में हमारे साथी यात्रियों के परामर्श से

भी आकार दिया जाएगा, जिनकी आवाज अक्सर अनसुनी कर दी जाती है'। भारत की प्रमुख एफटी प्राथमिकताएं उनकी प्रतिबद्धता को कार्रवाई में बदल देती हैं। इनमें वैश्विक वित्तीय सुरक्षा जाल को मजबूत करना, वैश्विक ऋण भेद्यताओं का प्रबंधन करना, खाद्य और ऊर्जा असुरक्षा के समष्टि आर्थिक प्रभावों का आकलन करना और भावी धारणीय एवं आघात सहनीय शहरों का वित्तपोषण करना शामिल है। हम जलवायु कार्रवाई के लिए सामयिक और पर्याप्त वित्तीय संसाधन जुटाने का भी काम करेंगे, चूंकि अधिकांश जी20 देशों ने अपनी निवल-शून्य लक्ष्य की तिथियां घोषित की हैं। अंतरराष्ट्रीय कराधान के संबंध में,हम जी-20 द्वारा की गई महत्वपूर्ण प्रगति को आगे बढ़ाएंगे, जिसमें कर चुनौतियों का समाधान, क्षमता संवर्धन और कर संबंधी पारदर्शिता बढ़ाना शामिल है। हम महामारी से संबंधित जोखिमों और भेद्यताओं की पहचान करने और उन्हें संबोधित करने तथा महामारी संबंधीनए खतरों का सामना करने की तैयारियों में सुधार करने के लिए जी20-संचालित वित्त और स्वास्थ्य समन्वय व्यवस्था विकसित करना जारी रखेंगे।

वित्तीय क्षेत्र विनियम में, हम प्रौद्योगिकी के विकास से उत्पन्न जोखिमों तथा अवसरों पर ध्यान देंगे। क्रिप्टो बाजारों में बार-बार की उथल-पुथल, कुछ स्थिर सिक्कों की डी-पेगिंग और व्यापक क्रिप्टो बाजारों में गिरावट ने क्रिप्टोकरेंसी से वित्तीय स्थिरता के लिए खतरे के बारे में आशंकाओं को बढ़ा दिया है। अतः, विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संगठनों के काम को संश्लेषित करकेमौद्रिक नीति और समष्टिआर्थिक मुद्दों, डेटा गोपनीयता, बाजार अखंडता, प्रतिस्पर्धा नीति, कराधान जैसे पहलुओं को संबोधित करके जी20 क्रिप्टो-आस्तिसंवाद को व्यापक बनाना आवश्यक है।

तेजी से बढ़ती डिजिटल वित्तीय सेवाएं और अन्य पक्षकार की सेवाओं पर बढ़ती निर्भरता से वित्तीय प्रणाली को परिचालनगत, चलनिधि और एकाग्रता जोखिम हो सकता है। हम इन जोखिमों के प्रबंधन के लिए जोखिम प्रबंधन ढांचे में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना चाहते हैं।जैसे-जैसे अर्थव्यवस्था अधिक डिजीटल होती जाती है, साइबर जोखिम वित्तीय प्रणाली के लिए एक खतरा बन जाती है श्रृंखला में कहीं भी एक आउटेज के कारण संपूर्ण वित्तीय प्रणाली पर व्यापक प्रभाव पड़ सकता है। एक जंजीर उतनी ही मजबूत होती है जितनी उसकी सबसे कमजोर कड़ी। हमारी अध्यक्षता के दौरान, हम साइबर जोखिम से प्रणाली-स्तरीय कमजोरियों को कम करने के लिए वैश्विक सहयोग में वृद्धि देखना चाहते हैं।

2030 तक प्रवासी विप्रेषण के लेनदेन लागत को 3 प्रतिशत से कम करने के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को पूरक करने के लिए, हमारा उद्देश्य यह होगा कि राष्ट्रीय तेज भुगतान प्रणालियों की पारस्परिकता के माध्यम से उच्च लेनदेन लागत और भुगतान की उत्पत्ति और निपटान के बीच के समय दोनों को कम किया जाए। हमउन्नत वित्तीय समावेशन और उत्पादकता लाभ के लिए डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना का उपयोग करेंगे। एक दृढ़ और जीवंत डिजिटल वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के लिए रचनात्मक और व्यवहार्य नीतिगत सिफारिशें,आर्थिक विकास में योगदान देते हुए इन लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करेंगी। इस परिवेश में, जी20, जो अपनी उत्पत्ति और प्रासंगिकता का श्रेय इस दृढ़ विश्वास को देता है कि वैश्विक समस्याओं को विश्व स्तर पर समन्वित समाधान की आवश्यकता है, विश्व को आशा देता है क्योंकि यह विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं को, मजबूत, धारणीय, संतुलित और समावेशी विकास के अपने अधिदेश को प्राप्त करने के लिए एक नए सिरे से किए जाने वाले प्रयास में एक साथ लाता है। प्रत्येक संकट एक नया अवसर प्रदान करता है।

व्यंग्य कविता

मासिक शासकीय पगार चौदह हज़ार है

किशन भावनानी

भ्रष्टाचार की कृपा से मुझे धन अपार है
इंडिगो कार फ्लैट प्लाट अपरंपार है
घर में हरे गुलाबी के पहाड़ है
मासिक शासकीय पगार सिर्फ़ चौदह हज़ार है
मेरे पास दिमाग नहीं यह सेटिंग का आधार है
काम रेटफिक्सिंग के अनेकों प्रकार है
अंदर खाने प्राइवेट काम भी अपार है
मासिक शासकीय पगार सिर्फ चौदह हजार है
चौदह हजार पंद्रह दिन निजी खर्चे का जुगाड़ है
मदिरा तंबाकू खर्रा के शौक अपार है
ऊपरी कमाई की मलाई जोरदार मजेदार है
मासिक शासकीय पगार सिर्फ चौदह हजार है
गरीब आदमी हूं यह सबसे बड़ा हथियार है
अंदर खाने सेठों को मात देने धन कुबेर तैयार है
शासन को मालूम है कार्यवाही नहीं हमारी पार है
मासिक शासकीय वेतन सिर्फ चौदह हजार है
मौसेरे भाइयों की मालकी में मेरा व्यापार है
भ्रष्टाचार के करोड़ों लगे हैं मलाई अपरंपार है
शासन जनता एजेंसियां चुप हैं हमारी किस्मत है
मासिक शासकीय पगार सिर्फ चौदह हजार है।

शासकीय ठप्पे वाली वस्तुओं की हेराफेरी करता हूं

शासन द्वारा अलॉटमेंट वस्तुओं पर नज़र रखता हूं
योजनाओं से हड़पकर बाजार में भेजता हूं
मिलीभगत से माल बाहर निकलवाता हूं
अनाज सीमेंट सभी पर नज़र रखता हूं
नीचे से ऊपर तक बात कर लेता हूं
चुपके से बाजार में पहुंचा देता हूं
शासकीय ठप्पे वाली वस्तुओं की हेराफेरी करता हूं
निजी कंस्ट्रक्शन में ठप्पे वाला सीमेंट देता हूं
पांच किलो योजना को भी नहीं छोड़ता हूं
घपले को अनदेखा करनें छुट्टी पर चला जाता हूं
शासकीय ठप्पे वाली वस्तुओं की हेराफेरी करता हूं
कंप्लेंट करने वाले को उल्टा फंसता हूं
ऑफिस में गाली गलौज का आरोप लगाता हूं
जांच रिपोर्ट अपने पक्ष में करवाता हूं
शासकीय ठप्पे वाली वस्तुओं की हेराफेरी करता हूं
मिलीभगत चैन को पूरा खुश रखता हूं
हरे गुलाबी की बारिश करता हूं
हर साल फ्लैट प्लॉट की रजिस्ट्री करता हूं
शासकीय ठप्पे वाली वस्तुओं की हेराफेरी करता हूं।

टाइम ने ईरानी स्त्रियों को चुना 'हीरो ऑफ द ईयर'

नीरज मनजीत

पिछले हफ़्ते ईरानी सरकार ने थोड़ा झुकते हुए हुए कुछ नैतिकता पुलिसकर्मियों को गिरफ़्तार किया है और इस सिस्टम की समीक्षा करके सुधार की बात कही है। सरकार के इस कदम को ज़्यादातर लोग एक वक़्ती फैसला मान रहे हैं, ताकि आंदोलनकारी कुछ शांत हो जाएं। इसका सबूत इस बात से भी मिलता है कि सरकार ने एक बंदी प्रदर्शनकारी को फाँसी देकर यह भी ज़ाहिर कर दिया है कि उसकी सख़्ती कम नहीं हुई है। कहा जा रहा है कि ऐसे कुछ और बंदी प्रदर्शकारियों को भी सज़ाए मौत सुनाई जा सकती है, जिन पर मुकदमा चल रहा है। इतिहास पर गौर किया जाए तो ईरान में 1979 से पहले काफ़ी खुलापन था और महिलाओं को काफ़ी आज़ादी थी।

स्त्रियों की आज़ादी के लिए संघर्षरत और हिजाब के खिलाफ आंदोलनकारी ईरान की स्त्रियों को 'टाइम' पत्रिका ने 'हीरोज ऑफद ईयर 2022' चुना है। आंदोलनकारी स्त्रियों को 'पर्सन ऑफ द ईयर 2022 रीडर्स चॉइस' भी चुना गया। इस चुनाव में टाइम के 39 लाख पाठकों ने हिस्सा लिया और इन स्त्रियों को तक़रीबन 28 फीसदी वोट मिले। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेन्स्की को 6 फीसदी वोट मिले और वे तीसरे स्थान पर रहे। इसके बावजूद संपादक मंडल के वोटों से वे पर्सन ऑफ द ईयर चुन लिए गए और टाइम के मुखपृष्ठ पर जेलेन्स्की को जगह दी गई। दरअसल टाइम के संपादकीय टीम को यह अधिकार होता है कि वे पीपुल्स पोल का अतिक्रमण कर किसी दूसरी शख़्सियत को साल की महत्वपूर्ण हस्ती चुन सकते हैं।

अमेरिकी पत्रिका टाइम 1927 से हर साल वर्ष का महत्वपूर्ण व्यक्ति चुनती है। पत्रिका के संपादकों के मुताबिक यह रुतबा उस व्यक्ति या समूह को दिया जाता है, जिसने दुनिया पर उल्लेखनीय प्रभाव डाला हो या वैश्विक स्तर पर मानवता के लिए बड़ा ही महत्वपूर्ण कार्य किया हो। चूंकि यह पत्रिका अमेरिका से छपती है, इसलिए लाजमी है कि 1927 के बाद अमेरिका के हर राष्ट्रपति को कभी न कभी पर्सन ऑफ द ईयर चुना गया और मुखपृष्ठ पर जगह दी गई। राष्ट्रपति फ्रैंकलिन रूजवेल्ट को सर्वाधिक तीन बार साल की शख़्सियत चुने जाने का रूतबा हासिल हुआ है। जोसेफ स्टालिन, हैरी ट्रूमैन, जॉर्ज मार्शल, विंस्टन चर्चिल, ड्वाइट आइजनहॉवर, देंग जियाओपिंग, लिंडन जॉनसन, रिचर्ड निक्सन, रोनाल्ड रीगन, मिखाइल गोर्बाचेव, बिल क्लिंटन और बराक ओबामा को दो बार इस सम्मान के लिए चुना गया। महात्मा गांधी एकमात्र भारतीय हैं, जिन्हें 1930 में साल का महत्वपूर्ण व्यक्ति चुनकर टाइम के मुखपृष्ठ पर जगह दी गई।

2010 से इसकी एक और अलग कैटेगरी बनाई गई, जिसके तहत टाइम के पाठकों के वोट से साल की महत्वपूर्ण शख़्सियत का चुनाव किया जाने लगा, किंतु इन शख़्सियतों को मुखपृष्ठ पर जगह नहीं दी जाती। इस कैटेगरी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दो बार 2014 और 2016 में रीडर्स पोल के तहत साल का महत्वपूर्ण व्यक्ति चुना गया। पर पत्रिका की आंतरिक नीतियों के तहत 2014 में पश्चिमी अफ्रीका में इबोला वायरस पर काबू पाने के लिए भेजी गई अमेरिकी मेडिकल टीम को और 2016 में डोनाल्ड ट्रम्प को मुखपृष्ठ

पर स्थान दिया गया। मुखपृष्ठ पर जगह पाने वाले कुछ और चर्चित लोग हैं एडोल्फ हिटलर, एलिजाबेथ द्वितीय, चार्ल्स दगाल, निकिता ख्रुश्चेव, मार्टिन लूथर किंग, सहोतुल्ला खोमैनी, लेक वालेसा, जॉन पॉल द्वितीय, व्लादिमीर पुतिन, जेफबेजोस, मार्क जुकरबर्ग, एंजेला मर्केल, ग्रेटा थनबर्ग और एलन मस्क। एडोल्फ हिटलर को मुखपृष्ठ पर जगह देते हुए संपादकों की टीम ने लिखा था कि मानवता के गुनाहगार इस खलनायक को हम इसलिए मुखपृष्ठ पर जगह दे रहे हैं, ताकि एक बड़े नरसंहार के दोषी इस क्रूर और वहशी व्यक्ति को इतिहास कभी भुला न सके। हालाँकि ईरान की स्त्रियों को टाइम के मुखपृष्ठ पर जगह नहीं मिली पर टाइम के ज़्यादातर पाठक मानते हैं कि दरअसल ये स्त्रियां ही सही मायने में इस रुतबे की हकदार थीं। इन स्त्रियों ने गजब की हिम्मत दिखाते हुए ईरान की कट्टरपंथी सरकार और उसकी बर्बर 'मॉरल पुलिसिंग' व्यवस्था के खिलाफ बड़ी ही शिद्दत से आवाज़ उठाते हुए पूरी दुनिया का ध्यान खींचा है। सितंबर महीने में कुछ ईरानी लड़कियों ने सड़क पर उतरकर सरकार से अनुरोध किया था कि वह हिजाब की अनिवार्यता को खत्म करे और नैतिक बंदिश में ढील दे। पर ईरानी प्रशासन ने हालात की संजीदगी को न भांपते हुए इन लड़कियों को कुचलकर उन्हें जबरन घर बिठाने की रणनीति अपनाई। इसके तहत मॉरलिटी पुलिस ने इन लड़कियों को मारपीट कर जेल में डाल दिया। इन्हीं लड़कियों में से एक छात्रा महसा अमीनी की पुलिस कस्टडी में मौत के बाद पूरे ईरान में यह आंदोलन ऐसा भड़का कि आज तीन महीने बाद भी इसकी तपिश से ईरानी शासन प्रशासन की नींद उड़ी हुई है। इन प्रदर्शनों के बाद एक अनुमान के मुताबिक चार सौ से ज़्यादा प्रदर्शनकारियों और 70 से ज़्यादा सुरक्षा कर्मियों की मौत हो चुकी है। 18000 से ज़्यादा आंदोलनकारियों को हिरासत में लिया गया है। मृतकों में बहुत से बच्चे भी शामिल हैं।

पिछले हफ्ते ईरानी सरकार ने थोड़ा झुकते हुए हुए कुछ नैतिकता पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार किया है और इस सिस्टम की समीक्षा करके सुधार की बात कही है। सरकार के इस कदम को ज्यादातर लोग एक वक्ती फैसला मान रहे हैं, ताकि आंदोलनकारी कुछ शांत हो जाएं। इसका सबूत इस बात से भी मिलता है कि सरकार ने एक बंदी प्रदर्शनकारी को फाँसी देकर यह भी जाहिर कर दिया है कि उसकी सख्ती कम नहीं हुई है। कहा जा रहा है कि ऐसे कुछ और बंदी प्रदर्शकारियों को भी सजाए मौत सुनाई जा सकती है, जिन पर मुकदमा चल रहा है। इतिहास पर गौर किया जाए तो ईरान में 1979 से पहले काफी खुलापन था और महिलाओं को काफी आज़ादी थी। ईरानी क्रांति और अयातुल्ला खोमैनी के सत्ता संभालने के बाद धीरे धीरे स्त्रियों से खुलापन और आज़ादी छीन ली गई। ईरान के इस आंदोलन के बरअक्स हम अगर भारत के मुस्लिम समुदाय पर नजर डालें तो हमें एक अजीब पैराडॉक्स दिखाई पड़ता है। ईरान जहाँ कट्टरपंथी शासन व्यवस्था है, वहाँ की स्त्रियां हिजाब के खिलाफ अपनी आज़ादी के लिए लड़ रही हैं और भारत जैसे प्रगतिशील उदारवादी देश में मुस्लिम समाज स्त्रियों की आज़ादी के खिलाफ हिजाब के पक्ष में खड़ा नज़र आता है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

कोलेजियम और

कोलेजियम और पेंडेंसी पर जिस तरह से भारत के कानून मंत्री ने आईना दिखाया है वह काबिल ए तारीफ है। पहले कानून मंत्री सुप्रीम कोर्ट के वकील बने लेकिन खुलकर नही बोल पाते थे शायद उनकी मजबूरी होती थी क्योकी उन्हे पुनः प्रैक्टिस मे आना होता था।

– एड. अरूण कुमार गुप्ता

सबके पास आँखें

सबके पास आँखें होती हैं. कुछ के पास दिल तुम मेरा कुछ हो. जो चाहिए ले जाओ मुझसे बस एक रत्ती मुस्कान छोड़े जाना मैं फिर बन जाऊँगी कभी स्याही को पानी में घुलते हुए देखना मैं रोज़ वैसे ही एकसार होती हूँ तुममें धीरे - धीरे धुँध हूँ होकर भी नहीं हूँ तुम्हारे पास।

– कल्पना पाण्डेय

खास पाती | तम लाख घना हो प्रदीप एक



तम लाख घना हो प्रदीप एक जल जाए तो रजनी रास्ता बदल देती है, दुःख लाख वृहत हो संतोष के दो शब्द पीड़ा को काट देता है, अब मैं हार गया हताश - निराश इंसान एक बार फिर ठान ले, तो! श्री कृष्ण ने साफ कहा है कि बस आज तुम्हारा कल होगा इसलिए आज की सोचो कल क्या होगा उसको कल पर छोड़ दो, यदि तुम धर्म के साथ हो तो 'मैं' तुम्हारे साथ हूँ यह मत सोचो कि दुर्योधन के पास असंख्य सेना है, यह मान के चलो कि अंत ऐसा होगा दुर्योधन जैसा होगा।

– मधुबाला मौर्या

दिया जलने लगा जब से उजाले

दिया जलने लगा जब से उजाले थाम लेती हूँ मुसीबत आ घिरे सर पर सभी परिणाम लेती हूँ न पूजा की जरूरत है न अर्चन की कमी कोई, उसी के नाम की सांसे सुबह औ'र शाम लेती हूँ कभी कहना नहीं मुझसे हुए हैं हम पराये से, बसा है जो हृदय में बस उसी का नाम लेती हूँ, के नूर के दर पर पड़ी जब से नजर मेरी, बिना पतवार के कश्ती भँवर में थाम लेती हूँ कहां तुम हो बताओ तो नहीं रहना यहाँ मुझको, कि तापों से तपे जग में सभी अपनाम लेती हूँ।

– मां आनंद प्रदीपा

बसंत ऋतु की बयार बही मैंने भी

बसंत ऋतु की बयार बही मैंने भी श्रृंगार किया मन ने किया श्रृंगार जब तब आत्म तन मन से ओढ़ी रिस्तों की चादर खुशियों के बादल अनेक दुःख के पहाड़ अपार सूखी धरा हुई जब हरित मन मलीन पुलकित हो पुनः जीवन का श्रृंगार लिया बसंत ऋतु की बयार बही मैंने भी श्रृंगार किया।

– ललित उपाध्याय

सुनो इक बात कहनी है नहीं

सुनो इक बात कहनी है नहीं इग्नोर करना तुम कहूँ जो बात तुमसे मैं उसी पर गौर करना तुम करो हो बात बिन मतलब के जिसका सार ना निकले कहीं घर रोज आकर यूँ मुझे मत बोर करना तुम।

– मनीषा सक्सेना

हर जिस्म में मैं ,रूह तलाशता रह

हर जिस्म में मैं ,रूह तलाशता रह गया ,हर आँख में मैं आँखों से जिस्म की ,खाक छानता रह गया ,हर नज़र मेरे तन के लिबाश को ,तार-तार करती गई ,हर नज़र बेवज़ह ही जिस्म के ,हिस्से-हिस्से में उतरती गई ,देखते-देखते दर्द बढने लग गया, समय सरकने लग गया, देखते-देखते रूह मासूमियत खोने लगी, जज्बात भीतर-भीतर सिमटने लगे, रूह जलने लगी, तन सुलगने लगे।

– नमन कुमार मिश्रा

इंसान की फितरत उसकी जरूरतों

इंसान की फितरत उसकी जरूरतों से बदलती है गर्मी की चुभती धूप सर्दियों में अच्छी लगती है जहाँ सुहाती है बारिश की रिमझिम सबको वहीं बेमौसम बरसात बुरी लगती है।

– माया देवांगन

मोती भी चुने वक्त भी चुराया

मोती भी चुने वक्त भी चुराया, हासिल क्या हुआ सब वक्त आने पर बिखर गया। बहते हुए तिनकों का भाग्य बहाव तय करता है बहाव के विपरित कौन तैर पाता है जो तैर जाता है वही विजेता होता है।

– नवीन शंकर शर्मा

QUIZ TIME

1) लेटा हुआ ग्रह किसे कहा जाता है?
2) छोटा नागपुर का पठार किस प्रकार का पठार है?
3) प्रथम पंचवर्षीय योजना की सफलता का मुख्य कारण क्या था?
4) अप्रैल 2021 को जारी किए गए ग्लोबल जेण्डर गैप सूचकांक-2021 में 156 देशों की सूची में भारत को कौन-सा स्थान प्राप्त हुआ?
5) किसे अन्तर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने अक्टूबर 2022 को प्लेयर ऑफद ईयर पुरस्कार की घोषणा की?

उत्तरमाला- 1) अरुण (2) ज्वालामुखीय पठार (3) मानसून की अनुकूलता (4) 140वाँ (5) हरमनप्रीत सिंह

Ramaquiz

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1920-नीदरलैंड के हेग में लीग ऑफ नेशनस का अंतरराष्ट्रीय न्यायालय स्थापित। 1921-बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय का उद्घाटन 'प्रिंस ऑफ वेल्स' ने किया था। 1925-भारत के प्रसिद्ध अर्थशास्त्री लक्ष्मी चंद्र जैन का जन्म। 1937-चीन और जापान के बीच हुए नानजिंग के युद्ध में जापानियों की जीत हुई। इसके बाद लंबे समय तक नरसंहार और अत्याचार का दौर चला। 1955-गोवा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर पर्रीकर का जन्म। 1955-भारत और सोवियत संघ ने पंचशील प्रकाशन को स्वीकार किया। 1961-मंसूर अली ख़ान पटौदी ने अपना टेस्ट मैच करियर दिल्ली में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू किया था। 1974-माल्टा गणतंत्र बना। 1981-पोलैंड में सेना द्वारा सत्ता पर कब्ज़ा। 1986-हिन्दी फिल्मों की प्रसिद्ध भारतीय अभिनेत्री स्मिता पाटिल का निधन। 1989-गृह मंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद की बेटी को आतंकवादियों के चंगुल से छुड़ाने के बदले पांच कश्मीरी आतंकवादियों को जेल से रिहा किया गया। 1996-कोफी अन्नान संयुक्त राष्ट्र के महासचिव चुने गए। 1998-महात्मा रामचन्द्र वीर को कोलकाता के बड़ा बाज़ार लाइब्रेरी की ओर से 'भाई हनुमान प्रसाद पोद्दार राष्ट्र सेवा' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 2001-दिल्ली स्थित भारतीय संसद पर आतंकवादी हमला। 2002-यूरोपीय संघ का विस्तार किया गया। 2004-इस्लामाबाद में भारत और पाकिस्तान के बीच परमाणु और सर क्रीक पर वार्ता प्रारम्भ। 2006-50वें सदस्य के रूप में वियतनाम को शामिल करने हेतु विश्व व्यापार संगठन द्वारा अधिसूचना जारी।

त्रि-स्तरीय पंचायत उप चुनाव का बिगुल बजा, 16 दिसंबर से भरे जाएंगे नामांकन

- 1 जिपं, 10 जपं सदस्य, 127 सरपंच और 597 पंचों समेत 735 रिक्त पदों के लिए डाले जाएंगे वोट

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिलों में त्रि-स्तरीय पंचायतों के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए उप निर्वाचन हेतु कार्यक्रम जारी किया गया है। जिसके अनुसार 16 दिसम्बर से नामांकन भरे जायेंगे। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य में एक जिला पंचायत सदस्य, 10 जनपद पंचायत सदस्य, 127 सरपंच तथा 597 पंच इस तरह कुल 735 रिक्त पदों पर निर्वाचन के लिए निर्वाचक नामावली तैयार-पुनरीक्षण के पश्चात 06 दिसम्बर को अंतिम प्रकाशन कर इन क्षेत्रों में उप निर्वाचन कराये जाने का निर्णय लिया गया है। जिसके लिए कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। त्रि-स्तरीय पंचायतों के निर्वाचन गैर दलीय आधार पर होंगे। मतदान मतपत्र द्वारा राज्य निर्वाचन आयोग की मतपेटी से कराया जायेगा। निर्वाचन की घोषणा के साथ ही परिणाम की घोषणा तक ऐसे निर्वाचन क्षेत्रों में जहां निर्वाचन संपन्न होना है, आदर्श आचरण संहिता लागू रहेगी।

त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन का ऐसा है कार्यक्रम : छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2022 हेतु पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के नियम 28 के अनुसार समयबद्ध कार्यक्रम जारी किया गया। जिसके अनुसार निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन 16 दिसम्बर प्रातः 10:30 बजे होगा एवं इसी समय सें नामनिर्देशन पत्र प्राप्त करने की शुरूआत की जाएगी। स्थानों के आरक्षण के संबंध में सूचना का प्रकाशन एवं मतदान केन्द्रों की सूची का प्रकाशन 16 दिसम्बर प्रातः 10.30 बजे होगा। नामनिर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 23 दिसम्बर दोपहर 03:00 बजे तक निर्धारित की गयी है। नामनिर्देशन पत्रों की संवीक्षा 24 दिसम्बर प्रातः 10:30 बजे से किया जायेगा। अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 26 दिसम्बर दोपहर 3:00 बजे तक है। निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार कर निर्वाचन प्रतीकों का आबंटन 26 दिसम्बर अपरान्ह 03:00 बजे के बाद किया जाएगा। निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन 26 दिसम्बर को प्रतीक आबंटन के तुरंत बाद किया जाएगा। मतदान एवं मतगणना 9 जनवरी को : त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन हेतु मतदान (यदि आवश्यक हो) 09 जनवरी 2023 सोमवार प्रातः 07:00 बजे से अपरान्ह 03:00 बजे तक होगा। मतगणना मतदान केंद्रों पर 09 जनवरी को मतदान समाप्ति के बाद और यदि आवश्यक हो तो तहसील, खण्ड मुख्यालय पर 11 जनवरी 2023 बुधवार को अपरान्ह 03:00 बजे से होगा। सारणीकरण एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा 12 जनवरी 2023 को प्रातः 09:00 बजे से जिला पंचायत सदस्य हेतु जिला मुख्यालय में एवं जनपद सदस्य, सरपंच एवं पंच के लिए खण्ड मुख्यालयों में होगी।

नौ सिंचाई योजनाओं के लिए 24.79 करोड़ स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन ने प्रदेश के नौ विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं के कार्यों को कराने के लिए 24 करोड़ 79 लाख 48 हजार रूपए स्वीकृत किए है। योजना के पूरा होने से 28 हजार 670 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। बलौदाबाजार भाटापारा जिले के विकासखण्ड-बलौदाबाजार की महानदी परियोजना अंतर्गत बलौदा शाखा नहर के छह नग डेऊनेज क्रासिंग कार्य के लिए तीन करोड़ 39 लाख 41 हजार स्वीकृत किए गए है। योजना के पूरा होने से 23288 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी।

23 से 29 दिसंबर तक साइंस कॉलेज मैदान में स्वदेशी मेला का होगा आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। 23 से 29 दिसंबर तक साइंस कॉलेज मैदान में होने वाले स्वदेशी मेला आयोजन के लिए आज विधि विधान से भूमि पूजन किया गया। इस भूमि पूजन कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिक, आयोजनकर्ता समिति के पदाधिकारी एवं भारतीय विपरण विकास केन्द्र से जुड़े सैकड़ों लोग मौजूद थे। मेला संयोजक एवं समाजसेवी अमर बंसल सपत्नीक यजमान के रूप भूमि पूजन में बैठकर हवन-पूजन किया। इस दौरान मेला सह संयोजक कुंवर रजियन्त सिंह ध्रुव, नवीन शर्मा, कार्यक्रम संयोजक अमरजीत सिंह छाबड़ा एवं मेला महिला प्रमुख शताब्दी पाण्डेय आदि ने भी परंपरानुसार श्रीफल

चढ़ाकर, मिट्टी खोदकर पूजन किया। इस अवसर पर मेला संयोजक अमर बंसल ने कहा कि विगत 20 वर्षो से स्वदेशी जागरण हेतु प्रतिबद्ध संस्था स्वदेशी विकास विपणन केंद्र द्वारा स्वदेशी मेला का आयोजन रायपुर शहर में प्रतिवर्ष किया रहा है। वर्ष प्रतिवर्ष मेला सफलता के नए आयाम छूते आया है। उन्होंने कहा कि यह मेला सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं होता यह स्वदेशी और देश प्रेम की भावना को जागृत करने का प्रयास होता है। यहां पर जाति और धर्म से परे सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास तथा लोकल फॉर वोकल पर आधारित मेला होता है जिसका इंतजार रायपुर सहित प्रदेशभर की जनता बेसब्री से करती है। इस संबंध में स्वदेशी विकास विपणन केंद्र के प्रबंधक सुब्रत चाकी ने बताया कि इस बार मेले में गौ आधारित नए उत्पाद देखने को मिलेंगे साथ ही स्टार्टअप करने वाले युवाओं को भी मेला में अवसर प्रदान किया गया हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि मेला आयोजन के पूर्व 20 दिसंबर को मेला स्थल पर हनुमान चालीसा पाठ आयोजित होगा।

देश से रेलवे की यात्रा सुविधा को बंद करने का षडयंत्र कर रही केंद्र सरकार : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। रेल्वे को लेकर मोदी सरकार की कार्य प्रणाली से ऐसा प्रतीत हो रहा मोदी सरकार देश की सबसे विश्वसनीय यात्री सुविधा परिवहन के निजीकरण का षडयंत्र रच रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि मोदी सरकार ने देश की सबसे विश्वसनीय नागरिक परिवहन सुविधा मानी जानी वाली रेल सुविधा को मजाक बनाकर रख दिया है। पहले से आने जाने की तैयारी का ट्रेन की टिकट आरक्षित कराए जनता के साथ धोखा मोदी सरकार कर रही है। बीते 8 माह से अधिक हो चुका है जब ट्रेनों को अचानक स्थगित कर दिया जा रहा है। पूर्ववर्ती सरकारें रेल्वे को नागरिकों की सुविधा के लिये चलाती थी मोदी सरकार कमाने के लिये जनता को लूटने के लिये इस्तेमाल कर रही। रेल्वे जनता को मिलेन वाली सारी सुविधाये बंद कर दिया।

वृद्ध, विकलांग, छात्रों की सुविधाये हटा दिया। रेल्वे स्टेशन पर टिकिट बिक्री बंद कर टिकिटों के दाम बढ़ा दिया गया। मोदी सरकार इतनी क्रूर और अमानवीय और गैर जिम्मेदार हो चुकी है कि अब एक्सप्रेस ट्रेनों को गंतव्य स्थान पहुंचने के पहले बीच रास्ते में रद्द कर घोषणा किया जा रहा है कि ट्रेन आगे नहीं जायेगी। आजादी के पहले से रेल आम आदमी की यात्रा का सबसे महत्वपूर्ण साधन है। मोदी सरकार ने इसको तबाह कर दिया है। राज्य की सारनाथ और नौतनवा जैसी महत्वपूर्ण ट्रेनों को 68 दिनों के लिये बंद कर दिया गया है। मरकाम ने कहा कि मोदी सरकार के मनमानी पर भाजपा के सांसद मौन रहकर आम जनता के पीड़ा को बढ़ाने में लगे हुए है। भाजपा के 9 सांसदों के निष्क्रियता का नुकसान छत्तीसगढ़ की जनता को उठाना पड़ रहा है छत्तीसगढ़ की जनता के परेशानियों में कभी भी भाजपा के सांसद जनता के पक्ष में खड़े नहीं हुए। बीते 11 महीना से 2600 से अधिक जो ट्रेन बंद हुई थी, जिस के चलते प्रदेश के ट्रेन यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

अचानक ट्रेन रद्द कर दी जाती है महीनों पहले यात्रा के लिए आरक्षित टिकटों को रद्द कर दिया जाता है और लगातार मोदी सरकार छत्तीसगढ़ में ट्रेनबंदी कर रही है। 8 माह में प्रदेश से चलने वाली और प्रदेश से गुजरने वाली लगभग 800 ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है ट्रेन यात्री हताश और परेशान है।

प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने रबी फसल और प्रधानमंत्री आवास से वंचित किया : बजाज

भाजपा का मोर आवास मोर अधिकार अभियान

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा के मोर आवास मोर अधिकार अभियान के अंतर्गत जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज ने अभनपुर क्षेत्र के ग्राम जुलुम टिकारी एवं खट्टी में आयोजित हितग्राही सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार की गरीब विरोधी नीति के चलते प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राहियों को पीएम आवास के प्रकरण नहीं हुए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बनने पर ग्रामीण आवास को प्राथमिकता दी जाएगी। श्री बजाज ने कहा कि सरकार ने किसानों की रवि फसल से वंचित कर दिया है तथा बिजली बिल में सुरक्षा निधि बढ़ाकर उपभोक्ताओं से अनाप सनाप पैसा वसूला जा रहा है। उन्होंने कांग्रेस सरकार की अकर्मण्यता के चलते आज हर

वर्ग दुखी है. इस अवसर परपात्र हितग्राहियों ने प्रधानमंत्री आवास के लिए फार्म जमा किया।

कार्यक्रम में भाजपा नेता संतोष शुक्ला, पारसमणि साहू, माधव प्रसाद मिरी, प्रदीप वर्मा, घनश्याम वर्मा, बिहारी साहू, देवकी साहू, अनिल साहू, मानसिंह साहू, हरिश्चंद्र साहू, कृष्णकांत नामदेव, चेलाराम साहू, अनुज साहू, प्रेम नारायण निषाद, बृजलाल साहू, गोविंद साहू, किशलाल साहू, दिनेश साहू, सेवाराम साहू, दुलीचंद साहू, रामकृष्ण साहू, परमेश्वर यादव, ठाकुरराम साहू, रामकृष्ण निषाद, परस साहू, आजूराम टाइगर एवं रूप राम साहू सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित हुए।

ऊंचाई से गिरकर युवक की मौत, ठेकेदार के खिलाफ जुर्म दर्ज

रायपुर। अशोका मिलेनियम कॉम्पलेक्स पचपेड़ी नाका में एसी लगाने के दौरान युवक की गिरकर मौत हो गई। मामले में पुलिस ने आरोपी ठेकेदार के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक लियाकत अली 26 वर्ष आरडीए कालोनी बोरियाखुर्द का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह ठेकेदार अतुल भानसोडे के अंदर में रहकर एसी लगाने का काम करता था। बताया जाता है मृतक अशोका मिलेनियम कॉम्पलेक्स पचपेड़ीनाका में वह एसी लगाने का काम कर रहा था, तभी अचानक अनियंत्रित होकर ऊंचाई से नीचे गिर गया। जिससे उसकी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी ठेकेदार के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

शहर को मिली त्रिवेणी डायग्नोस्टिक सेंटर वमेड लाइफ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल की सौगात

रायपुर/नवप्रदेश। शहर में रविवार को तेलीबांधा जीईरोड पर निजी क्षेत्र के त्रिवेणी डायग्नोस्टिक सेंटर और विश्व स्तरीय मेडलाइफ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का उदघाटन विधानसभाध्यक्ष डा चरण दास महंत व कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत ने किया। इस अवसर पर विशेष अतिथियों के रूप में बृजमोहन अग्रवाल, कुलदीप जुनेजा, अजय चंद्राकर, एवं कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भूरे भी उपस्थित थे। इसके साथ ही उदघाटन अवसर पर डायग्नोस्टिक सेंटर व हास्पिटल के संचालक गण डा आनंद बंसल, डा विकास अग्रवाल,डा स्वाति अग्रवाल, डॉ. बरखा अग्रवाल, डॉ. अभिजीत तिवारी ,डॉ रुचि शर्मा तिवारी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि

डा महंत ने कहा राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं का जो विस्तार राज्य सरकार द्वारा तो किया ही जा रहा लेकिन निजी क्षेत्र के बड़े और अनुभवी विशेषज्ञ डाक्टरों के द्वारा अत्याधुनिक अस्पताल खोले जा रहें है इससे इलाज के लिये मरीजों को बड़े महानगरों की ओर जाना नहीं पड रहा है। गंभीर बीमारियो का इलाज व अंग प्रत्यारोपण की सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होने त्रिवेणी डायग्नोस्टिक सेंटर और विश्व स्तरीय मेडलाइफ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के डाक्टरों को इस नये स्वास्थ्य संस्थानों को प्रारंभ किये जाने पर अपनी शुभकामनाएं तथा बधाई देते हुए कहा कि मरीजों को यहां पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने में हमेशा तत्पर रहेगें।उदघाटन समारोह में उपस्थित अतिथिगणों ने अपने संक्षिप्त उदबोधन में इस नये स्वास्थ्य संस्थान में मरीजों के इलाज के लिये स्वास्थ्य सुविधाओं की प्रशंसा की और बधाई दी उदघाटन समारोह में आये अतिथिगणों ने त्रिवेणी डायग्नोस्टिक सेंटर और विश्व स्तरीय मेडलाइफ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का अवलोकन किया। इस दौरान उपलब्ध सुविधाओं और जांच की अत्याधुनिक उपकरणों व इलाज से संबधी जानकारी डा आनंद बंसल, डा विकास अग्रवाल,डा स्वाति अग्रवाल, डॉ. बरखा अग्रवाल, डॉ. अभिजीत तिवारी ,डॉ रुचि शर्मा तिवारी ने दी। उदघाटन पश्चात अतिथि गणों को स्मृति-चिन्ह प्रदान किये गये।

न्यायालय नजूल अधिकारी, दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

प्र.क्रं. 202103103500062/अ-20(1)/20-21

// उदघोषणा //

आवेदक श्री शकिल अब्बास कामदार आ. अबूल हसन कामदार निवासी मोहन नगर, दुर्ग द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया कि उनकी माता स्व. श्रीमती नगरगिस बानो के नाम पर नजूल शीट नं. 9 भूखण्ड क्रमांक 3/8 ख.नं. 1322/1 क्षेत्रफल 4000 वर्गफुट मोहन नगर, दुर्ग में स्थित है। उनकी माता स्व. श्रीमती नरगिस बानो का दिनांक 16/9/2020 को देहांत हो चुका है। उसके पश्चात उनकी उक्त भूमि पर अपना एवं अपने भाई का नाम नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण के प्रचलन के दौरान वारिसान श्री अबूल हसन कामदार का दिनांक 10/8/22 को मृत्यु हो चुका है। उक्त भूमि के नामांतरण के संबंध में प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त आवेदित भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किये जाने पर जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो वह अपना आपत्ति/दावा प्रकरण में 15 दिवस के भीतर न्यायालय नजूल अधिकारी, दुर्ग के समक्ष स्वतः अथवा अपने प्लीडर के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08/12/2022 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय में मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — नजूल अधिकारी, दुर्ग

गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ में प्रदेश के युवाओं और महिलाओं की होगी महत्वपूर्ण भूमिका : सीएम

- गौठानों में बड़े पैमाने पर सब्जी उत्पादन का मिल रहा है मौका, हो रही है कमाई
- प्रदेश में 98690 बाड़ियां, 4429 सामुदायिक बाड़ियां

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि गौठानों द्वारा खुद की जमा पूंजी से गोबर खरीदना गोधन न्याय योजना की बड़ी सफलता है। प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के आधे से अधिक गौठान स्वयं के संसाधनों से गोबर की खरीदी कर रहे हैं। राज्य शासन को इन गौठानों को गोबर खरीदने के लिए राशि देने की आवश्यकता नहीं पड़ती है। गोधन न्याय योजना के तहत राज्य में हितग्राहियों को 376 करोड़ 50 लाख रूपए का भुगतान किया जा चुका है।

योजनांतर्गत कोरिया जिले में विकासखण्ड बैकुण्ठपुर के मझगंवा गौठान की प्रगति महिला स्व सहायता समूह की 03 महिलाएं बाड़ी का कार्य कर अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ कर रहीं हैं। साथ ही अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणास्त्रोत

बन रहीं हैं। समूह की अध्यक्ष शमशुन निशा बताती हैं कि समूह के गठन से वे गौठान में विभिन्न गतिविधियों से जुड़कर कार्य कर रहीं हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में समूह में 10 सदस्य हैं, जिनमें से 03 महिला सदस्यों के द्वारा बाड़ी विकास का कार्य किया जा रहा है। समूह की सचिव अंजुलता ने बताया कि हम पहले ही घरों में छोटे स्तर पर आवश्यकतानुसार सब्जियां लगाते थे, और जब गौठान में बड़े पैमाने पर समूह की महिलाओं के साथ मिलकर काम करने का मौका मिला तो पहले की प्रैक्टिस से ये काम और आसान हो गया। उन्होंने बताया कि विगत 5 महीनों से हम बाड़ी विकास का कार्य कर रहें हैं। 25 हजार की लागत से बाड़ी विकास का काम शुरू किया।

वर्तमान में यहां मटर, बैगन, मूली, आलू तथा भाजी लगाए गए हैं। जिसका विक्रय कर महिलाओं को 45 हजार रुपये तक का शुद्ध लाभ हुआ है और लगातार मुनाफा बढ़ रहा है। स्थानीय बाज़ारों में ही सब्जियों की खपत हो जाती है। महिलाएं कहती हैं कि जब से हम यह कार्य कर रहीं हैं अच्छी आमदनी से आर्थिक रूप से सशक्त होकर घर-परिवार की ज़रूरतों को पूरा कर पा रहीं हैं।

नरवा गरूआ घुरूवा बाड़ी योजना विकास योजना के अंतर्गत वर्ष 2022-23 में अद्यतन 98690 बाडियां विकसित कर ली गई हैं। प्रदेश में निर्मित 8408 गौठानों में 39090 हितग्राहियों के साथ 4429 सामुदायिक बाडियां संचालित हैं ।गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरवा, घुरवा और बाड़ी और गोधन न्याय योजना आमजनों के लिए बेहद लाभकारी साबित हो रही है।

छत्तीसगढ़ में कई इलाकों में छाए बादल कहीं-कही दर्ज की गई हल्की बारिश

रायपुर/नवप्रदेश। चक्रवाती तूफान 'मैंडूस' का असर छत्तीसगढ़ में देखने को मिल रहा हैं, बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र होने से प्रदेश के कई इलाकों में बादल छाए हैं। राजधानी रायपुर के साथ राज्य के कहीं-कहीं पर हल्की बारिश भी दर्ज की गई हैं. आने वाले समय में तूफान के कमजोर पड़ने की संभावना जताई गई है. मौसम विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक, आने वाले 2 दिनों में दक्षिण छत्तीसगढ़ और उत्तरी छत्तीसगढ़ में हल्की बारिश भी हो सकती हैं, तापमान में गिरावट के साथ साथ ठंड भी बढ़ेगी।

नाम परिवर्तन

मैं शपथकर्ता मोहम्मद अकील आत्मज अब्दुल रज्जाक, उम्र 35 वर्ष, निवासी- वार्ड नंबर- 31, मकान नंबर-97, आपापुरा, शनीचरी बाजार, दुर्ग, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) का हूं :-

1 यह कि, मैं उक्त पते पर स्थायी रूप से निवास करता हूं। 2. यह कि, मेरा जन्मतिथि 13.08.1986 है जो कि सत्य व सहीं है । 3. यह कि,समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों, में मेरा नाम मोहम्मद नईम आत्मज अब्दुल रज्जाक दर्ज है, जिसे आगे भविष्य में समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में मोहम्मद नईम आत्मज अब्दुल रज्जाक करवाना चाहता हूं । 4. यह कि, मैनें अपने आधार कार्ड, बैंक पासबुक, ड्रायविंग लायसेंस, परिचय पत्र (भारत निर्वाचन आयोग) में अपना संपूर्ण अभिलेखों में परिवर्तित / संशोधित नाम मोहम्मद अकील आत्मज अब्दुल रज्जाक करवाया हूं। 5. यह कि,मैं अपना नाम समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में दर्ज नाम मोहम्मद नईम आत्मज अब्दुल रज्जाक के स्थान पर आगे भविष्य में अपने समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों, सहित अर्द्धशासकीय एवं अन्य अभिलेखों/ दस्तावेजों में अपना संपूर्ण अभिलेखों में परिवर्तित/संशोधित नाम मोहम्मद अकील आत्मज अब्दुल रज्जाक रखना चाहता हूं एवं मेरे वारिसानों के हित में पिता का नाम के आगे मोहम्मद नईम के स्थान पर मोहम्मद अकील करवाना चाहता हूं ।6. यह कि, मुझे भविष्य में मेरे परिवर्तित / संशोधित नाम मोहम्मद अकील आत्मज अब्दुल रज्जाक के नाम से मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों में अपना नाम मोहम्मद अकील आत्मज अब्दुल रज्जाक शासकीय गजट में प्रकाशित किये जाने एवं आधार कार्ड, पेन कार्ड, ड्रायविंग लायसेंस, परिचय पत्र (भारत निर्वाचन आयोग) सहित शासकीय व अर्द्धशासकीय एवं अन्य अभिलेखों / दस्तावेजो में विरोधाभाष न हो जिस बाबत सक्षम प्राधिकारी के मांग पर यह शपथपत्र सादर प्रस्तुत कर रहा हूं।

अतः सक्षम प्राधिकारी के समक्ष यह शपथपत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
मोहम्मद अकील

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

// ईश्तहार //

रा.प्र.क./ 06 /अ-20(3)/वर्ष 2022-23

आवेदक सुरोजित राय आ. स्व.बी.डी. राय निवासी एम.आई.जी. 2/435 आमदी नगर हुडको भिलाई द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि, आमदी नगर हुडको स्थित भूमि खसरा नंबर 1/2, 2/2 भूखंड कं. एम.आई.जी. 2/435, क्षेत्रफल 160.00 वर्गमीटर है। उक्त भूमि मय मकान वर्तमान में स्वामी के रूप में सुरोजित राय, सुरोबिन राय, शिल्पी, संगीता, स्वरलिपी का नाम दर्ज है। लेकिन उक्त 04 खातेधारियों के द्वारा सुरोजित राय के पक्ष में हक परित्याग कर दिया है। अतः हक परित्याग के आधार पर सुरोजित राय का नाम एकमेव स्वामी के रूप में दर्ज करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 28/12/22 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जाये। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20/11/22 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया। (मुहर)

मुहर — नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 202211101000161/202211101000161
विषय:- अ-6 मामले की श्रेणी :- राजस्व
सनः- 2022 2023

कुरूद प.ह.न. 00050 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार - श्रीमती मालती देशमुख,
अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

आवेदक - श्रीमती मालती देशमुख पिता/पति/विभाग-स्व. पुनीत राम पता- सुभाष नगर दुर्ग द्वारा ग्राम - कुरूद प.ह.न. 19अ, रा.नि.म. कोहका, तहसील व जिला - दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.न. 1574/362, 1574/363 रकबा 0.020, 0.010 हे. है जो आवेदक के पिता पुनीत राम आ. प्रजाराम देशमुख के नाम पर दर्ज है! भूमिस्वामी पुनीत राम आ. प्रजाराम देशमुख की मृत्यु दिनांक 14.09.2020 को हो जाने के करण मृतक का नाम खाते से विलोपित कर उसके वैध वारिसनो का नाम दर्ज किये जाने हेतु फौती नामांतरण बाबात आवेदन पात्र मय खसरा बी. 1, मृत्यु प्रमाण पत्र की छाया की प्रति प्रस्तुत किया है!

अतएव इस संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 19/12/2022 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयवधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा!

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 29/11/2022 को जारी किया जाता है।

अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग

उदघोषणा

202212100400061/अ-2/2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक महेन्द्र कुमार साहू आ. धन्नू राम साहू निवासी चारभाठा घुमका के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम- नगपुरा प.ह.नं. 02 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा **1792/20** रकबा **0.0204** हे. **2200** वर्गफीट **(आवासीय)** प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वंय अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 05/12/2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग मामले की श्रेणी: राजस्व

संदर्भः- जिला- दुर्ग तहसील दुर्ग प.ह.न. - 00011 चिखली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- CG5106423112022023

ईश्तहार

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00011 के अंतर्गत ग्राम चिखली के वर्तमान भूमिस्वामी कुलदीप कौर पिता/पति गुरमीत सिंग पता- 1087-3 कादम्बरी नगर दुर्ग तह जिला- दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 307/19(0.0046) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता दामिनी ध्रुवे पिता/पति- तीरथ ध्रुवे पता- मकान न. 12ए सडक न. 09सेक्टर-02भिलाई तह व जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16/12/2022 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 4 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06/12/2022 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायबतहसीलदार Pritam Singh Chauhan
TEHSIL DURG

कार्यालय, नगर पालिक निगम (जोन-4), रायपुर (छ.ग.)

प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी मोतीबाग चौक

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 396/2022-23
वार्ड का नाम- पं. भगवतीचरण शुक्ल-57

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पं. भगवतीचरण शुक्ल-57 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 57/34/265 का भाग जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती सीमा राजपूत पति स्व. विनोद 2. रिया राजपूत 3. साहिल राजपूत 4. हेमंत कुमार 5 काजल 6 रेखा उर्फ भावना के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती महक पति श्री अमित चतवानी, साक्षी चतवानी पति राकी चतवानी ने शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने।

जोन कमिश्नर
जोन क्र.-04
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पण्डरिया, जिला कबीरधाम (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. ब 121/वर्ष 2022-23

आवेदक- राधेलाल दिवाकर पिता दयाराम जाति सतनामी निवासी ग्राम दलपुरूवा, तहसील पण्डरिया जिला -कबीरधाम (छ.ग.)

ईश्तहार द्वारा आम जनता ग्राम दलपुरूवा प.ह.नं. 25 को सूचित किया जाता है कि आवेदक राधेलाल दिवाकर पिता दयाराम जाति सतनामी निवासी ग्राम दलपुरूवा तहसील पण्डरिया जिला कबीरधाम के द्वारा तहसीलदार पण्डरिया के समक्ष इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के पिता दयाराम दिवाकर आ. भुलूराम दिवाकर की मृत्यु दिनांक 14.12.2020 को ग्राम दलपुरूवा में हुआ है जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदान किया जावे।

इस संबंध में जिस किसी को भी कोई आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति पत्र स्वयं उपस्थित होकर दो प्रति में दिनांक 20.12.2022 समय 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उपरोक्त निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त आपत्ति पत्र को अमान्य समझा जावेगा।

आज दिनांक 06.12.2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से ग्राम में ईश्तहार जारी किया गया।

जारी दिनांक 06.12.2022
पेशी दिनांक 20.12.2022

सील — तहसीलदार, पण्डरिया

न्यायालय तहसीलदार बालोद जिला बालोद

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 11/अ-19(3)/2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अध्यक्ष श्री संतोष कुमार साहू जिला प्रेस क्लब बालोद जिला बालोद (पंजीयन क्रमांक 122202240463) के द्वारा नगर बालोद स्थित भूमि ख.नं. 691/1 (कांग्रेस भवन के बाजू) ख.नं. 686 (महिला बाल विकास परियोजना कार्यालय के बगल एवं सामने वाली जमीन) ख.नं. 680/1 (सिंध भवन के पास एवं पुराना बालवाड़ी के बगल में) 4 हजार वर्गफीट भूमि को चिन्हांकित कर जिला प्रेस बालोद के कार्यालय भवन निर्माण हेतु उक्त भूमि में से किसी एक भूमि को प्राथमिकता के आधार पर आबंटन किए जाने आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में यदि किसी को कोई उजर/ आपत्ति हो तो दिनांक 19.12.2022 के पूर्व तक पेश कर सकता है। नियत तिथि उपरांत प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अस्तु आज दिनांक 28.11.2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील — तहसीलदार, बालोद (छ.ग.)

सन टू ह्यूमन फाउंडेशन लगाएगी शिविर, स्वस्थ जीवन के लिए देगी टिप्स

देश-विदेश में शिविर के आए असरकारी परिणाम

दुर्ग/नवप्रदेश। स्वस्थ शरीर, शांत मन और आनंदमय जीवन को लेकर सन टू ह्यूमन फाउंडेशन ने ना केवल देश में बल्कि विदेशों में भी अभियान छेड़ रखा है। इस कड़ी में दुर्ग शहर के पदमनाभपुर मिनी स्टेडियम में 16, 17 व 18 दिसंबर को तीन दिवसीय नए दृष्टिकोण वाले विशेष शिविर का निःशुल्क आयोजन किया गया है। यह शिविर प्रतिदिन सुबह 6:30 बजे से सुबह 8:30 बजे तक चलेगा। प्रवचन नहीं प्रयोग को सूत्र वाक्य मानने वाली सन टू ह्यूमन फाउंडेशन के इंदौर के सदस्य शिविर को लेकर पिछले पखवाड़े भर से शहर के उद्यानों व सार्वजनिक स्थानों में सक्रिय हैं और डेमो सत्र के माध्यम से लोगों को शिविर के असरकारी परिणाम से अवगत कराया है। जिससे लोगों में शिविर को लेकर खासा उत्साह है।

फलस्वरुप नए दृष्टिकोण वाले विशेष शिविर में हजारों की संख्या में लोगों के जुटने की संभावना है। शिविर में शामिल होने पंजीयन अनिवार्य है। यह बातें नए दृष्टिकोण वाले विशेष शिविर के आयोजक उत्तम बरडिया और शांतिलाल चोपड़ा ने सोमवार को दुर्ग प्रेस क्लब, इंदिरा मार्केट में मीडिया से संयुक्त चर्चा में कही। चर्चा के दौरान सन टू ह्यूमन फाउंडेशन के सदस्य जानकी मां, शहजो बाई, शिवालय, समाजसेवी नवीन संचेती भी मौजूद थे। चर्चा में शिविर के आयोजक बरडिया और चोपड़ा ने बताया कि नए दृष्टिकोण वाले विशेष शिविर के आयोजन का एकमात्र उद्देश्य मानव चेतना को जागृत व उत्थान करना है। फाउंडेशन द्वारा देश व विदेश में करीब 2 सौ से अधिक शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। शिविर में शामिल लोगों ने अपने जीवन में चमत्कारिक परिणाम महसूस किए हैं। हजारों लोगों ने 10 से 30 किलो अतिरिक्त वजन कम करके उच्च रक्तचाप, अस्थमा, माइग्रेन, मधुमेह, कब्ज जैसी बीमारियों से छुटकारा पाकर शारीरिक और मानसिक स्तर पर कई लाभ प्राप्त किए हैं। अनेक लोग थायराइड, ह्रदय की बीमारी, अवसाद और दवाओं को अलविदा कह चुके हैं। फाउंडेशन की सदस्य जानकी मां ने बताया कि सही आहार, सही व्यायाम, सही ध्यान पर आधारित इस शिविर की केंद्रीय अवधारणा हमारे मस्तिष्क की ऊर्जा को जागृत करती है। जो व्यक्ति को स्वयं का स्वामी बनाने की ओर ले जाती है। अल्प समय में शहर में विभिन्न समूह में 70 डेमो सत्र आयोजित किए गए हैं। जिनमें लगभग 1 हजार लोगों ने शिविर के लिए पंजीयन कराया है। शिविर की टैगलाइन प्रवचन नहीं प्रयोग है। जिसमें यह वर्णन किया गया है कि केवल शब्द ही नहीं होंगे बल्कि परिणाम देने वाली तकनीक भी होगी। सत्र के बाद वैज्ञानिक रूप से डिजाइन किए गए क्षारीय नाश्ता भी परोसा जाएगा, जो हमारे मस्तिष्क की ऊर्जा को जगाने की प्रक्रिया को बेहतर बनाने में मददगार होगा, साथ ही सभी आवश्यक जरूरी पोषक तत्वों को पूरा करेगा।

आयुक्त ने स्कूल में व्यवस्था की ली जानकारी

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत दीपक नगर स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल एवं गवर्नमेंट हाई स्कूल रुवाबंधा का आज आयुक्त आईएएस लक्ष्मण तिवारी निरीक्षण करने पहुँचे। उन्होंने बच्चों और शिक्षकों से बातचीत की। आयुक्त ने बच्चों से पाठ से संबंधित प्रश्न पूछे। शाला में माध्यमिक विभाग एवं उच्च माध्यम विभाग की सभी कक्षाएं संचालित हो रही। शाला में 450 छात्र / छात्राएँ एवं 23 शिक्षक उपस्थित मिले।माध्यमिक कक्षाओं के निरीक्षण के दौरान जिस समय आयुक्त पहुँचे, उस समय गणित की कक्षाएं चल रही थीं। उन्होंने छात्रो को गणित हल करने और छात्रों से संस्कृत में वाचन प्रदर्शन करवाया जिसे छात्रों ने बेहतर प्रदर्शन किया।उसके बाद आयुक्त ने उच्च माध्यमिक विभाग की कक्षाओं में व्यवसाय अध्ययन एवं अंग्रेजी की कक्षाओं का निरीक्षण किया जिसमें आयुक्त ने छात्रों से उपभोक्ताओं के अधिकारों से संबंधित प्रश्नों को पूछा। जिसका छात्रों ने त्वरित जवाब दिया । आयुक्त ने छात्रो को मार्गदर्शन भी दिए। आयुक्त ने प्राचार्या शेफाली सोनी से शाला के बारे में जानकारी लेते हुए पूछा कि स्कूल में कुछ अलग और किया जा रहा है। प्राचार्या शेफाली सोनी ने बताया कि ऊर्जा क्लब अंग्रेजी क्लब, स्मार्ट क्लास द्वारा अध्यापन एवं अलग से पढ़ने व लिखने की आदत बानी रहे इसके लिए कक्षाएं लगाई जाने की जानकारी दी।आयुक्त ने लैब और लाइब्रेरीन का भी निरीक्षण किया गया। बच्चों ने बताया कि टीचर अच्छे तरीके से हमें पढ़ाती हैं। आयुक्त ने बच्चों से सवाल पढ़ने के लिए भी कहा। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि स्वामी आत्मानंद इंग्लिश माध्यम स्कूलों को आरंभ करने के पीछे राज्य शासन की मंशा है कि हमारे बच्चे जो केवल अंग्रेजी की कमजोरी के कारण पीछे रह जाते हैं उन्हें मौका मिल सके।

आयुक्त ने किया निरीक्षण

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम आयुक्तआईएएस लक्ष्मण तिवारी ने वार्ड क्रमांक 2 राजीव नगर स्थित सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण के दौरान सामुदायिक शौचालय में ताला बंद पाए जाने पर मौजूद अधिकारी को तत्काल कार्रवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित संचालक एजेंसी स्व सहायता समूह पर नाराजगी जाहिर करते हुए को नोटिस जारी करने के लिए निर्देश दिए।उन्होंने मौजूद अधिकारियों को दी गई जिम्मेदारी को फील्ड पर रहकर सभी शुलभ शौचालय बेहतर साफसफाई करे। उन्होंने ये भी कहा सभी आपके वार्डो में शौचालय का निरीक्षण कर वहां की खामियों जांच करें। साथ ही आयुक्त आईएएस लक्ष्मण तिवारी ने राजीव नगर क्षेत्र स्थित अधूरे आंगनबाड़ी का निरीक्षण कर कार्य को पूर्ण कर हैंड ओवर करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।आयुक्त ने वार्ड क्षेत्र निरीक्षण के दौरान क्षेत्र की साफसफाई व्यवस्था सुचारू रूप से संपादित किए जाने के भी निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता एसडी शर्मा,उपअभियंता पंकज साहू,पंकज चन्द्रवंशी सहित अन्य मौजूद रहें।

राष्ट्रीय फेडरेशन कप म्यूथाई चैंपियनशिप में दल्ली राजहरा के तीन खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

दल्लीराजहरा/नवप्रदेश। राष्ट्रीय फेडरेशन कप म्यूथाई चैंपियनशिप में दल्ली राजहरा के तीन खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। जिनके नाम वीरेंद्र कुमार, राज कुमार एवं शुभम निषाद है। इस राष्ट्रीय म्यूथाई फेडरेशन कप चैंपियनशिप का आयोजन 15 दिसंबर से 17 दिसंबर तक त्रिपुरा के अगरतला में आयोजित है। जिसमें 28 राज्य के लगभग 200 सीनियर खिलाड़ी महिला, पुरुष की टीम हिस्सा ले रही है। छत्तीसगढ़ राज्य से 16 महिला एवं पुरुष की टीम हिस्सा लेगी जिसमें 3 पुरुष बालोद जिला मार्शल आर्ट क्लब के खिलाड़ी हैं मार्शल आर्ट क्लब के खिलाड़ी दिनांक 12 दिसंबर को अगरतला त्रिपुरा के लिए रवाना होंगे। इस अवसर पर क्लब के पदाधिकारी एवं जिले के अध्यक्ष सचिव एवं कोच लखन साहू ने सभी खिलाड़ियों को ढेर सारी शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।

निदान-1100 में दर्ज शिकायतों के निराकरण में भिलाई निगम को अच्छा रिस्पांस, मिल रहा 'ए ग्रेड'

भिलाई निगम ने निदान में 25287 शिकायतों का समय-सीमा में किया निराकरण

भिलाई/नवप्रदेश। निगम प्रशासन ने निदान-1100 में शहर से ऑनलाइन दर्ज बिजली, पानी, सड़क, साफ-सफाई सहित अन्य समस्याओं का समय-सीमा में निराकरण कर नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की ग्रेडिंग में ÷ए ग्रेड÷ हासिल कर रही है। निगम प्रशासन ने निदान-1100 में ऑनलाइन शिकायत प्राप्त होने के बाद अधिकतम शिकायतों का निर्धारित समय सीमा में निराकरण किया है। ऑनलाइन शिकायत निवारण प्रणाली की रिपोर्ट के अनुसार शहर से निदान-1100 में माह अप्रैल से लेकर अब तक कुल 30559 शिकायतें दर्ज हुई। इनमें से 25287 शिकायतों का निगम ने समय सीमा में निराकरण कर दिया है तथा इसमें से 4993 शिकायतों का भी निराकरण कर दिया। यानी कि निगम के विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने शिकायत दर्ज होने के 24 घंटे से सप्ताह भर के अंदर 82.74 फीसद शिकायतों का निराकरण कर लिया। बाकी कुछ आवेदनों को समय-सीमा के बाद निराकरण किया गया। शिकायतों के लिए अलग-अलग मामलों में समय सीमा भी अलग-अलग निर्धारित की गई है। भिलाई निगम आयुक्त रोहित व्यास की नियमित मॉनिटरिंग से निदान में प्राप्त शिकायतों का निराकरण शीघ्रता से गंभीरता पूर्वक किया जा रहा है। नगरीय प्रशासन विभाग ने सड़क, नाली की सफाई, स्ट्रीट लाइट, मृत जानवर का उठाव, पेयजल, सार्वजनिक शौचालय, आवारा मवेशियों इत्यादि से होने वाले समस्याओं के निराकरण के लिए कुछ साल पहले निदान 1100 की शुरुआत की थी। टोल फ्री नंबर के जरिए दर्ज होने वाले शिकायतों का निराकरण के लिए तीन चरण की व्यवस्था की गई है। इस प्रकिया के अंतर्गत आनलाइन दर्ज होने वाले अधिकतर शिकायतों को भिलाई निगम ने प्रथम चरण में ही 24 घंटे के अंदर मैसेज प्राप्त होते ही निराकरण कर दिया गया। दूसरे व तीसरे चरण तक शिकायतें बहुत कम पहुंचती हैं। इस श्रेणी में शिकायतें हैं सीधे आयुक्त के पास पहुंचती है। टोल फ्री नंबर 1100 पर कई तरह की शिकायतें दर्ज की जा सकती हैं। इनमें स्ट्रीट लाइट, साफ-सफाई, मलबा उठाव, मृत जानवर, पेयजल, सड़क, सार्वजनिक शौचालक, आवारा पशुओं से होने वाली परेशानियों, जाम नाली सहित अन्य छोटी-छोटी समस्याओं को ऑनलाइन दर्ज कराई जा सकती है।

जनसमस्या निवारण शिविर 5 वार्डो के लिए चंद्रशेखर आजाद स्कूल में शिविर का आयोजन

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत कल दिनांक 13 दिसम्बर दिन मंगलवार को सुबह 10:00 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक प्रशासन तुंहर द्वार के तहत जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन चंद्रशेखर आजाद स्कूल पंचशील नगर दुर्ग में रखा गया है। पांच वार्डो के नागरिक जनसमस्या निवारण शिविर में सफाई, पानी, बिजली सहित अन्य समस्याओं के आवेदन लेकर शिविर में समाधान करा सकते हैं। इसके अंतर्गत वार्ड क्रमांक 56 वार्ड क्रमांक 1, 2, 3 एवम वार्ड क्रमांक 4 के नागरिक उपस्थित होकर जन समस्या से संबंधित शिकायतों का आवेदन प्रस्तुत कर सकते है और वहीं पर त्वरित निराकरण करने की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने का निर्देश आयुक्त आईएएस लक्ष्मण तिवारी द्वारा दिया गया है। संबंधित अधिकारी शिविर में उपस्थित रहेंगे।

विधायक व महापौर ने किया सदर बाजार की बहुप्रतीक्षित सड़क का भूमिपूजन

दुर्ग/नवप्रदेश। आज विधायक अरुण वोरा व महापौर धीरज बाकलीवाल ने वार्ड के नागरिकों के बीच विधि विधान से वार्ड 32 दुर्गा मंदिर चौक सदर बाजार में सीमेंटीकरण सड़क का निर्माण किया जाना है। वार्ड 32 में 6.70 लाख की लागत से संगीता सोनी के निवास गली से चेतन जैन की गली तक होगा सड़क सीमेंट का भूमिपूजन किया गया। विधायक अरुण वोरा और महापौर धीरज बाकलीवाल ने संबंधित विभागीय अधिकारियों और ठेकेदार को निर्माण कार्य में गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। कहा लंबे समय से क्षेत्रीय लोग इस सीमेंट सड़क निर्माण कार्य की मांग कर रहे थे। सड़क निर्माण कार्य से नागरिको को लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार क्षेत्रीय विकास के लिए प्रयत्नशील है। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता से किसी भी सूरत में समझौता बर्दाश्त नहीं होगा। वह समय समय पर सड़क की गुणवत्ता का करने को कहा। भूमिपूजन के मौके पर लोक कर्म प्रभारी अब्दुल गनी,जलकार्य प्रभारी संजय कोहले, एल्डरमेन राजेश शर्मा,पूर्व पार्षद संगीता सोनी , चंपालाल सोनी,समीर देवांगन, विष्णु सोनी ,आनंद ताम्रकार ,संजय ताम्रकार, बाई जैन, रवि देवांगन, शांता बाई पाढारिया, आशुतोष तिवारी, चेतन जैन, अमोल जैन मौजूद रहें।

लोक निर्माण प्रभारी ने किया निरीक्षण

बाक्स कल्वट निर्माण के साथ ही नाला से निकाले मलबा

रिसाली/नवप्रदेश। बारिश के पानी को रिहायशी क्षेत्र से आसानी से निकालने 24 लाख 50 हजार की कार्य योजना तैयार कर मूर्त रूप दिया जा रहा है। नाला पर बाक्स कल्वट बनाया जा रहा है। सोमवार को रिसाली निगम के लोक निर्माण विभाग प्रभारी अनुप डे ने निगम अधिकारियों के साथ निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।

महापौर परिषद के लोक निर्माण विभाग प्रभारी ने कहा कि आमतौर पर निर्माण के बाद आस पास जमी मिट्टी को निकाला नहीं जाता। बाद में यही मिट्टी (मलबा) नाला में पानी के बहाव को रोकता है। उन्होंने नाला में चैनमाउंट मशीन उतारकर मलबा निकालने निगम अधिकारियों को निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान महापौर परिषद के सदस्य चन्द्रभान ठाकुर, गोविन्द चतुर्वेदी, पार्षद धर्मेन्द्र भगत, विनय नेताम, चन्द्रप्रकाश सिंह, कार्यपालन अभियंता एस.के. बाबर, सहायक अभियंता आर.के.जैन, स्वास्थ्य विभाग प्रभारी बृजेन्द्र परिहार आदि उपस्थित थे।

इसलिए था निर्माण आवश्यक

रिसाली क्षेत्र का मुख्य नाला कृष्णा टॉकिज रोड, आशीष नगर, प्रगति नगर होते निकलता है। अधिकांश सिवरेज लाइन व बारिश के पानी इसी नाला में बहता है। सड़क 15 ए व 15 सी में ह्युम पाइप डाल पानी निकासी का साधन बनाया गया था। इस वजह से पानी का प्रवाह अधिक होने पर जाम की स्थिति निर्मित होकर रिहायशी क्षेत्र में पानी भर जाता था। बाक्स कल्वट बनाने से पानी का प्रवाह रूकेगा नहीं।

प्रगतिनगर मुख्य मार्ग पर भी बनेगा कल्वट

लोक निर्माण विभाग प्रभारी ने निरीक्षण के दौरान वार्ड पार्षद व स्थानीय नागरिकों से चर्चा की। नागरिकों का कहना था कि सड़क 15 सी में नाला का संगम है। रूआबांधा से आने वाला गंदा पानी इसी में मिलता है। अगर प्रगतिनगर मुख्य मार्ग पर भी कल्वट बनाया जाए तो स्थाई समाधान होगा। इस पर एमआईसी सद्स्यों ने निगम अधिकारियों को प्राकलन तैयार करने निर्देश दिए।

राजीव युवा मितान क्लब भिलाई ने कराया रात्रिकालीन बैडमिंटन टूर्नामेंट

भिलाई/नवप्रदेश। रविवार को राजीव युवा मितान क्लब सेक्टर 1 के क्लब द्वारा एक दिवसीय बैडमिंटन टूर्नामेंट सेक्टर 1 के लोगों के लिए कराया गया जिसमें 100 से अधिक लोगों ने भाग लिया जिसमे पुरूष 15 साल से 35 साल उम्र में डबल्स में विजेता सुनील एवं सी पी रितेश बनें और दूसरे स्थान में राजीव एवं अब्दुल रहे , पुरुष 15 साल से 35 साल उम्र में सिंगल्स में विजेता आयुष बनें दूसरे स्थान में राजीव रहे , महिला डबल्स में विजेता शिवाली एवं सुमन बनें महिला सिंगल्स में विजेता चंचल बनीं एवं दूसरे स्थान में श्रेया रहीं । मुख्य अतिथि के रूप में आदित्य सिंह पार्षद एवं खेल एवं युवा कल्याण प्रभारी, आशीष यादव जिला समन्वयक, राजीव युवा मितान क्लब , सौरभ दत्ता भिलाई नगर विधानसभा समन्वयक, राजीव युवा मितान क्लब) , प्रमोद प्रभाकर, डामेंद्र परगनिया एवं अन्य सीनियर खिलाड़ी उपस्थित हुए। सभी ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया एवं युवा मितान के सभी सदस्यों को कार्यक्रम के आयोजन के लिए बहुत बधाई दी । वार्ड 53/54 सेक्टर 1 मितान क्लब के तीनों अध्यक्ष सूरज ध्रुवंशी, आदर्श राबानी एवं एल राजीव ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं भिलाई नगर विधायक एवं प्रदेश समन्वयक देवेंद्र यादव व महापौर नीरज पाल का आभार व्यक्त किया। राजीव युवा मितान क्लब के माध्यम से सामाजिक , सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों को बल मिल रहा है साथ ही राजीव युवा मितान क्लब शासन की जनकल्याण योजना को वार्ड स्तर में लोगों का कार्य कर रहा है । भिलाई में राजीव युवा मितान द्वारा कराई जा रही गतिविधियों में समाज के सभी वर्गों में उत्साह देखने को मिल रहा है । इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मेशांक मिश्रा, पीयूष सिंह, रितिक देव प्रतीक चांदेकर, राजेश कुमार, अमित कुमार, आदर्श सोनकर , अभिषेक चौरसिया, यश प्रसाद, मोहम्मद तारिक एवं अन्य क्लब के सदस्य मौजूद थे ।

बेमेतरा की नारी निभाएगी जिम्मेदारी, तभी मिलेगी सत्ता में हिस्सेदारी : प्रज्ञा

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने अपने दिल्ली दौरे के दूसरे दिन महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुश्री नेटा डिसूज़ा से अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के मुख्यालय में मुलाकात की। राष्ट्रीय अध्यक्ष डिसूजा ने जिलें में महिला कांग्रेस की गतिविधियों की जानकारी ली। बेमेतरा जिलें में मेम्बर शीप के आँकड़े भी जाने, जिन महिलाओं को डिजिटल एप्प के माध्यम से कांग्रेस की सदस्यता दिलाई गई हैं। महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुश्री डिसूजा ने कहा कि डिजिटल मेम्बर शीप के माध्यम से जुड़े नए सदस्यों से संपर्क कर उन्हें सदस्यता के बाद पार्टी में उनकी क्षमता के अनुसार सक्रिय करें। छत्तीसगढ़ के महिला कांग्रेस की गतिविधि पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि सक्रियता का आंकलन कर महिलाओं को जिम्मेदारी दी जायेगी। जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने उन्हें आस्वस्त किया, बेमेतरा जिला ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में महिला कांग्रेस राज्यसभा सांसद फूलोदेवी के नेतृत्व में महंगाई के खिलाफ सड़क पर उतरकर लड़ी हैं। जिले में महिला कांग्रेस की कमान अनुभवी कांग्रेस नेत्री कविता साहू के पास हैं, जिले में संगठन निर्माण उनके मार्गदर्शन से किया जा रहा हैं। जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा है कि बेमेतरा की नारी निभाएगी जिम्मेदारी अभियान चला कर पंचायत से लेकर विधानसभा तक महिलाओं की सत्ता में भी अधिकधिक भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष नेटा डिसूजा ने भी जिलें में महिला कांग्रेस के सम्मेलन में आने की मंजूरी दी हैं। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ चयनिका उनियाल से भी सौजन्य मुलाकात की।

कार्यालय, नगर पालिक निगम (जोन-4), रायपुर (छ.ग.)
प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी मोतीबाग चौक
//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //
नामांतरण प्र.क्र. 397/2022-23
वार्ड का नाम- पं. भगवतीचरण शुक्ल-57
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पं. भगवतीचरण शुक्ल-57 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 34/265 कटोरातालाब जो कि निगम अभिलेख में 1. सीमा राजपूत 2. रिया राजपूत 3. साहिल 4. काजल राजपूत 5. हेमंत कुमार 6. रेखा उर्फ भावना के नाम से दर्ज है, जिसको श्री अमित चतवानी पिता मनोहर चतवानी, राकी चतवानी पिता मनोहर चतवानी ने शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जाने। **जोन कमिश्नर**
जोन क्र.-04
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
(जोन क्र.-8) मोहबा बाजार रायपुर
Email ID- rmczone8@gmail.com
पत्र क्र./न.पा.नि./जोन क्र. 8/दिनांक 12.12.2022
ईश्तहार
नामांतरण प्र.क्र. 98/ 2022
वार्ड का नाम- 69- माधवराव सप्रे
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 69 स्थित मकान/ भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR568E0732A जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती MINAKSHI DEVANGAN पिता/पति श्री ANIL DEVANGAN के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती मधु फरिकार पिता/पति श्री/श्रीमती धनेश्वर फरिकार ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जारी करे.
श्री अरूण ध्रुव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक्र 8
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
(जोन क्र.-8) मोहबा बाजार रायपुर
Email ID- rmczone8@gmail.com
पत्र क्र. 120न.पा.नि./जोन क्र. 8/दिनांक 12.12.2022
ईश्तहार
नामांतरण प्र.क्र. 120/ 2022
वार्ड का नाम- 02 पं. जवाहर लाल नेहरू
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 02 स्थित मकान/ भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR802F00240 जो कि निगम अभिलेख में श्री नारायण कैवर्त्य पिता सुखलाल कैवर्त्य के नाम से दर्ज है जिसको श्रीमती सुशीला राजपूत पिता/पति स्व. पंचम सिंह राजपूत ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जारी करे.
श्री अरूण ध्रुव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक्र 8
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम (जोन-4), रायपुर (छ.ग.)
प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी मोतीबाग चौक
//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //
नामांतरण प्र.क्र. 398/2022-23
वार्ड का नाम- पं. भगवतीचरण शुक्ल-57
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पं. भगवतीचरण शुक्ल-57 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 45/34/389 कटोरातालाब जो कि निगम अभिलेख में श्री राजेश हरसानी पिता हीरामल हरसानी के नाम से दर्ज है, जिसको श्री सत्य सुंदरानी पिता योगेश सुन्दरानी ने शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जाने। **जोन कमिश्नर**
जोन क्र.-04
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

//न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)//
ईश्तहार
क्रमांक/प्र.1अति.तह./2022
थनौद दुर्ग दिनांक 7/12/2022
एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक सहयोगी मित्र मण्डल थनौद महेन्द्र कुमार सिन्हा आ.चोवाराम सिन्हा साकिन थनौद द्वारा ग्राम थनौद प.ह.न. 28 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.न. 92 रकबा 0.34 हे. हे. भू. रा ... रूपये से संबंधित ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने के संबंध में में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।
अतः उपरोक्त भूमि द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 19/12/2022 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपथित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 7/12/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया ।
सील
नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय राजस्व निरीक्षण सिकोला सूचना-सीमांकन/बंटाकन/स्थल जाँच/ बंदोबस्त त्रुटि सुधार बाबत्
तहसील दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक 243/ तह. दुर्ग /2019
संदर्भः- तहसीलदार दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक213 , दिनांक 31/10/22
उपरोक्त आदेश के पिरपालन में ग्राम उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं.- सिकोला के भूमि स्वामी/ आवेदक श्री नंदकुमार साहू आत्मज/ ध.प. दरबारी साहू के भूमि ग्राम उरला में स्थित सीमांकन/ बटांकन/स्थल जांच/ बन्दोबस्त त्रुटि सुधार हेतु आवेदन भूमि ख.नं. 686/1 रकबा 0.232 का स्थल जांच/सीमांकन/ बंटाकन/ त्रुटि सुधार मेरे द्वारा किया जावेगा। चुकिं उक्त खसरा नं. से आपकी भूमि की लगी हुई है या आपके द्वारा बेची गई है। अतः आप अपने समस्त दस्तावेजों (पंजीयन ले आऊट वगैरह) के साथ मौके पर दिनांक 24/12/22 को 12:30 बजे उपस्थित रहे
राजस्व निरीक्षण
सिकोला

कार्यालय राजस्व निरीक्षण सिकोला सूचना-सीमांकन/बंटाकन/स्थल जाँच/ बंदोबस्त त्रुटि सुधार बाबत्
तहसील दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक 243/ तह. दुर्ग /2019
संदर्भः- तहसीलदार दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक287 , दिनांक 17/11/22
उपरोक्त आदेश के पिरपालन में ग्राम सिकोला प.ह.नं. 08 रा.नि.मं.- सिकोला के भूमि स्वामी/ आवेदक श्री ओमप्रकाश दुबे आत्मज/ ध.प. विष्णु प्रसाद दुबे के भूमि ग्राम सिकोला में स्थित सीमांकन/ बटांकन/स्थल जांच/ बन्दोबस्त त्रुटि सुधार हेतु आवेदन भूमि ख.नं. 146/1 रकबा 0.081 का स्थल जांच/सीमांकन/ बंटाकन/ त्रुटि सुधार मेरे द्वारा किया जावेगा। चुकिं उक्त खसरा नं. से आपकी भूमि की लगी हुई है या आपके द्वारा बेची गई है। अतः आप अपने समस्त दस्तावेजों (पंजीयन ले आऊट वगैरह) के साथ मौके पर दिनांक 14/12/22 को 12:30 बजे उपस्थित रहे
राजस्व निरीक्षण
सिकोला

कार्यालय राजस्व निरीक्षण सिकोला सूचना-सीमांकन/बंटाकन/स्थल जाँच/ बंदोबस्त त्रुटि सुधार बाबत्
तहसील दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक 243/ तह. दुर्ग /2019
संदर्भः- तहसीलदार दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक287 , दिनांक 13/10/22
उपरोक्त आदेश के पिरपालन में ग्राम उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं.- सिकोला के भूमि स्वामी/ आवेदक श्री खुमान दास साहू आत्मज/ ध.प. छोटेलाल साहू के भूमि ग्राम उरला में स्थित सीमांकन/ बटांकन/स्थल जांच/ बन्दोबस्त त्रुटि सुधार हेतु आवेदन भूमि ख.नं. 606/1, 607/1 रकबा 0.1330, 0.085 का स्थल जांच/सीमांकन/ बंटाकन/ त्रुटि सुधार मेरे द्वारा किया जावेगा। चुकिं उक्त खसरा नं. से आपकी भूमि की लगी हुई है या आपके द्वारा बेची गई है। अतः आप अपने समस्त दस्तावेजों (पंजीयन ले आऊट वगैरह) के साथ मौके पर दिनांक 27/12/22 को 3:30 बजे उपस्थित रहे
राजस्व निरीक्षण
सिकोला

सीनियर सिटीजन समिति ने किया बैगा आश्रम का निरीक्षण

कवर्धा/नवप्रदेश। रविवार सीनियर सिटीजन समिति के सदस्य वनांचल ग्राम तरेगाँव जंगल जिसे जनजातीय संगम भूमि कहा जाता है यहाँ पर सन1992 में स्थापित आदिवासी प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास का भ्रमण किया और यहाँ निवासरत बैगा बच्चों के लिए छात्रावास में उपलब्ध व्यवस्था जैसे बिस्तर, अध्ययन टेबल, भोजन, पेयजल, परिसर की स्वच्छता आदि के संबंध में छात्रों से आर के पाण्डेय,चन्द्रहास ठाकुर,के एल चौधरी,प्रभाकर शुक्ल, डॉ आर के भूआर्य और गोरेलाल शुक्ला ने बातचीत कीऔर संतोष व्यक्तकिया।एक कक्ष की सीलिंग का प्लास्टर उखड़ा हुआ देखकर सदस्यों ने छात्रावासअधीक्षक प्रहलाद पात्रे सर से चिंता व्यक्त की तो उन्होंने बताया कि मरम्मत का प्रस्ताव जा चुका है शीघ्र ही ठीक हो जाएगा। रविवार होने से छात्रावास के आधे छात्र खेल मैदान गये हुए थे शेष छात्रों को एस एस जैनऔर आदित्य श्रीवास्तव ने संतुलितआहार स्वच्छता,अध्ययनऔर सद्भावना पर प्रेरक उद्बोधन दिया।शालीन व्यवहारयुक्त श्री प्रहलाद पात्रे जी के द्वारा सदस्यों के लिए चाय की व्यवस्था की गई।छात्रावास साफ़सुथरा एवं सुसज्जित दिखाई दिया।

किसानों से पैरा दान करने की अपील

खैरागढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉक्टर जगदीश कुमार सोनकर ने जिले के किसानों से अधिक से अधिक पैरा दान करने की अपील की है ताकि गौठानों में पशुओं के लिए चारे की व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। उन्होंने पैरा को अपने नजदीक के गौठानो में दान करने का आग्रह किया है ।कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिले में चल रहे पैरा दान महा अभियान में संबंधित विभाग के अधिकारी तत्परता से जुड़े हुए हैं कलेक्टर श्री सोनकर ने बताया कि खेतों में फसलों के अवशेष को जलाने से होने वाले प्रदूषण देशभर में समस्या के तौर पर देखा जाता है । छत्तीसगढ़ राज्य में शासन और जनता की समस्या को समाधान में आम लोगों के साथ-साथ जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी भी अपना योगदान दे रहे हैं ।कलेक्टर ने कहा कि राज्य शासन ने पशुधन के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सुराजी गांव योजना के तहत बनाए हैं इनमें पशुओं के लिए चार एवं पानी का निशुल्क वान समिति द्वारा किया जाता है। पशुधन के लिए पर्याप्त व्यवस्था हो जाने से स्थानीय शासन की पहल पर लोगों तक पहुंचाया जा रहा है।

विधायक की अनुशंसा पर दो लाख की मिली स्वीकृति

गरियाबंद/नवप्रदेश। राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक अमितेश शुक्ल के अनुशंसा पर कलेक्टर प्रभात मलिक ने विधायक निधि से एक विकास कार्य के लिए 2 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान किया है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार फिंगेश्वर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत रोहिना के सतनामी पारा में सामुदायिक भवन अतिरिक्त निर्माण कार्य हेतु 2 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। क्रियान्वयन एजेंसी का दायित्व जनपद पंचायत फिंगेश्वर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को सौंपा गया है।

एक माह के लिए विवाह पर लग जाएगी ब्रेक

खरोरा/नवप्रदेश। खरमास शुरू होते ही मांगलिक कार्यों पर फिर से रोक लग जाएगी। जैसे ही देवउठनी एकादशी के साथ 4 मास का चातुर्मास समाप्त हुआ। इसके साथ ही शादी-विवाह जैसे मांगलिक कार्य शुरू हो गए थे। लेकिन दिसंबर माह के बीच में एक बार फिर से इन पर ब्रेक लग जाएगी। जो नए साल 2023 की 14 जनवरी को मकर संक्रांति के बाद से शुरू होंगे। जब सूर्य धनु या मीन राशि में प्रवेश करते हैं तो खरमास शुरू हो जाते हैं। ऐसा साल में दो बार होता है। इस पूरे माह को मलमास खरमास या फिर अधिक मास कहते हैं। हिंदू पंचांग के अनुसार, खरमास 16 दिसंबर से शुरू हो रहे हैं जो 14 जनवरी को मकर संक्रांति के दिन समाप्त होंगे। ज्योतिषियों के अनुसार 16 दिसंबर को सूर्य धनु राशि में प्रवेश कर रहे हैं, तो खरमास आरंभ हो जाएगा और 14 जनवरी को मकर राशि में सूर्य के प्रवेश करते ही खरमास समाप्त हो जाएगा। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, हर मास में एक बार संक्रांति होती है यानी जब सूर्य एक राशि से दूसरी राशि में प्रवेश करते हैं। 12 माह में 12 राशियों में सूर्यदेव प्रवेश करते हैं। ऐसे ही जब सूर्य बृहस्पति की राशि धनु या मीन राशि में प्रवेश करते हैं, तो खरमास लगता है। ऐसी स्थिति में शुभ कार्यों पर रोक लग जाती है। विवाह के लिए 15 दिसंबर को साल का आखिरी मुहूर्त है। यानी 16 दिसंबर से शादियों पर ब्रेक लगेगा। 16 दिसंबर से सूर्य अपनी स्थिति बदलेगा और धनु राशि में प्रवेश करेगा। ज्योतिषि पंडित रमेश तिवारी ने बताया कि, हिंदू पंचांग के अनुसार जब सूर्य धनु और मीन राशि में प्रवेश करते हैं, तो खरमास की शुरुआत होती है। इस अवधि में सूर्य देव का प्रभाव कम होता है, इसलिए शुभ कार्य नहीं करते हैं। धनु राशि के स्वामी देव गुरु बृहस्पति है।

16 दिसंबर से शुरू हो रहे खरमास, 14 जनवरी को होंगे समाप्त,

सतनामी समाज की हुई बैठक

कवर्धा/नवप्रदेश। विगत दिनांक 10 दिसंबर 2022 को सतनामी समाज जिला कबीरधाम (कवर्धा) के सतनाम गुरुद्वारा में समाजिक बैठक आयोजित किया गया जिसमें समाजिक अधिकारी कर्मचारियों के ऊपर हो रहे अत्याचार जवलंत मुद्दों आरक्षण कटौती मुद्दों पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुआ कवर्धा सतनामी समाज के जिला अध्यक्ष रामप्रसाद मिरी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा की अनुसूचित जाति का आरक्षण पूर्व की भांति 16 त्न यथावत करने माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर के फैसला दिनांक 19/09.2022 प्र. क्र. WPC NO./591 OF 2022 परिपेक्ष्य में हवला देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के सतनामी समाज के हम प्रतिनिधि / सदस्यगण अनुसूचित जाति की ओर से लिखित ज्ञापन प्रेषित कर अनुसूचित जाति के प्रस्तावित आरक्षण 13त्न की जगह 16त्न करने की मांग करते हैं। अविभाजित मध्य प्रदेश मैं अनुसूचित जाति का आरक्षण सदैव 16% ही रहा है, जिसे छत्तीसगढ़ के पूर्ववर्ती सरकार ने 4% कम कर दिया गया था। जो वर्तमान सरकार के द्वारा उसमें 1% बढ़ाने का प्रस्ताव लाया गया है जो उचित नहीं है अनुसूचित जाति का प्रारंभ से ही यह मांग है कि जनसंख्या के अनुपात में सभी वर्गो को आरक्षण मिलनी चाहिए हम भी इसके पक्षधर हैं किंतु राज्य सरकार द्वारा हमारे 3त्न आरक्षण कटौती कर अनुसूचित जाति वर्ग पर अपनी दूषित मानसिकता को प्रदर्शित छत्तीसगढ़ के कांग्रेस के भूपेश सरकार ने कर दिखाया जिससे समाज में सरकार के प्रति विरोध व्याप्त है।

आदिवासियो की संदेहास्प्रद व पुलिस प्रताड़ना से लगातार मौतें : भाजपा

कानून व्यवस्था लचर, पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

कवर्धा/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश भाजपा महामंत्री विजय शर्मा, जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल सिंह, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष पीयूष ठाकुर, भुनेश्वर पटले भाजपा नेता,ने पुलिस अधीक्षक को कानून व्यवस्था सुधारने एवं आदिवासी युवक की मौत पुलिस प्रताड़ना से हुई है जिसे लेकर आदिवासी समाज काफी नाराज और डरे सहमे हुए हैं जिसे जल्द न्याय मिले कर पुलिस अधीक्षक को सौपा ज्ञापन।

घटना का पूरा मामला कबीरधाम जिला अंतर्गत विकासखंड बोड़ला के ग्राम पंचायत झलमला में 5 दिसंबर 2022 को पुलिस प्रताड़ना के कारण आदिवासी युवक ने आत्महत्या करने के लिए मजबूर हुआ अन्ततः युवक की मौत हो गई। बारेलाल पिता चंदुवा गोंड़, ग्राम पटुवा, थाना गढ़ी, मध्य प्रदेश को झलमला थाने में दिनांक 5 दिसम्बर 2022 को नाबालिग बैगा बालिका के लापता होने के सम्बंध में पूछ-ताछ के लिए बुलाया गया था तथा दूसरे दिन सुबह बारेलाल अपने घर में फाँसी के फंदे पर झूलता मिला।

इसी प्रकार एक और घटना कुछ दिन पहले हुआ था जो कूकदुर थाना क्षेत्र के ग्राम कमराखोल का बुधराम बैगा याद है ? 10 सितम्बर 2022 को फाँसी के फंदे पर झूलता पाया गया। अनेक विषय संदेहास्पद थे यथा पुलिस पहुँची तो लाश नीचे कैसे थी, गमछा तीन टुकड़ों में कैसे मिला था आज तक जाँच बना हुआ है, कुछ कर्मचारियों का ट्रान्स्फर और राष्ट्रीय सहायता की राशि के साथ विषय समय के गर्त में चला गया।

जिला में लगातार घटना हो रही है एक और घटना जो बैगा नौजवान हरिचंद मेरावि निवासी ग्राम बेंदा, थाना चिल्पी विकास खंड बोडला की संदेहास्पद मौत हुआ था, जो 24 जुलाई 2019 को आबकारी विभाग के कार्यालय में फाँसी पर झूलते पाया गया, और न जाने कितने छोटे बड़े विषय कवर्धा की हवाओं में तैर रहे हैं, परंतु पुलिस या तो हाथ पर हाथ रखे बैठे रहती है या फ़र्ज़ी स्नद्धक्र दर्ज करने में व्यस्त रहती है।

जिला भारतीय जनता पार्टी ने पुलिस अधीक्षक को विषयांतर्गत माँग है कि गुमहो चुकी नाबालिग बैगा बालिका की खोज करें। बारेलाल को प्रताड़ित करने वालों पर आत्महत्या हेतु प्रेरित करने सम्बन्धी धारायें लगायें और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिलवाएँ। यदि ये सब नहीं किया गया तो जन आक्रोश आंदोलन के स्वरूप में फूटेगा,और भारतीय जनता पार्टी आदिवासी समाज के साथ जन आंदोलन के लिए तैयार है न्याय के लिए पीछे नहीं हटेगी।

आदिम जाति कल्याण की योजनाओं से जरूरतमंद हो रहे लाभान्वित

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले में आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा विशेष रूप से पिछड़ी जनजातियों के लिए संचालित योजनाओं से जरूरतमंद लाभान्वित हो रहे हैं। जिले में केन्द्रीय क्षेत्रीय योजना मद अंतर्गत विशेष पिछड़ी कमार जनजाति के विद्यार्थियों को जूता, मोजा एवं स्वेटर वितरण किया गया है। जूता एवं मोजा के उपयोग से विद्यार्थियों को शारीरिक लाभ और पैरो की सुरक्षा में मदद मिलती है तथा ठंड के दिनों में स्वेटर के उपयोग से विद्यार्थी ठंड से राहत महसूस करते है जिससे विद्यार्थियों में पढ़ाई के प्रति रूझान बढ़ा है। इसी प्रकार विशेष केन्द्रीय सहायता उप योजना अंतर्गत कन्या छात्रवास / आश्रम में निवासरत छात्राओं के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु प्रशिक्षित 03 नर्स की संविदा आधार पर भर्ती किया गया है। नर्स द्वारा जिले के सभी कन्या छात्रावास / आश्रम में छात्राओं का नियमित रूप से स्वास्थ्य परीक्षण का कार्य किया जा रहा है। छात्राओं के स्वास्थ्य परीक्षण से उनके शारिरीक एवं मानसिक कमजोरी दूर होती है, स्वास्थ्य ठीक होने से छात्राओं में मानसिक एवं बौद्धिक विकास हो रहा है, जिससे छात्राओं में पढ़ाई के प्रति रूचि बढ़ा है। छात्राएं आश्रम / छात्रावासों में रहकर पढ़ाई करने से अपने ग रि मा म य सम्मान जनक स्थान पर आगे बढ़ रहे है। इसके अलावा गर्भवती महिलाओं हेतु ग्राम बिन्द्रानवागढ़ में 9 लाख की लागत से प्रतिक्षा कक्ष भवन का निर्माण कराया गया है। गर्भवती महिलाओं के देखभाल तथा गर्भवती माता एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने एवं संस्थागत प्रसव में स्थायी वृद्धि के लिए गर्भवती सेवा केन्द्र का आरंभ करने से शिशुओं के जन्म के समय प्रसव कक्ष में देखभाल की गुणवत्ता बेहतर होने से माँ एवं नवजात शिशु दोनो के ही जीवन को खतरा होने से बचाव किया जा रहा है।

बाबा गुरुघासीदास जयंती पर प्रदेश में हो पशु वध और मांस विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित : प्रज्ञा निर्वाणी

- जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने मुख्यमंत्री और प्रशासन को ट्वीट कर रखी मांग

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिला पंचायत सदस्य और असंगठित कामगार कर्मचारी कांग्रेस की जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी ने मुख्यमंत्री, राज्यपाल और मुख्यसचिव छत्तीसगढ़ शासन को ट्वीट कर मांग की हैं कि सतनामी समाज के पंथ प्रदर्शक बाबा गुरु घासीदास की जयंती पूरे देश में 18 दिसंबर को और विशेषकर छतीसगढ़ में बड़े विशाल आयोजनों के साथ समाज के लोगों द्वारा सद्भावना के साथ मनाया जाता हैं।

बाबा गुरु घासीदास ने पूरे जीवन भर सत्य और अहिंसा की सीख दी हैं, उनके जीवन दर्शन का आधार ही सत्य और सतनाम रहा हैं। सिर्फ सतनामी समाज नहीं बल्कि सर्व समाज के कल्याण की कामना बाबा करते थे, उनका कहना मनखे मनखे एक समान में पूरे जीवन का दर्शन छुपा हैं। लाखों की संख्या में बाबा गुरु घासीदास के अनुयायी प्रदेश में रहते हैं, सरकार के द्वारा उनकी जयंती में मदिरा विक्रय बंद रखा जाता हैं, बाबा के पवित्र जयंती के अवसर पर मांस विक्रय और पशु वध भी राज्य में प्रतिबंधित हो, ऐसी जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी मांग की हैं।

उन्होंने कहा कि इससे न केवल सतनाम समाज बल्कि बाबा घासीदास के बताए मार्ग पर चलने की हम सब छत्तीसगढ़ियों की अभीप्सा का सम्मान होगा। बाबा गुरु घासीदास ने सम्पूर्ण जीवन समाज को मांसाहार और मदिरापान के घोर विरोधी रहें, राज्य सरकार के मुखिया होने के नाते संवेदनशील लोकप्रिय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से ट्वीट कर अनुरोध किया है कि 18 दिसंबर को बाबा गुरुघासीदास की जयंती पर माँस विक्रय और पशु वध पर भी पूरे 24 घंटे का प्रतिबंध हो, यह छतीसगढ़ की बाबा के प्रति कृतज्ञता के भाव का प्रगटीकरण होगा। जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने इस अनुरोध का ट्वीट मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के अलावा सतनामी समाज के वर्तमान जगदुरु गुरु घासीदास के वंशज गिरौदपुरी धाम के गद्दीनशीन और सरकार में पीएचई मंत्री गुरु रुद्रकुमार को भी किया हैं। निर्वाणी ने उम्मीद जताई है इस पवित्र और पूज्यनीय दिवस के आध्यात्मिक महत्व को समझते हुए प्रदेश के लाखों सतनाम समाज के अनुयाइयों की भावना को पूरी गंभीरता से लिया जाएगा। छत्तीसगढ़ में बाबा गुरु घासीदास के बताए मार्ग में चलकर सत्य और अहिंसा के रास्ते सद्भावना पूर्वक रह रहे अनुयाइयों के लिए उपहार स्वरूप दिन होगा।

सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं व सेवाओं का लाभ दिलाने के लिए हुआ जागरूकता का प्रयास

- जिले में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय सार्वभौमिक हेल्थ कवरेज दिवस

राजनांदगांव/नवप्रदेश। बेहतर स्वास्थ्य के लिए सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं व सेवाओं का लाभ कैसे लिया जाए, इस बारे में जिले में वृहद जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। अंतर्राष्ट्रीय सार्वभौमिक हेल्थ कवरेज दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य केंद्रों में प्रेरक बैनर-पोस्टर के माध्यम से स्वास्थ्य सेवा से जुड़ी विभिन्न सरकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया।

प्रतिवर्ष 12 दिसंबर को अंतर्राष्ट्रीय सार्वभौमिक हेल्थ कवरेज दिवस (इंटरनेशनल यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज डे) मनाया जाता है। सार्वभौमिक हेल्थ कवरेज का आशय हर व्यक्ति के लिए वित्तीय कठिनाई का सामना किए बिना गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच है। अंतर्राष्ट्रीय सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज दिवस को मनाने का उद्देश्य सारे विश्व में कही भी हर व्यक्ति को सस्ती, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने के लिए मजबूत स्वास्थ्य प्रणालियों को स्थापित करना और सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज की आवश्यकता के बारे में जागरूकता को बढ़ाना है। इसी कड़ी में सभी संयुक्त राष्ट्र सदस्य देश 2030 तक सतत विकास लक्ष्यों के हिस्से के रूप में सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (यूएचसी) को प्राप्त करने की कोशिश करने हेतु सहमत हुए हैं। इस बारे में जिला कार्यक्रम अधिकारी (डीपीएम) भूमिका वर्मा ने बताया : सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (यूएचसी) का मतलब देश के किसी भी भाग में बसे नागरिक की आय के स्तर, सामाजिक स्थिति, लिंग, जाति या धर्म के बिना सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज का न्यायसंगत उपयोग सुनिश्चित करना है। इसका उद्देश्य वहनीय, उत्तरदायी, गुणवत्तापूर्ण एवं यथोचित स्वास्थ्य सेवाओं के आश्वासन को सुनिश्चित करना है। इसमें रोकथाम, उपचार एवं पुनर्वास देखभाल शामिल हैं।

वहीं इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार बसोड़ ने बताया: सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज के जरिए जाति, धर्म, राजनीतिक विश्वास एवं सामाजिक-आर्थिक स्थिति के भेदभाव के बिना शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य का सकारात्मक लाभ लेना हर मनुष्य का अधिकार है। प्रत्येक मनुष्य को सभ्य जीवन मानक जैसे- स्वास्थ्य एवं परिवार की तंदुरुस्ती, भोजन, वस्त्र, आवास व चिकित्सा देखभाल की प्राप्ति का अधिकार है। इन आकस्मिकताओं जैसे-बेरोजगारी, बीमारी, दुर्घटना, अपंगता, विधवा या बुढ़ापे की देखभाल आवश्यक है। अच्छा स्वास्थ्य दीर्घकालिक आर्थिक विकास का आधार है। अंतर्राष्ट्रीय सार्वभौमिक हेल्थ कवरेज दिवस के अवसर पर इस दिशा में जनजागरूकता बढ़ाने के लिए जिले में प्रेरक प्रयास किए गए।

कवर्धा बना अपराध का गढ़ : अनिल सिंह

कवर्धा/नवप्रदेश। जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह के निर्देश पर भारतीय जनता युवा मोर्चा ने कांग्रेस सरकार का पुतला दहन किया जिला भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि जब से छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनी है तब से पूरे छत्तीसगढ़ में अराजकता का माहौल बना हुआ है कवर्धा पुलिस स्थानीय विधायक मंत्री के इशारे पर काम कर रही है भाजयूमो जिला अध्यक्ष ने पीयूष सिंह ने कहा कि कवर्धा में हत्या , लूटपाट , बलात्कार के मामले आये दिन सामने आते है ,पर पुलिस निर्दोषों के खिलाफ कार्यवाही करने में मस्त है , निर्दोषों को प्रताड़ित करने में लगी है जिसके चलते झलमला थाना के पूछताछ से परेशान होकर आदिवासी व्यक्ति बुधराम ने फांसी लगा लिया। कवर्धा पुलिस कांग्रेस के इशारे में काम करने में ही व्यस्त है जबकि कवर्धा अपराध का गढ़ बन चुका है।

मानवीयता की श्रेष्ठता के लिए समर्पण का सदैव ही आदर किया जाएगा : छन्नी

- ग्राम सांगली के डड़सेना सिन्हा कलार समाज के कार्यक्रम में पहुंचीं खुज्जी विधायक

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी खुज्जी विधानसभा के ग्राम सांगली में रविवार को छत्तीसगढ़ डड़सेना सिन्हा कलार समाज के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। विकासखंड स्तरीय इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के सभी सामाजिकजन जुटे।

यहां सहस्त्र बाहु जयंती के साथ ही दीपावली मिलन एवं सम्मान समारोह का कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। इस अवसर पर मेधावी विद्यार्थियों का भी सम्मान किया गया। डड़सेना सिन्हा कलार समाज के इस वृहद कार्यक्रम में खुज्जी विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू बतौर अतिथि के रुप में शामिल हुईं। क्षेत्रीय डड़सेना सिन्हा कलार समाज के वरिष्ठ नागरिक, युवा और महिलाएं भी इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मौजूद रहीं। अतिथि विधायक श्रीमती छन्नी साहू के यहां पहुंचने पर सामाजिकजनों ने भव्य स्वागत किया। वरिष्ठों ने श्रीमती साहू को पुष्प-गुच्छ भेंट कर मंचासीन किया। समाज के वरिष्ठों, पदाधिकारियों का आभार प्रकट करते हुए विधायक ने सभी का अभिवादन किया।

खुज्जी विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू ने अपने उद्बोधन के दौरान कहा कि सामाजिक सम्मेलन और इस तरह के आयोजन एकता-अखंडता का सूत्र हैं। एक-दूसरे के सहयोग से ही जीवन की सार्थकता है। सक्षम व्यक्ति कमजोरों की मदद करें और उन्हें मुख्यधारा से जोड़े रखने का बीड़ा उठाएं ये बेहद जरुरी है, ताकि समाज की सार्थकता बनी रहे। उन्होंने कहा कि, आपसी सामंजस्य से ही मुश्किल से मुश्किल चुनौतियों पर पार पाया जा सकता है। आज आप सभी को यहां एक साथ देखकर अभिभूत हूं।

छन्नी चंदू साहू ने समाज की मां बहादुर कलारिन को नमन करते हुए कहा कि समाज को आगे लाने के लिए स्त्री-पुरुषों को समान रूप से अवसर प्रदान होना चाहिए। मां बहादुर कलारिन की प्रतिमूर्ति बेटियों के लिए हम अपने बच्चों को उचित संस्कार दें व नित नए परंपराओं को ग्रहण कर पुरानी सामाजिक बुराइयों के त्याग करने के पश्चात ही हमारे समाज को गति मिलेगी। मानवीयता की श्रेष्ठता के लिए आपके समर्पण का सदैव ही आदर किया जाएगा। उन्होंने स्वागत के साथ ही सम्मान के लिए समाज का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर अम्बागढ़ चौकी मंडलेश्वर ताम्रध्वज सिन्हा, सचिव दाउचन्द सिन्हा, कोषाध्यक्ष कुंज बिहारी सिन्हा, तोरण बसु, कुंभज सिन्हा, ईश्वरी सिन्हा, फकीर सिन्हा, माणिक सिन्हा, सेक्टर प्रभारी बसंत मंडावी, मंडी उपाध्यक्ष उदयराम साहू, शैलेन्द्री सिन्हा, कन्हैया लाल, छगन लाल, कृपाशंकर नासिने, कामिनी बसु, सांगली सरपंच असवंतीन बाई, कमला बाई, दुलेश्वरी सिन्हा, नरेश गजेंद्र, चोवा राम, सरोज सिन्हा के साथ-साथ सामाजिक पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

युकां ने किसानों, कर्मचारियों के विभिन्न सुविधाओं को लेकर किया मांग

कवर्धा/नवप्रदेश। भारतीय युवा कांग्रेस कवर्धा द्वारा जिले के मुख्य दोनों सहकारी शक्कर कारखाने में सुविधा एवं निर्माण कार्य के लिए कबीरधाम कलेक्टर महोदय के नाम संयुक्त कलेक्टर दीप्ती गौवते जी को ज्ञापन सौपा गया।इस विषय पर माननीय कैबिनेट मंत्री मो.अकबर भैया जी को अवगत कराकर मांग किया जाएगा। युवा कांग्रेस कवर्धा विधानसभा अध्यक्ष वाल्मिकी वर्मा ने बताया कि भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना रामहेपुर एवं सरदार वल्लभभाई पटेल कारखाना पंडरिया में किसानो एव कर्मचारी हित में निर्माण कार्य एवं सुविधा के लिए कारखाना में पानी टंकी,किसान प्रतीक्षालय,बैठने हेतु चबूतरा,नहाने के लिए स्नानागार हो,किसानो के मदद हेतु हेल्पडेस्क,वेबसाइट के माध्यम से सर्वे व पर्ची की जानकारी व पर्ची हिंदी में जारी हो।

देव, दनुज, ऋषि ही नहीं अपितु परम ब्रह्म विष्णु करते हैं महादेव की उपासना : पुष्पांजलि

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेरला नगर के शिव महापुराण के चतुर्थ दिवस वृंदावन धाम से पधारी मानस पुत्री दीदी पुष्पांजलि हजारों श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा शिव का अर्थ है कल्याण स्वरूप और कल्याण पदार्थों पर ब्रह्म शिव की उपासना उच्च कोटि के सिद्धों आप तो कल्याणकारी साधकों एवं सर्वसाधारण आस्तिक जनों सभी के लिए परम मंगलमय परम कल्याणकारी सर्व श्रेयस्कर हैं। शास्त्रों में उल्लेख मिलता है कि देव, दनुज, ऋषि महर्षि, योगेंद्र, मुनेंद्र, सिद्ध, गंधर्व ही नहीं अपितु परम ब्रह्म विष्णु तक इन महादेव की उपासना करते हैं। भगवान राम तथा कृष्ण के तो परम आराध्य ही हैं। उपासना का प्रचार प्रसार भारत के सभी प्रदेशों में ही नहीं अपितु संपूर्ण विश्व में भी होता आ रहा हैं। शिव के इस लोक कल्याणकारी राज्य स्वरूप महत्व एवं उपासना पद्धति से सर्वसाधारण जनों को अवगत कराया, साथ ही शिव ही शक्ति है, शक्ति ही शिव हैं, जो इस बात को जानता हैं वह ज्ञानी हैं। शिव रूपी आस्था जब शरीर से निकल जाती हैं, तब शरीर शव बन जाता हैं, शव शमशान में जाता हैं, इसलिए शिव शमशान में वास करते हैं। राजा हो या रंक, यहां सब को सम होना पड़ता हैं। शंकर अपने शरीर में भस्म का लेपन करते हुए उपदेश देते हैं जिस शरीर का अभिमान करते हैं वह राख की ढेर में तब्दील हो जाता हैं।

अहंकार को त्यागने से मिलता है शिव का आशीर्वाद - पुष्पांजलि दीदी ने कहा कि संसार में काम, क्रोध, लोभ का उपयोग हैं, अभिमान का कोई उपयोग नहीं हैं। काम से भ्रष्टि उत्पन्न होते हैं, क्रोध से दुश्मन डरता, लोभ से ध्यान एकत्रित हो जाता है, पर अहंकार का क्या उपयोग हैं।

नपं अध्यक्ष शालिनी ने छात्राओं को दी सायकल

साजा/नवप्रदेश। इंदिरा गांधी शासकीय हाई स्कूल साजा में सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत छात्राओं को सायकल वितरण किया गया।

गौरतलब हो कि प्रतिवर्ष शासन द्वारा कन्या सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत विद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं को सायकल का वितरण किया जाता हैं, इसका उद्देश्य निम्न वर्गीय छात्राओं को पढ़ाई में मदद कर शिक्षा के लिए प्रेरित किया जाना हैं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष शालिनी जायसवाल, विधायक प्रतिनिधि मनोज जायसवाल, युगेश्वर सोनी उपाध्यक्ष नपं, पार्षदगण, आचार्य, शिक्षक व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

जायज मांगों के सामने झुका शिक्षा विभाग, अंबागढ़ चौकी मार्ग पर प्रदर्शन के बाद 4 शिक्षकों का हुआ इंतजाम

बालोद/नवप्रदेश। डौंडीलोहारा ब्लाक के ग्राम अरजपुरी के हायर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों ने स्कूल में शिक्षकों की भारी कमी को देखते हुए अर्धवार्षिक परीक्षा का बहिष्कार कर चक्का जाम पर बैठ गए थे। अंबागढ़ चौकी मुख्य मार्ग पर गांव के कुछ स्थानीय नेताओं के नेतृत्व में धरना पर बैठे हुए थे। इसके पूर्व से ही ज्ञापन देकर आंदोलन की चेतावनी दी गई थी। पर कोई ध्यान नही दिया गया। ज्ञापन के बाद भी समस्या दूर नही होने पर बच्चे नाराज हुए और परीक्षा छोड़कर सड़क पर बैठ गए। शिक्षा विभाग के अफसरों को बच्चों की मांगों के सामने झुकना पड़ा और 4 शिक्षकों की आनन-फानन में व्यवस्था की गई। दो को तो तत्काल जॉइनिंग हो गई शेष दो शिक्षक कल तक ज्वाइन हो जाएंगे।

तहसीलदार के ने अनुविभागीय अधिकारी को सौंपा गया था ज्ञापन

वनांचल ग्राम अरजपुरी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने डौंडी लोहारा तहसीलदार के द्वारा अनुविभागीय अधिकारी के नाम ज्ञापन दिया था। जिसमें जिक्र था कि विगत लगभग 3 माह से शिक्षको की कमी के चलते बच्चो की पढ़ाई नही हो पाई है। जिस

कारण वह वर्तमान में परीक्षा देने सक्षम नहीं है,इस कारण विद्यार्थियों में काफी आक्रोश है जिसके चलते विद्यार्थी गण 16 दिसंबर से होने वाले अर्धवार्षिक परीक्षा का बहिष्कार करने की सूचना प्रेषित करते हुए, अंग्रेजी, रसायन शास्त्र, भौतिक शास्त्र, भूगोल, गणित, संस्कृत विषयो के शिक्षक की मांग किए । अगर मांग पुरा नही होता है तो 12 दिसंबर सोमवार से शाला में तालाबंदी कर आंदोलन की चेतावनी दी गई थी। शाला नायक निखिल ठाकुर ने बताया की हम सभी विद्यार्थी शिक्षको की कमी के चलते परेशान थे इसलिए हम चाहते थे कि जल्द से जल्द शिक्षको की पूर्ति हो,साथ ही वर्तमान स्थिति में हम परीक्षा हेतु तैयार नहीं है इस कारण अर्धवार्षिक परीक्षा का बहिष्कार की गई। ग्रामीण युवा पंकज जैन ने कहा हमारा वनांचल क्षेत्र होने के कारण शासन प्रशासन ध्यान केंद्रित नही कर रही है,गरीब पिछड़े बच्चो को शिक्षा से विहीन रख शासन प्रशासन हमारे क्षेत्र के बच्चो के भविष्य और शिक्षा के साथ खिलवाड़ कर रही है,जो गलत है। हम अपने क्षेत्र के बच्चो के साथ ऐसा कृत्य बर्दाश्त नही करेंगे,हमारे क्षेत्र के बच्चो को भी शिक्षा ग्रहण करने का पूर्ण अधिकार है जिसके लिए सर्व सुविधा शिक्षकों की कमी इन सब का समाधान शासन प्रशासन को आवश्यक रूप से करना होगा,अन्यथा क्षेत्र व ग्राम वासी बच्चो के लिए न्याय की लड़ाई अवश्य लड़ेंगे।

यह लिखित आश्वासन मांगा गया

आंदोलन के दौरान पंकज जैन ने अफसरों से लिखित में वचन मांगा कि अटैच किए गए शिक्षको में से कोई भी शिक्षक विद्यालय से नही जायेंगे,जब तक स्थाई शिक्षको की पूर्ति नही हो जाती,जिसपर प्रशासनिक अधिकारियों ने अपनी सहमति लिखित व मौखिक रूप में दी,वही ग्राम अरजपुरी में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल खोलने की भी मांग भी की गई। जिस पर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने आश्वासन देते हुए आदेश आने तक का समय मांगी है,वही 3 दिनों के अंदर शिक्षक स्कूल में ज्वाइन करेंगे,अगर ज्वाइन नही कर पाते है तो पुनः गुरुवार को चक्काजाम जाम कर उग्र आंदोलन की चेतावनी प्रशासन को दे दी गई है।

15वें वित्त की राशि का बंदरबांट, 6 की जगह लगाया 4 लाइट

खैरागढ़/छुईखदान/नवप्रदेश। जनपद पंचायत छुईखदान का एक मामला सामने आया है जिसमे सोलर लाईट मे गबन का मामला बताया जा रहा है।

बता दें कि जिला युंका अध्यक्ष व जनपद पंचायत छुईखदान के सभापति गुलशन तिवारी ने केसीजी कलेक्टर डॉ जगदीश कुमार सोनकर को मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन व संभाग आयुक्त दुर्ग संभाग छत्तीसगढ़ शासन के नाम आवेदन सौंपते हुए बताया कि छुईखदान जनपद पंचायत अंतर्गत 15 वें वित्त आयोग के तहत ग्राम पंचायत पैलीमेटा, ग्राम पंचायत मोहगांव व ग्राम पंचायत ठाकुरटोला में ग्रामीणों की मांग को ध्यान में रखते हुए 1.70 लाख रुपये प्रति ग्राम मे हाई मास्क मिनी सोलर पैनल लाइट लगाने की सहमति हुई थी. जहां जनपद पंचायत छुईखदान द्वारा विभिन्न संस्थानों से कोटेशन उपलब्ध कराया गया. जिसमें मेसर्स इशिका इंटरप्राइजेज का कोटेशन का दाम सबसे कम होने के कारण लाइट लगाने हेतु सहमति बनी परंतु कार्य एजेंसी के द्वारा जो कोटेशन जनपद पंचायत छुईखदान को उपलब्ध कराया गया था उसके आधार पर कार्य संपन्न नहीं कराया गया।

कोटेशन में 30 वाट का 6 नग एलइडी लाइट, 6 नग सोलर मॉड्यूलर 6, नग बैटरी एवं 9 मीटर का ट्यूबलर पोल लगाना था. लेकिन नियम को दरकिनार कर कोटेशन पर काम ना करते हुए 6 एलईडी के जगह 4 एलईडी बल्ब, 4 सोलर मॉड्यूलर ,4 बैटरी एवं 7 मीटर का ट्यूबलर पोल लगाया गया।

जनपद सीईओ के लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे हैं ग्रामीण

जिस तरीके से सामानों की संख्या में कटौती करते हुए सोलर लाइट लगाया गया है.जहां तत्कालीन जनपद सीईओ प्रकाश चंद तारम के द्वारा लापरवाही पूर्वक बिना जांच किए ही राशि को संबंधित ग्राम पंचायत में स्वीकृत करा दिया गया. इससे यही प्रतीत होता है कि जनपद पंचायत के तात्कालिक सीईओ द्वारा अपने पद का दुरुपयोग करते हुए ग्राम वासियों के सुविधा के लिए लगाए जाने वाले लाइट में कटौती कर राशि का बंदरबांट किया गया है. जब आलरेडी सोलर पैनल मे क्वांटिटी लिखा हुआ है फिर भी कटौती करना समझ से परे है।

पहले भी किया जा चुका है आवेदन, नहीं हुई कार्यवाही

जनपद पंचायत छुईखदान के सभापति एवं जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष गुलशन तिवारी ने राजनांदगांव कलेक्टर डोमन सिंह, केसीजी जिला कलेक्टर जगदीश सोनकर व जिला सीइओ राजनांदगांव को आवेदन देकर इस गंभीर मामले की जांच करने निवेदन भी किया था परंतु आज पर्यंत तक किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

> जल्द ही इस गम्भीर मामले पर जांच करेंगे अनियमितता पाए जाने पर दोषियों के ऊपर कार्यवाही की जाएगी
>
> **डॉ जगदीश कुमार सोनकर**
> **कलेक्टर**

126 परिवारों के आशियाने का सपना होगा पूरा मंत्री अकबर ने हितग्राहियों को बांटे पट्टा

कवर्धा/नवप्रदेश। कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर ने आज कलेक्टर कार्यालय में 126 परिवारों को आवासीय पट्टा एवं 09 परिवारो को प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत मकाने बनाने की स्वीकृति पत्र का वितरण किया। कैबिनेट मंत्री मो.अकबर, नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा व उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने अपने हाथों से आवासीय पट्टा एवं प्रधानमंत्री स्वीकृति पत्रक वितरण कर बधाई व शुभकामनाएं दी। अब तक कैबिनेट मंत्री मो.अकबर के हाथों 1 हजार 104 व्यक्तियों को आवासीय पट्टा प्रदान किया जा चुका है ।

इन परिवारों को मिला आवास स्वीकृति पत्रक

कवर्धा शहर के 126 हितग्राहियों को कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आवसीय पट्टा तथा 09 क्रमशः सुनीता पति बाल स्वरूप, हंसी बाई पति अकल सिंह, जैतराम पति उधोराम, प्रेमा पति गोवर्धन यादव,, बेंदिया पति गौतरिहा, फेकन बाई पति भगवानी मानिकपुरी, लक्ष्मी श्रीवास पति विनोद श्रीवास, जमेली बाई पति अधनू जायसवाल, सविता मानिकपुरी पति फुलदास मानिकपुरी को प्रधानमंत्री आवास स्वीकृति पत्रक वितरण किया।

मंत्री ने 126 हितग्राहियों का नाम पढ़कर सुनाया

आवासीय पट्टा व स्वीकृति पत्र पाकर हितग्राही भी गदगद हुए। कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर सभी परिवारों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए सभी वार्डो के हितग्राहियों का नाम पढ़कर हितग्राहियों को अवगत कराया। उन्होनें सभी पात्र परिवारों को पट्टा व प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति लिए बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होनें निर्देशित करते हुए कहा कि मूलभूत समस्याओं को विशेष ध्यान रखे तथा शासन की सभी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने व सुविधा उपलब्ध कराये जाने को कहा।

मनवा कुर्मी समाज की बैठक में 22 प्रकरणों का हुआ निराकरण

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज अर्जुनी राज की मासिक बैठक शनिवार को ग्राम पाटन(मोपका) में सम्पन्न हुवा। राजप्रधान भुनेश्वर वर्मा ने छत्रपति शिवाजी महाराज, डॉ. खुभचंद बघेल, स्वामी आत्मानंद महराज के छायाचित्र पर द्वीप जलाकर बैठक की शुरूवात की।

समाज के सचिव अरुण वर्मा ने उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया की बैठक में शामिल लोगो को संबोधित करते हुए राजप्रधान भुनेश्वर वर्मा ने कहा कि यह सौभाग्य की बात है की सांगठनिक दृष्टिकोण से एक सूत्र में बंधे है और समाज के सविधान, सामाजिक प्रतिनिधि एवं उनके द्वारा किये गए निर्णय का आदर करते है।

इस अवसर पर उपस्थित क्षेत्र प्रधानों, ग्राम प्रमुखों का गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। बैठक में कुल 22 सामाजिक प्रकरणो का निराकरण किया गया। इस अवसर पर उपराजप्रधान तिलक बघेल, राजमंत्री गोपाल वर्मा, संगठनमंत्री गंगाप्रसाद वर्मा, कार्यलय सचिव किशोर वर्मा, कोषाध्यक्ष किशोर वर्मा, सचिव अरूण वर्मा, वरिष्ठ सलाहकार संतोष वर्मा, विश्राम वर्मा, कृष्ण कुमार वर्मा, देवलाल बघमार,प्रदीप वर्मा, तेज राम वर्मा,भाटापारा नगर इकाई अध्यक्ष दीपक टिकारिहा, महिलाउपाध्यक्ष राधा वर्मा, युवाध्यक्ष दिनेश वर्मा, क्षेत्रप्रधान पूरनलाल वर्मा, ग्राम प्रमुख शिवकुमार वर्मा, केंद्रीय सदस्य ओमप्रकाश बघेल, भाटापारा ईकाई युवाध्यक्ष प्रशांत वर्मा, जितेंद्र नायक सहित समाज के लोग भारी संख्या मे उपस्थित थे।

पहले युवती हुई लापता, फिर खेत में मिला शव, मचा हडकंप

■ **युवती की हत्या या आत्महत्या, पीएम रिपोर्ट आने के बाद होगा खुलासा**

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले में विगत एक वर्षो से कई तरह के घटना-दुर्घटना निकलकर सामने आ रहे है। और कई मामले ऐसी भी पेचिदा पडे है। जिनका खुलासा अभी तक नही हो पाया है। वर्तमान में घटे घटना की बात करे तो एक युवती लगभग 10 दिनो से लापता थी, परिजनो ने अपने सभी रिश्तेदारो से संपर्क कर पता लगाया, लेकिन युवती की जानकारी नही मिल पाई। और पिपरिया थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करा दी गई।

अब दुसरे मामले की बात करे तो कवर्धा के ही विवेक चौबे लगभग 1 महीने से लापता है। जिसकी खोज अब तक कबीरधाम पुलिस नही कर पाई है।वही अब इस तरह के कार्य प्रणाली को लेकर पुलिस विभाग पर ही सवाल उठने शुरू हो गए है। कि एक माह बीत जाने के बाद भी विवेक का पता नही लगा पाए है।

ज्ञात हो कि कबीरधाम जिले के

अंतर्गत ग्राम पंचायत इंदौरी से एक सनसनी मामला निकलकर सामने आया है। संतोष साहू की पुत्री रानू साहू उम्र 19 वर्ष , 5 दिसंबर से लापता थी, परिजनो ने अपने सभी रिश्तेदारो से रानू के विषय में जानकारी ली, लेकिन उसका पता नही लग पाया। आखिरकार पिपरिया थाने में इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई गई और पुलिस विभाग ने गुमशुदा युवती की पडताल करने शुरू कर दी। लेकिन उस समय पुरे इंदौरी के लोग सहम उठे, जब युवती की लाश इंदौरी के ही एक खेत मे मिली। युवती के लाश को जानवरो ने नोंच डाला था। ऐसी जानकारी पिपरिया थाने से मिली है। वहीं इस विषय पर कुछ लोगो का कहना है कि यह आत्महत्या नही है, युवती की निर्मम हत्या कर शव को खेत में फेंक दिया गया है, फिलहाल पुलिस विभाग ने पंचनामा बनाकर शव परीक्षण के लिए भेज दिया है। अब पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही इस मामले का खुलाशा हो सकेगा। कि युवती ने आत्महत्या की है या उसकी हत्या कर दी गई है। लोगो ने इस घटना के बाद से काफी आक्रोश देखा जा रहा है। और इस विषय पर जल्द से जल्द सुक्ष्म जांच करते हुए कार्रवाई की मांग की गई है।

नि :शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन 147 लोगों ने कराई आंखों की जांच

भाटापारा/नवप्रदेश। श्री दिगंबर जैन परवार पंचायती मंदिर के तत्वाधान में सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा नि शुल्क नेत्र जाँच शिविर का रविवार को आयोजन किया गया जिसमें लगभग 147 लाभार्थियों ने अपने नेत्रों की जाँच कराकर लाभ लिया।

दिगम्बर जैन समाज अध्यक्ष पीयूष जैन ने जानकारी देते हुए बताया की जाँच शिविर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चला।दिगंबर जैन समाज द्वारा गत वर्ष भी हृदय रोग संबंधित निशुल्क जाँच शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें भी 151 लाभार्थियों ने जाँच करवायी थी।इसके पश्चात आज नेत्र जाँच शिविर आयोजन किया गया जिसमें भाटापारा अंचल के सभी वर्ग पुरुष महिला बच्चों ने अपनी जाँच करवा कर लाभ लिया। इसमें रायपुर की डॉक्टर एकता जैन (जो की शंकर नेत्रालय चेन्नई में अपनी सेवाए दे चुकी है) द्वारा नि शुल्क सेवाएँ और परामर्श दिया गया तथा नेत्रो की सभी प्रकार की जाँच उच्च एवं नई टेक्नोलॉजी मशीनो द्वारा की गई। शिविर समापन पर डा एकता जैन का समाज के महिलाओं द्वारा गुलदस्ता देकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। सभी लाभार्थियों ने सफल आयोजन एवं व्यवस्था हेतु सकल दिगंबर जैन समाज एवं डॉक्टर एकता जैन का सहृदय धन्यवाद किया एवं निवेदन किया कि दिगम्बर जैन समाज आगे भी इस तरह के जाँच शिविर आयोजित करता रहे और भाटापारा वासियो को इसका लाभ मिलता रहे।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

गुजरात में भूपेंद्र का...

बेरा, कुबेर डिंडोर, भानुबेन बावरिया ने मंत्रिमंडल सदस्य के तौर पर शपथ ली है। जबकि परसोत्तमभाई ओधवजीभाई सोलंकी, बच्चूभाई खाबाद, मुकेश पटेल, प्रफुल्ल पंशेरिया, भीखूसिंह परमार और कुंवरजी हलपति ने राज्य मंत्री पद की शपथ ली है। वहीं, हर्ष सांघवी और जगदीश विश्वकर्मा ने राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के रूप में शपथ ली है।

पटेल ने राजनीति में हासिल किया मुकाम : बीजेपी के समर्पित कार्यकर्ता भूपेंद्र पटेल ने नगर निकाय स्तर से राज्य की राजनीति में अपना मुकाम हासिल किया है। पार्टी ने पिछले साल जब राज्य में पूरी ही सरकार को बदलने का फैसला किया था तब मुख्यमंत्री पद के लिए भूपेंद्र पटेल के चयन ने सबकों को चौंका दिया था। पार्टी ने विजय रूपाणी के स्थान पर भूपेंद्र पटेल का चयन किया था। मुख्यमंत्री पद की दौड़ में भूपेंद्र पटेल ने तत्कालीन उपमुख्यमंत्री नितिन पटेल समेत कई अन्य को पछाड़ दिया था। सितंबर 2021 में मुख्यमंत्री बनने से पहले भूपेंद्र पटेल को अहमदाबाद से बाहर कम ही लोग जानते थे। यहां तक कि उनसे पार्टी के अंदर भी ज्यादा लोग परिचित नहीं थे। उन्होंने गुजरात में अपने आप को एक नेता के तौर पर स्थापित करने के लिए कई कड़े फैसले किए। बीजेपी पहले ही ऐलान कर चुकी थी की पार्टी को बहुमत मिलने पर भूपेंद्र पटेल ही राज्य के मुख्यमंत्री होंगे। 'ओपिनियन पोल्स' में भी वह गुजरात का नेतृत्व करने के लिए लोगों की पहली पसंद के तौर पर उभरे थे।

हाईवे से गायब कार ...

उनके भाई विश्वजीत अधिकारी और अन्य रिश्तेदार हजारी लाल ढाली के साथ कांकेर शादी समारोह में आए हुए थे। ये सभी मूल रूप से ओडिशा के रहने वाले हैं। शादी समारोह में शामिल होकर सभी अपनी कार से लौट रहे थे। शनिवार रात करीब 10 बजकर 40 मिनट पर दुधावा चौक पार करने के बाद जंगलवार कॉलेज के पास चारों के मोबाइल कॉल करने पर बंद बताने लगा। उसके बाद चारों का कोई पता नहीं चल सका है। रविवार सुबह तक घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी जिसके बाद से कांकेर, कोंडागांव, केशकाल की पुलिस कार सवारों को ढूंढने जॉइंट ऑपरेशन चला रही थी।

सभी एंगल से जांच में जुटी रही कोतवाली पुलिस, एक क्लू ने खोला गायब होने का राज़

हाईवे से कार सहित लापता होने की खबर से पुलिस विभाग में हड़कंप मचा गया था। पुलिस गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लोगों की तलाश में जुटी थी।पुलिस अलग-अलग जगहों पर सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही थी। ताकि हाईवे से गायब कार का कहीं से तो क्लू मिल पाए

इसी बीच कुएं में कार गिरने की सूचना मिली । क्रेन और जेसीबी वाहनों के जरिए कुएं से कार को बाहर निकाला गया। जंगलवार कॉलेज के पास हाईवे से करीब 15 मीटर की दूरी पर बड़ा सा कुआं मौजूद है। स्थानीय लोगों को जब इस जगह पर कार के गायब होने की खबर लगी तो उन्होंने कुएं के पास जाकर देखा तो कार गिरी मिली। कुआं काफी बड़ा और गहरा है। काफी देर तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद कार को बाहर निकाल लिया गया है। कार में चार लोगों के शव मौजूद थे। शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पीएम के लिए भेज दिया। पीएम के बाद चारो शव को परिजनो को सौप दिया गया।

मृतकों में नायब तहसीलदार भी

शहर के गोविंदपुर में शनिवार रात शादी में शामिल होकर ओडिशा और कोंडागांव लौट रहे चार लोग अचानक नेशनल हाईवे 30 से गायब हो गए। सभी एक ही कार में सवार थे। सभी के मोबाइल बंद बता रहे थे। रविवार दोपहर तक जब इनकी कोई जानकारी नहीं मिली तो परिजन कांकेर थाना पहुंचे। लापता लोगों में ओडिशा के नायब तहसीलदार भी शामिल हैं।

पेट्रोल पंप में आखिरी ट्रांजेक्शन इसी लोकेशन में बंद मिला मोबाइल

जानकारी के अनुसार दुधावा चौक से आगे बढ़ने के बाद सिंगारभाट स्थित दंतेश्वरी पेट्रोल पंप से कार में पेट्रोल भी डलवाया गया । पुलिस की जांच में आखिरी ट्रांजेक्शन पेट्रोल पम्प का आया है। पुलिस पेट्रोल पंप के सीसीटीवी कैमरे की भी जांच कर रही है। जिले में इस तरह का अब तक का पहला मामला है।

जिस लोकेशन में चारों के मोबाइल बंद हुए हैं, वहां से कई अलग अलग रास्ते हैं। पुलिस सभी रास्तों में भी तलाशी अभियान चलाई। वहीं इस घटना से कांकेर से लेकर कोंडागांव तक चर्चा गर्म था। लोग यही जानने की कोशिश में लगे हैं कि कार सवारों के साथ आखिर क्या हुआ है।

रेस्क्यू टीम में कोतवाली पुलिस की रही अहम भूमिका

हाइवे से कार गायब होने की रिपोर्ट दर्ज कोतवाली में दर्ज हुई थी। कोतवाली पुलिस प्रभारी शरद दुबे अपनी टीम के साथ लगातार अपडेट लेते रहे । उनकी टीम भी पतासजी में जुटी हुई थी। इस दौरान कोतवाली पुलिस की टीम को मिले क्लू से गायब कर का रहस्य उठाया जा सका।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, राजनांदगांव (छ.ग.)

ईमेल -eeraj-phe-cg@gov.in

// ई-प्रोक्योरमेंट //

// निविदा आमंत्रण सूचना //

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र ''ए'' में जल जीवन मिशन अंतर्गत जल जीवन मिशन अंतर्गत एकल ग्राम योजनांतर्गत जिला राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान - गंडई एवं मोहला - मानपुर - अं. चौकी के विभिन्न विकासखंडो के विभिन्न ग्रामों में UPVC/HDPE पाईप लाईन जोड़ने बिछाने, उच्चस्तरीय जलागार निर्माण, स्वीच रूम, उच्चस्तरीय जलागार के चारो ओर बाउंड्रीवॉल निर्माण, सबमर्सिबल पंप का प्रदाय एवं स्थापना कार्य, विद्युत विभाग (CSPDCL) से इलेक्ट्रिक कनेक्शन, इलेक्ट्रोक्लोरीनेटर स्थापना, क्लोरीनेटर रूम घरों एवं शासकीय संस्थानों में कार्यरत नल कनेक्शन प्रदाय आदि एवं अन्य समस्त कार्य, टेस्टिंग, 03 माह का ट्रायल रन, 06 माह तक संचालन संधारण का कार्य (सम्पूर्ण कार्य सामग्री सहित संलग्न शेड्युल अनुसार) की मुहरबंद निविदाए दिनांक 07.12.2022 से ऑन लाईन पर आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त कार्य के निविदा की सामान्य शर्ते धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से दिनांक 14.12.2022 से डाउनलोड की जा सकती है तथा निविदा डाउनलोड करने की अंतिम दिनांक 28.12.2022 (शाम 5.30 बजे) तक है।

क्र.	निविदा क्रमांक	सिस्टम क्रमांक	विकासखण्ड	योजना/ग्राम का नाम	निविदा की लागत (रु. लाख में)
1	249	116455	छुरिया	किड़काड़ी	26.33
2	250	116456	खैरागढ़	रौनाभांठा	3.01
3	251	116457	खैरागढ़	झारझराघाट	3.30
4	252	116458	खैरागढ़	रेंगाकठेरा	11.26
5	253	116459	खैरागढ़	बोदागढ़	13.12
6	254	116460	खैरागढ़	कलकसा	39.48
7	255	116461	मोहला	अंगारा	11.33
8	256	116462	मोहला	गुंजमोहा	11.98
9	257	116463	मोहला	भुरसटोला	12.08
10	258	116464	मोहला	बागीनसुर	12.56
11	259	116465	मोहला	पाउरझोला	24.47
12	260	116466	मोहला	मरकामटोला	44.05
13	261	116467	मोहला	भीमपुरी	45.99
14	262	116468	मोहला	चंदनबिहरी	49.10
15	263	116469	मानपुर	टाटेकसा	9.69
16	264	116470	मानपुर	कोण्डे	13.85
17	265	116471	मानपुर	अलकन्हार	16.31
18	266	116472	मानपुर	कोहका	17.21
19	267	116473	मानपुर	नेवरगांव	25.09

जी-96587/4

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, राजनांदगांव (छ.ग.)

नगर पालिक निगम भिलाई
निविदा सूचना

सं./लो.क.वि./जोन-1/2022/33/362 — भिलाई, दिनांक 9/12/22

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी मे पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निमार्ण कार्य हेतु ऑफलाईन (Ofline) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रूपये लाख में)	आवेदन दिनांक	निविदा जमा करने की अंतिम तिथि
1	पार्षद निधि वर्ष 2022-23 से वार्ड-01 जुनवानी सतनामी पारा पुन्नी बाई घर से मेन रोड तक सी.सी. रोड एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य।	4.50	22.12.2022	29.12.2022
2	पार्षद निधि से वर्ष 2021-22 से वार्ड-01 जुनवानी सतनामी पारा शिव मंदिर से प्रेमलाल बारले के घर तक सी.सी. रोड एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य।	3.98	22.12.2022	29.12.2022
3	वार्ड-09 गौतम नगर सतनामी पारा में सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य।	4.00	22.12.2022	29.12.2022
4	वार्ड-13 पुरानी बस्ती कोहका में सार्वजनिक चबूतरा निर्माण कार्य ।	3.00	22.12.2022	29.12.2022
5	वार्ड-01 स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम शास. उ.मा. शाला खम्हरिया जुनवानी भिलाई में वाटर कूलर कार्य।	2.00	22.12.2022	29.12.2022

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, विस्तृत निविदा विज्ञाप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी uad.cg.gov.in अथवा विभागीय वेबसाइट www. bhilainagarnigam.com से डाउनलोड की जा सकती है।

जोन आयुक्त
जोन-01

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, रायपुर
// बिजली बंद की सूचना //

समस्त सम्मानीय उच्चदाब एवं निम्नदाब उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि तिल्दा एवं खरोरा उपसंभाग के अंतर्गत आने वाले निम्नलिखित 132 केव्ही लाईन में अतिआवश्यक सुधार कार्य किये जायेंगे इस हेतु दिनांक 14.12.2022 को दोपहर 12.00 से शाम 04.00 बजे तक विद्युत प्रवाह बंद रहेगा, जिसके कारण उपकेन्द्र से निकलने वाले समस्त फीडर एवं दर्शित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति अवरूद्ध रहेगी। आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

क्र.	उपकेन्द्र का नाम	फीटर का नाम	प्रभावित क्षेत्र
1	132/33 के.व्ही. तुलसी उपकेन्द्र	33 के.व्ही. एच.टी. फीडर	33. के. व्ही. एच.टी. कनेक्शन, अमित चावल, मुनका राइस, के.के. इंडस्ट्रीज, गोयल फूड्स, कैलाश राइस, जे.डी. इंडस्ट्रीज, चैतन्य सालवेक्स, अग्रवाल आइल इत्यादि।
2	--,,--	33 के.व्ही. टोहडा फीडर	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र टोहडा, हिरमी से निकलने वाले समस्त 11 के. व्ही. फीडरों के उपभोक्ता एवं 33 के. व्ही. एच.टी. विद्या राइस मिल, मनीष फूड्स, नटराज पेशिव इन्फा, जबलपुर हैचरी, ऑर्केस्टेड सिस्टम, इत्यादि।
3	--,,--	33 के.व्ही. ताराशिव फीडर	33/11 के.व्ही. ताराशिव, मुरा, बेलटुकरी उपकेन्द्र से निकलने वाले 11 के. व्ही. फीडर के समस्त उपभोक्ता तथा 33 के.व्ही इकोरेक्स, महालक्ष्मी स्टोन, अमेटी यूनिवर्सिटी, आई.टी.बी.पी., उमाश्री, मारुती फ्रेश इत्यादि।
4	--,,--	33 के.व्ही. जोता फीडर	33/11 के. व्ही. जोता एवं बिलाड़ी से निकलने वाले समस्त 11 के.व्ही. फीडर के उपभोक्ता तथा 33 के. व्ही. एच.टी. महेन्द्रा, वेन्कट पोल्ट्री, रायपुर रेफा थेम, सेन्ट्रल सीमेंट, अग्रवाल विद्युत एवं हाइटेक पॉवर इत्यादि।
5	--,,--	33 के.व्ही. जी. एम.आर. फीडर	33/11 के.व्ही उपकेन्द्र खरोरा, भैसा, कोसरंगी से निकलने वाले समस्त 11 के.व्ही. फीडर के उपभोक्ता, तथा 33 के. व्ही. ओम राइस टेक मोहित दाल, सी.जी. सोया, शारदा डेयरी जगदम्बा राइस, तिरूपति राइस, पर्ल राइस, बी.पी.सी.एल. अष्ट धातु फेरो इत्यादि।
6	--,,--	33 के.व्ही. बरतोरी फीडर	33/11 के. व्ही. बरतोरी से निकलने वाले समस्त 11 के.व्ही फीडर के उपभोक्ता एच.टी. उपभोक्ता खेतान बिल्डकॉन, रायपुर कनेटनर, प्रोटेक्ट साइन, आर. के. वेयरहाउस।
7	--,,--	33 के.व्ही. तुलसी फीडर	33/11 के.व्ही. तुलसी तथा तिल्दा से निकलने वाले समस्त 11 के.व्ही. फीडर के उपभोक्ता।

''विद्युत संबंधित शिकायतें केन्द्रीकृत कॉल सेन्टर के फोन नं. 1912 पर दर्ज कराएं।''

असुविधा के लिए खेद है

''विद्युत चोरी एक दण्डनीय अपराध हैं कृपया इससे बचे ''
''स्वहित एवं राष्ट्र हित में उर्जा बचाइए''

(शशांक श्रीवास्तव)
कर्म. संख्या 4401195
कार्यपालन यंत्री (संचा./संधा.) संभाग
छ. स्टे. पॉ. डि. कं. लि., रायपुर

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

कोर्ट में जबरन धर्मांतरण के खिलाफ याचिका पर सुनवाई स्थगित, मामला 9 जनवरी के लिए सूचीबद्ध

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने जबरन धर्मांतरण के खिलाफअधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई नौ जनवरी तक के लिए स्थगित कर दी है। सोमवार को इस याचिका पर हुई संक्षिप्त सुनवाई के दौरान एक पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता दुष्यंत दवे ने मामले में पक्षकार बनने की मांग करते हुए कहा कि याचिका में धर्मों के खिलाफलगाए गए कुछ आरोप बहुत ही गंभीर और घृणित प्रकृति के हैं। हालांकि, इस दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता अदालत के समक्ष नहीं उपस्थित थे, जिसके कारण जस्टिस एम आर शाह और एस रवींद्र भट की पीठ ने मामले में सुनवाई नौ जनवरी तक टाल दिया। गौरतलब है कि इससे पहले सुनवाई के दौरान जबरन धर्न परिवर्तन को लेकर कड़ी टिप्पणी करते हुए अदालत ने कहा था कि यह एक गंभीर मुद्दा है। इतना ही नहीं ये संविधान के खिलाफभी है। दरअसल, वरिष्ठ अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय ने अपनी याचिका में धोखाधड़ी और डरा-धमकाकर होने वाले धर्मांतरण को रोकने के लिए कड़े कदम उठाने की मांग की है। याचिका में कहा है कि अगर इन पर रोक नहीं लगाई गई, तो जल्द ही भारत में हिंदू अल्पसंख्यक हो जाएंगे।

2017 में कांटे के मुकाबले में हारी थी भाजपा, इस बार कांग्रेस से छीनी सीट

अहमदाबाद। गुजरात विधानसभा चुनाव के नतीजे आ चुके हैं। इस बार भारतीय जनता पार्टी ने नया रिकॉर्ड बना दिया है। 182 विधानसभा सीटों वाले गुजरात में भाजपा के 156 प्रत्याशी चुनाव जीत गए। कांग्रेस को सबसे ज्यादा नुकसान उठाना पड़ा। कांग्रेस 77 सीटों से सीधे 17 पर आ गई। मतलब कांग्रेस को 60 सीटों का नुकसान उठाना पड़ा। वहीं, इस बार सरकार बनाने का दावा करने वाली आम आदमी पार्टी के केवल पांच प्रत्याशी ही चुनाव जीत पाए। चार सीटें अन्य के झोली में गिरी। गुजरात चुनाव में अहमदाबाद जिले की बापूनगर सीट सत्ताधारी भाजपा व मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के लिए सियासी तौर पर बेहद खास थी। यहां अब तक तीन ही चुनाव हुए हैं जिसमें दो बार भाजपा तो एक बार कांग्रेस को जीत मिली है। यह सीट 2008 में हुए परिसीमन के बाद अस्तित्व में आई थी। 2022 चुनाव के लिए भाजपा ने इस सीट पर अपना उम्मीदवार दिनेशसिंह कुशवाहा को बनाया था। कुशवाहा ने कांग्रेस के हिम्मतसिंह पटेल को 12,070 वोटों से हरा दिया।

भारत में किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए जीएसपी क्रॉप ने सीटीपीआर उत्पाद 'हेलीप्रो' और 'बैलट' लॉन्च किए

रायपुर/नवप्रदेश। अहमदाबाद स्थित जीएसपी क्रॉप साइंस, एग्रोकेमिकल व्यवसाय में अग्रणी, ने हेलीप्रो और बैलट सीटीपीआर (क्लोरेंट्रानिलिप्रोले) को लॉन्च किया है। अनुसंधान और विकास टीम के अथक प्रयासों के बाद, जीएसपी क्रॉप अब बड़े पैमाने पर किसानों और ग्राहकों को लाभान्वित करने के लिए ' मेक इन इंडिया ' पहल के तहत सीटीपीआर का निर्माण और बिक्री करेगी।जीएसपी क्रॉप साइंस को हाल ही में भारत में सीटीपीआर (ष्ट्ठक्क) को बेचने और बनाने के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय से हरी झंडी मिली, जिसके बाद जीएसपी ने आधिकारिक तौर पर अपने क्लोरेंट्रानिलिप्रोले (ष्ट्ठक्क) उत्पादों हेलीप्रो और बैलट को लॉन्च किया जो इंजेक्शन, संपर्क, ओवि- लार्विसाइडल, लार्विसाइडल , चबाने वाले कीटों के माध्यम से काम करता है। यह पहले केवल एफ्एमसी द्वारा बेचा जाता था। क्लोरेंट्रानिलिप्रोल (सीटीपीआर) सभी लेपिडोप्टेरा और अन्य प्रजातियों को नियंत्रित करके गन्ना, चावल, सोयाबीन, दालों और सब्जियों जैसी फसलों में अपनी अनूठी क्रिया के साथ कीट नियंत्रण की एक प्रभावी और लंबी अवधि प्रदान करता है। संपर्क में आने पर यह कीट के अंडे, लार्वा और प्यूपा के लिए भी विषैला होता है। सीटीपीआर का पौधों में उत्कृष्ट बॉटम-अप इनटेक, प्रभावी रूप से पौधों में जड़ से तने तक प्रवेश करता है। इस लॉन्च पर जीएसपी क्रॉप साइंस के प्रबंध निदेशक भावेश शाह ने कहा, ÷जीएसपी भारतीय बाजार को हेलिप्रो और बैलट ब्रांड नाम के सीटीपीआर (क्लोरेंट्रानिलिप्रोएल) को लेकर खुश है। हम बहुत गर्व से कह सकते हैं कि हम उन कम कंपनियों में से एक हैं जो इस बाजार इसको बेचेगी। हमारा उद्देश्य हमारे मेहनती किसानों को सही उत्पाद के साथ सर्वोत्तम गुणवत्ता के साथ उचित मूल्य प्रदान करना है।

भारत में रियलमी 10 प्रो सीरीज का हुआ अनावरण

नई दिल्ली। 5जी इनेबल्ड स्मार्टफोन लॉन्च करने वाले भारत के पहले ब्रांड और सबसे भरोसेमंद टेक ब्रांड, रियलमी ने आज अपने लेटेस्ट यूथ फ्लैगशिप स्मार्टफोंस - रियलमी 10 प्रो.5जी और रियलमी 10 प्रो 5जी के लॉन्च की घोषणा की। रियलमी 10 प्रो सीरीज़ 5जी को उत्कृष्टता के साथ बनाया गया है। इसमें अद्भुत डिस्प्ले, फ्लैगशिप कैमरा, शक्तिशाली 5जी प्रोसेसर है, जो बेहतरीन परफॉर्मेंस प्रदान करता है। इसमें बॉक्स में रियलमी यूआई 4.0 मिलता है। अपनी नंबर सीरीज़ में नए उत्पाद के साथ रियलमी एक बार फिर यूज़र्स को ज्यादा आधुनिक व संपूर्ण अनुभव प्रदान कर रहा है, और मिड से लेकर हाई एंड सेगमेंट में अपनी पहुँच का विस्तार कर रहा है। लॉन्च के बारे में श्री माधव शेठ, सीईओ, रियलमी इंडिया, वीपी, रियलमी, और प्रेसिडेंट, रियलमी इंटरनेशनल बिज़नेस ग्रुप ने कहा, ''रियलमी नंबर सीरीज़ भारत और विश्व में हमारे यूज़र्स द्वारा सबसे ज्यादा पसंद की गई सीरीज़ है। यूज़र्स को ज्यादा आधुनिक टेक्नॉलॉजी प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता के साथ हमने हमेशा नंबर सीरीज़ के हर उत्पाद में ज्यादा आधुनिक विशेषताएं प्रदान की हैं, जो अपने मूल्य वर्ग में सर्वश्रेष्ठ हैं। रियलमी 10 प्रो सीरीज़ 5जी के साथ हमारा उद्देश्य नंबर सीरीज़ में बाजार की सर्वोत्तम विशेषताएं पेश करना और यूज़र्स को प्रीमियम फीचर्स प्रदान करना है। इन दोनों स्मार्टफोंस में फ्लैगशिप लेवल का डिस्प्ले और शक्तिशाली 5जी प्रोसेसर है, जो भारत में 5जी को जनसमूह तक पहुँचाने की हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। हम विश्व में नंबर सीरीज़ के 50 मिलियन यूज़र्स तक पहुँच चुके हैं, जिनमें से 30 मिलियन यूज़र्स भारत से हैं, और हमारे यूज़र्स को रियलमी 10 प्रो सीरीज़ 5जी भी बहुत पसंद आएगी। नंबर सीरीज़ के साथ वृद्धि के नए चरण में प्रवेश करते हुए रियलमी ने एक नई ए-लेवल रियलमी ''स्पायर'' कॉर्पोरेट स्ट्रेट्जी पेश की है। इसमें नंबर सीरीज़ का हर उत्पाद एक मजबूत रियलमी उत्पाद टॉवर का शिखर होगा और एक महत्वपूर्ण टेक्नॉलॉजिकल प्रगति का नेतृत्व करेगा।

गहन 5जी अनुभव का प्रदर्शन करते हुए रियलमी 10 प्रो.5जी और रियलमी 10 प्रो 5जी बॉक्स में एसए सपोर्ट, रियलमी 10 प्रो.5जी में 9 5जी बैंड्स और रियलमी 10 प्रो में 7 5जी बैंड्स के साथ आएगा।

मनहानि मामले में सुप्रीम कोर्ट से सिसोदिया को झटका, सत्येंद्र जैन ने भी वापस ली अपनी याचिका

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट से आम आदमी पार्टी नेता और दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को करारा झटका लगा है। कोर्ट ने सिसोदिया की उस याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया है, जिसमें असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा की ओर से उनके खिलाफदायर आपराधिक मानहानि के मामले को रद्द करने से इनकार करने के गुवाहाटी हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी गई थी। सीएम सरमा ने सिसोदिया के खिलाफकथित रूप से उनके खिलाफ अपमानजनक बयान देने के लिए मानहानि का मामला दायर किया था। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व

सरमा के वकील नलिन कोहली ने बताया कि कोर्ट ने दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया के वकील द्वारा पेश की गई दलीलों को खारिज कर दिया और अपील स्वीकार नहीं की। अब उन्हें गुवाहाटी में मुकदमे का सामना करना होगा। इस बीच सुप्रीम कोर्ट ने जेल में बंद दिल्ली के मंत्री सत्येंद्र जैन की उस याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया, जिसमें दिल्ली उच्च न्यायालय में मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उनकी जमानत याचिका की शीघ्र सुनवाई के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई थी। जैन ने सुप्रीम कोर्ट से अपनी याचिका वापस ले ली।

गुजरात में हमारी वैकल्पिक शैली हुई फेल

खुर्शीद बोले- कार्यकर्ताओं के सहयोग की जरूरत

बेंगलुरु। गुजरात में आज भूपेंद्र पटेल ने सीएम पद की शपथ ग्रहण कर ली। इससे पहले कल यानी 11 दिसंबर को हिमाचल प्रदेश में भी सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मुख्यमंत्री का पद ग्रहण किया था। दोनों राज्यों में हाल ही में हुए चुनावों में जहां हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस तो वहीं, गुजरात में भाजपा ने बहुमत के साथ जीत दर्ज की थी। इस बीच, गुजरात में कांग्रेस पार्टी की हार पर पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि गुजरात विधानसभा चुनावों में हमारी पार्टी की वैकल्पिक शैली और प्रचार का तरीका काम नहीं आया। इस दौरान उन्होंने राज्य में आम आदमी पार्टी के प्रदर्शन को लेकर उसकी सराहना की। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने राज्य में नए विचार की पेशकश करते हुए कांग्रेस की संभावनाओं को हानि पहुंचाई।

सलमान खुर्शीद ने ली चुटकी

इस दौरान जब सलमान खुर्शीद से गुजरात चुनाव के नतीजों से कांग्रेस को सीख लेने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि 'वही सीख, जो हम कहते रहते हैं कि 'हम चिंतन करेंगे।' उन्होंने यह भी कहा कि संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ हमारा वास्तविक जुड़ाव है। उन्होंने आगे कहा कि 'हम सभी जानते हैं कि क्या करने की आवश्यकता है, हर कोई जानता है कि क्या करने की आवश्यकता है, कार्यकर्ताओं को अब नेतृत्व के साथ सहयोग करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि 'कनेक्टिविटी मूल मुद्दा है।

हम बनाएंगे आदर्श हिमाचल प्रदेश

पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमाम खुर्शाद ने हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव के नतीजों पर कहा कि पहाणी राज्य ने पार्टी को एक नया उद्देश्य दिया है। मुझे उम्मीद है कि हम एक आदर्श हिमाचल प्रदेश बनाएंगे। गौरतलब है कि हिमाचल प्रदेश में हर पांच साल में सत्ताधारी पार्टी को बदलने का रिवाज बरकरार रहा और कांग्रेस ने भाजपा को सत्ता से बाहर कर दिया। कांग्रेस ने गुजरात में सिर्फ17 सीटों पर जीत हासिल की, जबकि 68 सदस्यीय हिमाचल विधानसभा में 40 सीटों पर जीत हासिल की।

चुनाव से पहले ही कांग्रेस मुश्किलों में थी

गुजरात विधानसभा चुनाव पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में कांग्रेस चुनाव से पहले ही मुश्किल में थी। उन्होंने कहा कि गुजरात में हमारी बहुत सारी रणनीतियां पिछले चुनाव से पहले की घटनाओं पर आधारित थीं जैसे-पाटीदार आंदोलन वगैरह। हालांकि हमने कुछ ऐसा हासिल करने की कोशिश करने के लिए अपने आधार को काफी हद तक बदल दिया था, जो हमारे पास अतीत में नहीं था।

उन्होंने कहा कि कह सकते हैं कि हमारी मध्यम अवधि और लंबी अवधि की योजना इस वजह से थोड़ी अव्यवस्थित थी। हमने एक वैकल्पिक शैली और पद्धति को एक साथ रखने की कोशिश की, लेकिन यह दुख की बात है हमारी यह रणनीति काम नहीं आई।

बीएनपी सांसदों के इस्तीफे की रणनीति के सफल होने की संभावना कम

ढाका। बांग्लादेश में प्रमुख विपक्षी दल बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के सांसदों के इस्तीफा देने के फैसले के बाद राजनीतिक तनाव बढ़ने के संकेत हैं। बीएनपी सांसदों ने तुरंत नए चुनाव की मांग पर जोर डालने के लिए संसद की सदस्यता से त्यागपत्र दिया है।

इस बीच बीएनपी लगातार इसी मांग पर जोर डालने के लिए जन प्रदर्शन और रैलियां भी आयोजित कर रही है। सत्ताधारी आवामी लीग ने बीएनपी की मांग को ठुकरा दिया है। अवामी लीग के महासचिव उबैदुल कादिर ने रविवार को कहा कि सात सांसदों के इस्तीफा दे देने से संसद पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। वह अपना काम करती रहेगी। पिछले आम चुनाव में बीएनपी के सिर्फ सात सांसद ही चुने गए थे। बीएनपी ने बीते शुक्रवार को अपनी सरकार विरोधी मुहिम के तहत 10वीं रैली आयोजित की थी। उस रैली में वक्ताओं ने वर्तमान संसद को तुरंत भंग करने और गैर-दलीय तटस्थ सरकार की देखरेख में नए चुनाव कराने की मांग की। बाद में इसी मांग के समर्थन में पार्टी सांसदों ने इस्तीफा दे दिया। उसके बाद से अवामी लीग के नेताओं ने बीएनपी की निंदा की मुहिम छेड़ रखी है। उबैदुल कादिर ने आरोप लगाया कि बीएनपी देश को अस्थिर करने की कोशिश कर रही है, लेकिन उन्होंने किया कि ये कोशिश नाकाम रही है। कादिर ने कहा कि प्रधानमंत्री शेख हसीना वाजेद के नेतृत्व में 'स्वतंत्रता संग्राम समर्थक ताकतें' देश विरोधी शक्तियों को कुचल देंगी।

चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अरब जगत में मचाई धूम, क्वाड और पश्चिम देशों के लिए बड़ा संदेश

दुबई। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग का अरब देश में जिस तरह से स्वागत किया गया उसने क्वाड और पश्चिम देशों को एक बार सोचने के लिए जरूर मजबूर कर दिया है। जिनपिंग के प्रभुत्व का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि कतर के अमीर तमिन बिन हमद अल थानी दोहा में चल रहे विश्व कप फुटबॉल समारोह को छोड़कर उनसे मिलने आए। अब सवाल ये उठ रहा है कि आखिर सऊदी अरब और चीन एक साथ आकर अमेरिका समेत पश्चिमी देशों को क्या संदेश देना चाहता है? चीन खाड़ी देशों में उस जगह को भरना चाहता है, जिसे अमेरिका ने खाली किया है। खाड़ी देशों में चीन की बढ़ती धाक अमेरिका के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। इसके अलावा हिंद-प्रशांत क्षेत्र में पश्चिमी देशों की दखल को देखते हुए भी जिनपिंग की यह यात्रा महत्वपूर्ण मानी जा रही है। दूसरा व्यापार के मोर्चे पर अमेरिका समेत पश्चिमी देशों को एक संदेश दिया है। जिनपिंग ने कहा कि उनकी यात्रा चीन अरब लीग देशों के संबंधों में एक नए युग की शुरुआत है। इस दौरान उनका खाड़ी देशों के अन्य तेल उत्पादकों से मिलने का भी कार्यक्रम है।

विरोध करने पर सरेआम फांसी दे रही ईरानी सरकार, एक सप्ताह के भीतर दो प्रदर्शनकारियों को मौत की सजा

तेहरान। ईरान में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारियों को सरेआम फांसी दी जा रही है। मिजान समाचार एजेंसी के मुताबिक विरोध की आवाज उठाने के आरोप में एक सप्ताह से भी कम समय में दो लोगों को सरेआम मौत की सजा दी गई है। समाचार एजेंसी AFP के मुताबिक ईरान में एक प्रदर्शनकारी को दो सुरक्षाकर्मियों को चाकू मारने का दोषी पाए जाने के बाद सरेआम फांसी दे दी गई। देश के सख्त महिला ड्रेस कोड का कथित रूप से उल्लंघन करने के लिए पुलिस हिरासत में महसा अमिनी की मौत के बाद सरकार विरोधी प्रदर्शनों को लेकर पिछले

हफ्ते मोहसिन शेखरी को फांसी पर लटकाए जाने के बाद यह दूसरी फांसी है।

रहनवरद ने चाकू मारकर दो सुरक्षाकर्मियों की हत्या की थी

देश की न्यायपालिका के तहत ईरान की मिजान समाचार एजेंसी के अनुसार, रहनवरद पर 17 नवंबर को मशहद में सुरक्षा बल के दो सदस्यों की चाकू मारकर हत्या करने और चार अन्य को घायल करने का आरोप लगाया गया है।

मशहद के क्रांतिकारी न्यायालय ने रहनवरद को मुहारेबेह के आरोप में दोषी ठहराया, जिसका अर्थ एक फारसी शब्द है जिसका अर्थ है ईश्वर के खिलाफ युद्ध छेड़ना। 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद के दशकों में दूसरों के खिलाफयह आरोप लगाया गया है और मृत्युदंड दिया जाता है। मशहद, एक शिया पवित्र शहर, तेहरान से लगभग 740 किमी पूर्व में स्थित है। प्रसारित फुटेज में एक व्यक्ति को गली के नुक्कड़ पर दूसरे का पीछा करते देखा जा सकता है, जहां वह एक खड़ी मोटरसाइकिल से गिरने के बाद उसे चाकू मार देता है। एक अन्य फुटेज में वही व्यक्ति दूसरे व्यक्ति को चाकू मारते हुए दिखा और वह तुरंत बाद भाग गया। सरकारी टीवी ने आरोप लगाया कि हमलावर की पहचान राहनवरद के रूप में हुई है।

मिंत्रा का ईओआरएस-17 फैशन, ब्यूटी और लाईफस्टाईल में अग्रणी ब्रांड्स के 17 लाख स्टाईल्स के साथ शुरू हुआ

बैंगलुरू। भारत के सबसे बड़े शॉपिंग कार्निवल और मिंत्रा की साल में दो बार आयोजित होने वाली एंड ऑफरीज़न सेल (ईओआरएस) का 17वाँ संस्करण देश में लाखों फैशनप्रेमियों के लिए पूरी दुनिया के ऑन-ट्रेंड लुक्स लेकर आने के लिए तैयार है। ईओआरएस का यह संस्करण पहले से ज्यादा बड़ा होगा, जिसमें पिछली सर्दियों के मुकाबले 70 प्रतिशत ज्यादा स्टाईल मिलेंगे।

इस सीज़न में 6000 से ज्यादा घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड्स के 17 लाख से ज्यादा स्टाईल ऑफर में मिलेंगे। यह सेल 10 दिसंबर से 16 दिसंबर'2022 के बीच चलेगी। मिंत्रा इनसाईडर्स (मिंत्रा के लॉयल्टी प्रोग्राम के सदस्य) के लिए अरली एक्सेस 9 दिसंबर को शुरू होगी। यह 7 दिवसीय कार्यक्रम विभिन्न श्रेणियों जैसे विंटर वियर, पार्टी वियर, एथनिक वियर, ब्यूटी एवं पर्सनल केयर (बीपीसी), होम एवं लाईफस्टाईल आदि में अतुलनीय ऑफर प्रदान करेगा। इस सेल में देश के लगभग 5 मिलियन अद्वितीय ग्राहक हिस्सा लेंगे।

शॉपर्स को यहाँ क्या मिलेगा?

उपभोक्ता फैशन, लाईफस्टाईल, होम डेकोर, ब्यूटी एवं पर्सनल केयर (बीपीसी) उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला बेहतरीन ऑफर्स के साथ शानदार मूल्यों में खरीद सकेंगे। यहाँ पर अग्रणी ब्रांड्स जैसे यूएसपीए, लैक्मे, डोरोथी पर्किंस, बूहू, नैस्टी गैल, एचएंडएम, मासिक, एनोमली, एट्यूड, लीवाइज़, लुई फिलिप, केनेथ कोल, नाईकी, प्यूमा, एडिडास, बोट, रेड टेप, एचआरएक्स, बैगिट, लेवी, अनूक, विशुद्ध, मामाअर्थ, मैक, बेनेफिट, बाथ एंड बॉडी वर्क्स आदि की ओर से विस्तृत संग्रह उपलब्ध होगा।

स्टेडियम हाउसफुल, सुपरओवर में नतीजा और तिरंगे के साथ 'विक्ट्री लैप', महिला क्रिकेट का ऐतिहासिक दिन

मुंबई। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टी20 सीरीज का दूसरा मुकाबला टीम इंडिया ने सुपर ओवर में जीता। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 187 रन बनाए थे और भारत ने भी 187 रन बनाकर मैच टाई कराया। इसके बाद सुपर ओवर में भारतीय टीम ने 20 रन बनाए, जबकि ऑस्ट्रेलियाई टीम 16 रन ही बना पाई और सुपर ओवर हार गई। सीरीज का पहला मैच हारने के बाद भारत ने यह मैच जीता और पांच मैच की सीरीज में 1-1 की बराबरी कर ली। सीरीज के लिहाज से यह मैच जीतना भारत के लिए अहम था। हालांकि, इस मैच में जीत के बावजूद भारत ने सीरीज में सिर्फ बराबरी की है और इस मैच की अहमियत बहुत ज्यादा नहीं थी, लेकिन महिला क्रिकेट के लिए यह मैच कई मायनों में खास था। आने वाले समय में भारत में महिला क्रिकेट की तस्वीर बदलने वाली है और इसकी झलकी इस मुकाबले में दिखाई दी। मुंबई का डीवाई पाटिल स्टेडियम दर्शकों से खचाखच भरा हुआ था। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफपहला मैच भारत हार गया था। इसके बावजूद फैंस स्टेडियम में पहुंचे और अपनी टीम का समर्थन किया। भारतीय खिलाड़ियों ने भी निराश नहीं किया और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रोमांचक जीत हासिल की।

एफआईएच नेशंस कप: भारतीय महिला हॉकी टीम ने चिली को 3-1 से हराया

वालेंसिया (स्पेन)। प्रो लीग में वापसी की उम्मीद में भारतीय महिला हॉकी टीम ने रविवार दोपहर चिली के खिलाफ 3-1 से शानदार जीत दर्ज करके एफआईएच महिला नेशंस कप 2022 जीतने के अपने अभियान की विजयी शुरुआत की। भारत के लिए संगीता कुमारी (3), सोनिका (11) और नवनीत कौर (32) ने गोल किए जबकि चिली के लिए एकमात्र गोल फर्नांडा विलग्रान (44) ने किया। भारत खिताब जीतने की उम्मीद कर रहा है, क्योंकि विजेता को एफआईएच प्रो लीग के अगले सत्र में पदोन्नत किया जाएगा। शीर्ष गोलकीपर सविता की अगुआई वाली भारतीय महिला हॉकी टीम ने पहले क्वार्टर में शानदार शुरुआत की, जिससे अपने विरोधियों पर उनका इरादा बिल्कुल स्पष्ट हो गया। फॉर्म में चल रही संगीता कुमारी ने खेल के तीसरे मिनट में गोल किया। अनुभवी फारवर्ड वंदना कटारिया ने दाहिने फ्लैंक में शानदार टैकल से गोल सेट किया और गेंद को संगीता की ओर धकेला, जिन्होंने गोल करने में कोई गलती नहीं की। उनके गोल ने भारत को चिली पर बढ़त दिला दी, मैच के बाद के मिनटों में वह इस गति को बढ़ाते चले गए। उन्होंने अपने आक्रमण में अच्छी गति से खेला। भारत ने 11वें मिनट में अपनी बढ़त को 2-0 से आगे बढ़ाया, जब संगीता ने सोनिका को गोल में तब्दील करने में मदद की। बाएं किनारे पर तैनात सोनिका ने सटीक डिफ्लेक्शन पाया, जिससे भारत को मजबूत बढ़त मिली। हॉकी इंडिया की वेबसाइट की रिपोर्ट के मुताबिक, रविवार के मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए सोनिका को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

केंद्रीय अनुबंध खो सकते हैं रहाणे-ईशांत और साहा

मुंबई। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) जल्द ही अगले सीजन (2022-23) के लिए केंद्रीय अनुबंध (सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट) वाले खिलाड़ियों की लिस्ट जारी कर सकता है। इस बार ईशांत शर्मा, ऋद्धिमान साहा और अजिंक्य रहाणे की कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में जगह खतरे में पड़ती दिखाई पड़ रही है। ये तीनों खिलाड़ी पिछले कुछ समय से टीम में नहीं हैं और बीसीसीआई इन्हें पूरी तरह से किनारे करने की सोच रहा है। वहीं, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पांड्या को प्रमोशन मिल सकता है। बोर्ड जनवरी से अप्रैल के बीच में हर साल सालाना केंद्रीय अनुबंध (बीसीसीआई सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट) की घोषणा करता है। इस बार यह फैसला 21 दिसंबर

को बोर्ड्स अपेक्स काउंसिल की बैठक में लिया जाएगा।

टी20 फॉर्मेट में हार्दिक पांड्या भारत के भविष्य के कप्तान माने जा रहे हैं। पिछली बार उन्हें ग्रेड लिस्ट में डिमोशन मिला था। ग्रेड-ए से सीधे उन्हें ग्रेड-सी में भेज दिया गया था। अब उन्हें प्रमोट कर ग्रेड-सी से ग्रेड-बी में भेजा जा सकता है। अपेक्स काउंसिल की मीटिंग में 12 एजेंडा पर बातचीत होगी। यह मीटिंग वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये होगी। बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज में भारत का प्रदर्शन एजेंडा का हिस्सा नहीं होगा। हालांकि, अगर बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी को लगता है कि इस मामले पर बातचीत होनी चाहिए तो फिर इस पर चर्चा होगी। इसके अलावा नोवेल जेस्चर दिखाते हुए अपेक्स काउंसिल वी जयदेवन के लिए वन टाइम पेमेंट की भी पुष्टि करेगी, जिनका रेन-रूल फॉर्मूला एक दशक से अधिक समय से घरेलू व्हाइट बॉल क्रिकेट में उपयोग किया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आईसीसी डकवर्थ लुईस स्टर्न नियम का इस्तेमाल करता है।

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 35 पैसे गिरकर 82.63 पर आया

मुंबई। घरेलू शेयर बाजारों में कमजोर रुख और विदेशी बाजारों में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती के बीच रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 35 पैसे की गिरावट के साथ 82.63 पर आ गया।विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि और विदेशी कोषों की निकासी से घरेलू मुद्रा प्रभावित हुई।अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनियम बाजार में रुपया कमजोरी के साथ 82.54 पर खुला, फिर और गिरावट के साथ 82.63 पर आ गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 35 पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले 10 पैसे की बढ़त के साथ 82.28 पर बंद हुआ था।

न्यूज गैलरी

'आओ बात करें' के माध्यम से जागरूक कर रहे हैं बीजादूतीर स्वयंसेवक

बीजापुर/नवप्रदेश। कि जिले में जिला प्रशासन के प्रयास से बीजादूतीर स्वयंसेवक कार्यक्रम संचालित है जिसमें जिले के सैकड़ों युवा स्वयंसेवक के रूप में जुड़कर सेवा दे रहे हैं। गर्भवती माता किशोरी, युवा, बालिका बच्चे, बुजुर्ग, अक्सर मानसिक पीड़ा से ग्रसित होते हैं और पीड़ा को अपने अंदर रखकर तनाव की स्थिति में चले जाते हैं 'आओ बात करें' प्रोग्राम में समुदाय को यह समझने में मदद मिल रहा कि कैसे एक दूसरे से बात करके तनाव से बाहर आ सकते हैं मानसिक पीड़ा से बाहर आने का एक ही माध्यम है एक दूसरे से बात करना एवं स्वयं प्रोत्साहित होना और सकारात्मक सोच रख कर जीवन जीना यह प्रयास में बीजादूतीर स्वयंसेवक लगातार लोगों को व्यवहार परिवर्तन करने का प्रयास कर रहे हैं समुदाय के साथ बात करके एगृह भ्रमण के द्वारा, नारा लेखन के द्वारा मानसिक पीड़ा से बचने हेतु बीजादूतीर स्वयंसेवक मार्गदर्शन कर रहे हैं।

जिपं सीईओ ने ली सरपंच-सचिवों व रोजगार सहायकों की बैठक

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश पर जिला पंचायत सीईओ गोपाल वर्मा ने कसडोल विकासखंड अंतर्गत 116 पंचायतो के सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक की विशेष बैठक ली। उक्त बैठक का आयोजन स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल के सभागार में संपन्न हुई। जिसमे गोधन न्याय योजना, पैरा दान ,मनरेगा स्वच्छ भारत मिशन के सम्बंध में विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होनें गांवो में पैरादान को बढ़ावा देने के लिए विशेष अभियान, गौधन के तहत गोबर खरीदी, मनेरगा के तहत गांवों में रोजगार मूलक कार्य करने सभी सरपंचों को अपूर्ण निर्माण कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही इस मौके पर सर्वाधिक पैरा दान करने वाले,सर्वाधिक गोबर खरीदी करने वाले तथा सर्वाधिक 100 दिवस रोजगार देंने वाले पंचायत को साल एवं श्रीफ ल से सम्मानित किया गया।उक्त मौके पर जनपद पंचायत अध्यक्ष सिद्धांत मिश्रा,अतिरिक्त सीईओ जिला पंचायत हरिशंकर चौहान,एपीओ मनरेगा के.के साहू, एसबीएम जिला समन्वयक मुरली कांत यदु, सीईओ कसडोल हिमांशु वर्मा सहित अन्य समस्त अधिकारी,कर्मचारी गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

रामकृष्ण केयर अस्पताल में हुई घुटने रिप्लेसमेंट का लाइव र्वकशॉप

रायपुर/नवप्रदेश। अभी हाल ही में रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में जोड़ प्रत्यारोपण का लाईव वर्कशॉप कराया गया जिसमें शहर के जाने-माने 50 से भी ज्यादा डॉक्टरों ने इस वर्कशॉप में भाग लिया। इसमें डॉ. अंकुर सिंघल ने लाईव सर्जरी मोबाईल बियरिंग गोल्ड (टाइटेनियम न्यूबियम नाइट्रेट नी) जोड़ का इस्तेमाल किया, लाईव सर्जरी के बाद शहर के डॉक्टरों ने अलग-अलग टॉपिक में वार्तालाप की तथा यह प्रोग्राम बहुत ही सफलतापूर्वक रहा एवं वर्कशॉप में डॉक्टरों ने ज्वाइंट रिप्लेसमेन्ट से संबंधित एडवांस नई तकनीक के बारे में भी वार्तालाप की तथा मरीज के सेटिफेक्शन को कैसे समझा जाये इसके बारे में भी वार्तालाप की इस वर्कशॉप में अस्पताल के मैनेजिंग एवं मेडिकल डायरेक्टर डॉ. संदीप दवे एवं आर्थोपेडिक विभाग के एचओडी डॉ. पी. धाबलिया ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करायी एवं इस लाईव वर्कशॉप के बारें भी अपनी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।
इस वर्कशॉप में विभिन्न प्रकार के सवालों का आदान-प्रदान किया और साथ ही साथ जितने भी डॉक्टर आये थे उन सभी के सवालों का अच्छी तरह निवारण किया गया। डॉ. अंकुर सिंघल ने बताया कि इस तरह के वर्कशॉप आगे भी जारी रहेगी और इस एडवांस तकनीक से लोगों का उपचार रामकृष्ण केयर अस्पताल में आगे भी किया जायेगा।

मुख्यमंत्री आज बसना विधानसभा क्षेत्र के गोपालपुर और पिरदा में लगाएंगे जनचौपाल, ग्रामीणों से करेंगे चर्चा

■ **कल बसना में 64 करोड़ 13 लाख रुपए के विकास कार्यों का करेंगे भूमिपूजन एवं लोकार्पण**

महासमुंद/नवप्रदेश। सीएम भूपेश बघेल 14 दिसम्बर को बसना विधानसभा क्षेत्र में 64 करोड़ 13 लाख 92 हजार रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। इसमें 32 करोड़ 64 लाख 09 हजार रुपए के 37 विकास कार्यों का भूमिपूजन और 32 करोड़ 59 लाख 83 हजार रुपए के 23 कार्यों का लोकार्पण शामिल है। मुख्यमंत्री श्री बघेल भूमिपूजन में नवीन सड़क निर्माण, पुल-पुलिया, और महाविद्यालय में अतिरिक्त कक्ष निर्माण आदि कार्य शामिल है। लोकार्पण कार्यों में स्कूल भवन निर्माण, आहता निर्माण, सांस्कृतिक भवन निर्माण, सी.सी. रोड, सामुदायिक भवन, सामुदायिक भवन निर्माण आदि शामिल है। मुख्यमंत्री आज मंगलवार 13 दिसम्बर को बसना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गोपालपुर और ग्राम पिरदा में भेंट मुलाकात कार्यक्रम प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री ने बसना के ग्राम पिरदा एवं ग्राम गोपालपुर में आम जनता से भेंट मुलाकात करेंगे और राज्य शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी लेंगे। मुख्यमंत्री इस मौके पर हितग्राहियों को सामग्रियों का वितरण भी करेंगे। वह बसना रेस्ट हाउस में विश्राम करेंगे। दूसरे दिन 14 दिसम्बर को जिला अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेंगे।

खल्लारी विधानसभा को भी देंगे करोड़ों की सौगात

15 दिसम्बर को खल्लारी विधानसभा क्षेत्र में 29 करोड़ 26 लाख 05 हजार रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। इसमें 25 करोड़ 04 लाख 84 हजार रुपए के 41 विकास कार्यों का भूमिपूजन और 4 करोड़ 21 लाख 21 हजार रुपए के 42 कार्यों का लोकार्पण शामिल है। मुख्यमंत्री भूमिपूजन में नवीन सड़क निर्माण, पुल-पुलिया, और नवीन विश्राम गृह निर्माण, हाई स्कूल भवन एवं नवीन महाविद्यालय निर्माण आदि कार्य शामिल है। लोकार्पण कार्यों में स्कूल भवन निर्माण, आहता निर्माण, सांस्कृतिक भवन निर्माण, सी.सी. रोड, रंगमंच, सामुदायिक भवन निर्माण आदि शामिल है।

बागबहरा में करेंगे रात्रि विश्राम

मुख्यमंत्री का प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार बुधवार 14 दिसम्बर को बसना से हेलीकॉप्टर द्वारा खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बगारपाली आयेंगे और आम जनता से भेंट मुलाकात करेंगे। उसके बाद मुख्यमंत्री बघेल ग्राम एमके बाहरा आयेंगे। यहां भी वह जनता से रूबरू होंगे और राज्य शासन की योजनाओं की जानकारी लेंगे। इसी दिन रात्रि में जनप्रतिनिधियों से भी मुलाकात करेंगे और रात्रि विश्राम बागबाहरा रेस्ट हाउस में करेंगे। 15 दिसम्बर को जिला और ब्लॉक अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेंगे। उसके बाद प्रेसवार्ता करेंगे।

राजिम पुन्नी मेला स्थल स्थायी रूप से होगा विकसित, श्रद्धालुओं को मिलेगी सुविधाएं

■ **प्रदेश के धर्मस्व मंत्री ने किया मेला स्थल का अफसरों के साथ निरीक्षण**

गरियाबंद/नवप्रदेश। प्रदेश के लोक निर्माण, गृह, धर्मस्व मंत्री ताम्रध्वज साहू राजिम मेला के लिए चयनित नये स्थल का अवलोकन किया। उन्होंने स्थल पर चल रहे कार्यों का जायजा लेते हुए शीघ्रता से नवीन स्थल को राजिम मेला के लिए स्थायी रूप से विकसित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में श्रद्धालुओं की आवश्यकता, स्थानीय नागरिकों के सुझाव और आगामी 100 सालों को ध्यान में रखते हुए अधोसंरचना विकास के कार्य किये जाए। स्थल का विकास इस तरह किया जाए कि श्रद्धालुओं को यह स्थान आकर्षित करे। इस स्थान को राम वनगमन परिपथ से भी जोड़ा जायेगा। श्री साहू ने मंदिर दर्शन आने-जाने के लिए फोर लेन सड़क के तर्ज पर सड़क विकसित करने कहा है। उन्होंने कहा कि पैदल यात्रियों के लिए आने-जाने के लिए अगल से चौड़ी सड़क हो। उन्होंने कहा कि नदी में बारहमासी पानी की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जायेगी। भविष्य में नदी में लगने वाले टेंट और अन्य दुकानें को इसी स्थल पर स्थानांतरित किया जायेगा। मंत्री श्री साहू ने आगामी 7 जनवरी 2023 को राजिम भक्तिन माता जयंती कार्यक्रम नवीन मेला स्थल पर कराने हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान मंत्री श्री साहू ने राम वनपथ गमन पर निर्माणाधीन कार्यों का भी अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि 7 जनवरी को राम वन गमन पथ पर महानदी तट पर स्थापित मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम चन्द्र जी के मूर्ति का अनावरण भी किया जाएगा। उन्होंने इस हेतु अधिकारियों को सभी तैयारी पूर्ण कर लेने के निर्देश दिए। कलेक्टर प्रभात मलिक ने नवीन मेला स्थल पर ड्राइंग डिजाइन एवं निर्माणाधीन अधोसंरचना व स्वीकृत बजट राशि के संबंध में विस्तार पूर्वक अवगत कराया। यहां पर धर्मशाला, गार्डन, तटबंध, शौचालय, मंदिर जैसे निर्माण किये जायेंगे। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अमित कांबले, जिला पंचायत सीईओ रोक्तिमा यादव, अपर कलेक्टर अविनाश भोई, अनुविभागीय अधिकारी राजिम पूजा बंसल, जनपद पंचायत फिंगेश्वर की अध्यक्ष पुष्पा साहू एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि, नागरिक मौजूद थे।

फिर गई बेजुबानों की जान!

सड़ी-गली अवस्था में मिला तेंदुए का शव

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में जंगली जानवरों की मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन किसी ने किसी वनमंडल क्षेत्र में वन्य प्राणियों की लाश मिल रही है। इधर, वन विभाग के अफसर चैन की बांसुरी बजा रहे हैं। ऐसा ही एक जीता जागता मामला छत्तीसगढ़ के बलौदबाजार जिले से सामने आया है। यहां बार नवापारा अभ्यारण्य से लगे लवन वन परिक्षेत्र में दो तेंदुए का शव जंगल में मिला है। तेंदुए के शव करीब महीने भर पहले की है। दरअसल, दोनों तेंदुए के शव पूरी तरह सड़ गल गए थे। इस घटना ने वन विभाग के अफसरों की पोल खोल कर रख दी है। अगर वन विभाग के अफसर व कर्मचारी ईमानदारी से जंगल में गश्त पर निकलते तो न सिर्फ वन्य प्राणी सुरक्षित रहते बल्कि उन्हें तेंदुए के शव की जानकारी भी पहले मिल जाती। बहरहाल इस घटना की बात करें तो छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले के लवन वन परिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक-114 अल्दा बीट में दोनों तेंदुए के शव मिले हैं। रविवार को ग्रामीण मवेशी चराने के लिए जंगल गए तो उन्होंने शवों को

देखा। इसके बाद वन विभाग को सूचना दी गई। दो तेंदुए का शव मिलने की जानकारी पर हड़कंप मच गया। वन विभाग की टीम के साथ ही डीएफओ मयंक अग्रवाल भी मौके पर पहुंच गए। अफसरों ने वाइल्ड लाइफ एक्सपर्ट डॉक्टरों को भी बुला लिया। वहीं मौके पर ही दोनों तेंदुए के शवों का पोस्टमार्टम कराया गया। डीएफओ मयंक अग्रवाल ने बताया कि दोनों ही तेंदुए के सभी शारीरिक अंग मौजूद थे। इससे यह स्पष्ट होता है कि शिकारियों ने उन्हें नहीं मारा है। तेंदुए के शव भी पूरी तरह सड़ गल गए थे। ऐसे में उनकी मौत काफी समय पहले होने का अनुमान है। फिलहाल मौके पर ही पोस्टमार्टम कराकर वन विभाग की टीम ने उनका अंतिम संस्कार कर दिया है।

तीन पखवाड़े में किसानों से 43.74 लाख एमटी धान की खरीदी

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का आकड़ा अनुमानित लक्ष्य की ओर निरंतर बढ़ता जा रहा है। धान खरीदी महाअभियान के महज तीसरे पखवाड़े तक 43 लाख 73 हजार 591 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा चुका है, जिसके एवज में राज्य के 11 लाख 42 हजार 055 किसानों को 9057 करोड़ रूपए का भुगतान बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत किया गया है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष मुख्यमंत्री के मागदर्शन में धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग का कार्य सुचारू रूप से संपन्न हुआ था। किसानों को धान विक्रय में सहुलियत एवं मिलर्स के धान उठाव के लिए बारदाने की भी बेहतर व्यवस्था के कारण सफलतापूर्वक धान की खरीदी एंव कस्टम मिलिंग हुई थी। पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए निरंतर धान का उठाव जारी है। अब तक के धान खरीदी में से 50 प्रतिशत से अधिक धान का उठाव हो चुका है। राज्य सरकार द्वारा किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदने के लिए सामान्य टोकन के साथ ही ऑनलाइन टोकन जारी करने की व्यवस्था की गई है।

कलेक्टर ने जनचौपाल में मिले शिकायतों का निराकरण करने अधिकारियों को दिए निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने जन चौपाल के माध्यम से आम नागरिकों की विभिन्न शिकायत, मांग से संबंधित 30 से अधिक आवेदनों को सुना। कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को नियमानुसार समय पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। जन चौपाल में ग्राम भेरवा निवासी रामस्वरूप ने संयुक्त स्वामित्व के कृषि भूमि पर अपने हिस्से की धान बेचने के अनुमति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। इस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को विधि पूर्वक प्रकरण की जांच कर निराकरण करने के निर्देश दिए। महामाया मंदिर वार्ड की पार्षद सरिता वर्मा ने गली कांक्रीटीकरण के कार्य को यथा शीर्घ प्रारंभ करने, मंदिर हसौद की शांता कोसरिया ने पुस्तैनी जमीन को अपने नाम दर्ज किए जाने, महासमुंद्र की रूखमणी निर्मलकर ने कोटा रायपुर में धोखाधडी कर जमीन विक्रय करने वाले के ऊपर कार्यवाही करने, अमन कालोनी गोकुल नगर की अनुसुईया वर्मा ने वार्ड में रोड और नाली निर्माण करने, ग्राम घुसेरा निवासी मन्नु राम ने पीडब्ल्यूडी द्वारा निजी जमीन अधिग्रहित करने के बाद भी मुआवजा नही देने, कटोरा तालाब निवासी राजेश सहगल ने नजूल भूमि का नामांतरण करने, भनपुरी के सूर्यकान्त कटोटिया ने राशन कार्ड बनाने, डॉ राजेन्द्र प्रसाद वार्ड के गोविन्द मिश्रा ने शासकीय जमीन को कब्जा मुक्त करने एवं भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबन्ध लगाने, खुशी सिटी महावीर नगर के निवासियों ने रोड़ निर्माण करने, ग्राम कुरूं के समेलाल साहु ने राजस्व बन्दोबस्त सर्वेक्षण में हुई त्रृटि को सुधार करने। इसके साथ ही जन चौपाल में जमीन संबंधी विवाद, नामांतरण, अवैध कब्जा, आवास निर्माण, राशन कार्ड, आर्थिक अनुदान, भूमि पट्टा की मांग सहित अन्य प्रकरणों के आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने जन चौपाल में प्राप्त आवेदनों को समय-सीमा के भीतर निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

भव्य कलश यात्रा के साथ 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का होगा आयोजन

महासमुंद/नवप्रदेश। महासमुन्द में होने जा रहे 108 कुंडीय नव चेतना जागरण गायत्री महायज्ञ को लेकर जोरशोर से तैयारी की जा रही है। भव्य कलश यात्रा के साथ गायत्री महायज्ञ का आगाज होगा। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर की मौजूदगी में रविवार को गायत्री मंदिर में गायत्री परिवार के सदस्यों की हुई बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। सात से दस फरवरी 2023 तक महामसुंद में 108 कुंडीय नव चेतना जागरण गायत्री महायज्ञ का आयोजन होगा। इसके लिए संसदीय सचिव श्री चंद्राकर की उपस्थिति में गायत्री परिवार के सदस्यों की रविवार को गायत्री मंदिर महासमुंद में बैठक हुई। जिसमें कार्यक्रम को लेकर विचार-विमर्श करने के साथ ही कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई है। जिसके तहत भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। स्थल चयन के साथ ही स्थल में तैयारी को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। इसके अलावा विभिन्न कार्यों के लिए जिम्मेदारी भी तय की जा रही है। 108 कुंडीय नव चेतना जागरण गायत्री महायज्ञ में शांति कुंज केंद्रीय प्रतिनिधियों का आगमन होगा। आयोजन को भव्य तरीके से आयोजित करने हरसंभव तैयारी की जा रही है। बैठक में प्रमुख रूप से सेवनलाल चंद्राकर, दाउलाल चंद्राकर, प्रभात उपाध्याय, हीरा बंजारे, श्यामकुमार दुबे, ललित कुमार मेश्राम, शंकरलाल देवांगन, रिखीराम साहू, नरेंद्र कुमार नायक, वेदराम साहू, विश्राम साहू, राधे चंद्राकर, जगमोहन साहू, परस सिंह चौहान, रविकांत चंद्राकर, पूर्णिमा साहू, लता साहू, नरेश साहू, धनीराम, भूखन निषाद, गजानंद चंद्राकर, भारत साहू, मुकेश श्रीवास्तव, श्रीकांत नासरे, नीलाराम ठाकुर, बाबूराम साहू, आलोक शुक्ला आदि मौजूद रहे। शांतिकुंज से प्राप्त शक्ति कलश का कमरौद और मामा भांचा में भ्रमण कराया गया।

जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक कल

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। जिला पंचायत बलौदाबाजार- भाटापारा की सामान्य सभा की बैठक बैठक 14 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे से जिला पंचायत सभागार में रखी गयी है। उक्त बैठक कोविड 19 प्रोटोकॉल एवं सामाजिक दूरी के दिशा-निर्देश का पालन करतें हुए आयोजित की जा रहीं है। बैठक में वन विभाग, कृषि, धान खरीदी, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योलना, आदिम जाति कल्याण विभाग, उद्योग विभाग की प्रस्तावित नये उद्योग व रोजगार के संबंध में, 15वें वित्त के तहत वर्ष 2023-24 के कार्यो सहित जिला पंचायत अध्यक्ष की अनुमति से अन्य महत्वपूर्ण विषयों में चर्चा की जाएगी।